kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-343 ❒ रविवार, 12 जनवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक पार्टी राजद है, उसके वे चेयरमैन हैं, जिसे कंपनी में सीएमडी कहते हैं। इस तरह लालू यादव की पार्टी राजद पार्टी नहीं, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीएमडी लालू यादव हैं।
गिरिराज

प्रधानमंत्री के जम्मू-कश्मीर के दौरे से पहले गगनगीर और सोनमर्ग इलाकों में अभेद्य की गई सुरक्षा व्यवस्था 11

नागा और अघोरी साधुओं की जीवनशैली और साधना में होता है अंतर 12

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता एवं संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान एवं उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम जन्मभूमि परिसर के निकट अंगद टीले पर किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंहल को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत औसतन प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं का आगमन अयोध्या धाम में हो रहा है। आज अयोध्या जिस रूप में है, ● शेष पेज 11 पर



**वर्षगांठ**

- ❒ फूलों से सजा है दरबार मुख्यमंत्री योगी ने रामलला की उतारी आरती
- ❒ देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही
- ❒ अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान एवं उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है

## अयोध्या में प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का हुआ महाभिषेक




अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का अभिषेक और महाआरती का कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है। आज रामलला को दिल्ली से आई सोने-चांदी के तारों से कढ़ाई की गयी पीतांबरी को धारण कराया गया। भव्य शृंगार के बाद दोपहर 12:20 बजे भगवान की भव्य आरती हुई। इसके बाद भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रतिष्ठा द्वादशी पर शुरू हुआ यह उत्सव लगातार तीन दिन तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रामलला के उत्सव में शामिल हुए। वे महाआरती के बाद सीधे हेलीपैड से राम मंदिर पहुंच कर रामलला के उत्सव में सम्मिलित हुए। आदित्यनाथ ने रामलला के चरणों में शीश झुकाया व रामलला की उतारी आरती। ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश का ब्रांड ओडीओपी आज देश और दुनिया में मचा रहा धूम: योगी

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खादी महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन करते हुए कहा कि जिस प्रकार खादी स्वदेशी की पहचान बनी उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की विशिष्ट पहचान बन गई है। हर जिले का एक उत्पाद अब न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को उत्तर प्रदेश ने पूरे प्रदेश में सबसे प्रभावी ढंग से लागू किया है। उन्होंने कहा कि हर जिले के उत्पाद न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि हस्तशिल्प और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खादी महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन किया। लखनऊ के इंदिरा ● शेष पेज 11 पर

# अपनी क्षमता और आकांक्षाओं को विकसित भारत की यात्रा के साथ जोड़ें युवा : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युवाओं से अपनी क्षमता और आकांक्षाओं को 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा के साथ जोड़ने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में देश के युवा उत्साही मस्तिष्क निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपने प्रतिबद्धता और सोच भारत को दुनिया में नई पहचान दिलाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की ताकत उसके युवा मस्तिष्क के ज्ञान कौशल और दृढ़ संकल्प में निहित होती है। रक्षा मंत्री ने हर युग के अपने नायक होते हैं कहावत का हवाला देते हुए युवाओं को देश के भविष्य का नायक बताया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों से कहा कि युवाओं की सबसे बड़ी ताकत उनका आशावाद है जो उन्हें हर कठिनाई में अवसर देखने की शक्ति प्रदान करता है। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर देश के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला और कहा आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि भारत ने मजबूत सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है जो अपनी धरती पर अत्याधुनिक रक्षा उपकरण बना रहा है और दूसरे देशों को निर्यात भी कर रहा है। ● शेष पेज 11 पर

# संस्थाओं का कमजोर होना पूरे राष्ट्र के लिए नुकसानदेह : धनखड़

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को बुद्धिजीवियों की गुटबाजी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी संस्था का कमजोर होना राष्ट्रीय हित में नहीं है। श्री धनखड़ ने कर्नाटक के बेंगलुरु में सभी राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस समय देश की राजनीति बहुत विभाजनकारी है। राजनीतिक संगठनों में उच्च स्तर पर बातचीत नहीं हो रही है। राजनीतिक विभाजनए खराब राजनीतिक माहौल जलवायु परिवर्तन के उन प्रभावों से कहीं ज्यादा खतरनाक है जिनका हम सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में सामंजस्य केवल एक इच्छा नहीं हैए बल्कि एक वांछनीय पहलू है। सामंजस्य अनिवार्य है। अगर राजनीति में सामंजस्य नहीं है अगर राजनीति विभाजनकारी है कोई संचार चैनल काम नहीं कर रहा है तो यह राष्ट्र के लिए बहुत नुकसानदेह है। श्री धनखड़ ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

## केरल में नाबालिग का चार साल में 64 लोगों ने किया यौन शोषण, एनसीडब्ल्यू ने मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली । केरल के पथानामथिट्टा जिले में एक नाबालिग का चार साल में 64 लोगों द्वारा यौन शोषण किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित लड़की ने थाने में बताया कि पिछले चार साल से उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया जा रहा है। अब तक 64 लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इस मीडिया रिपोर्ट पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए इसकी निंदा की है। शनिवार को आयोग ने ट्वीट करके कहा कि अध्यक्ष विजया राहटकर के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने को कहा है। इसके साथ मामले के सभी आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच और पीड़िता को चिकित्सा ● शेष पेज 11 पर

**संक्षेप**

## आरपीआई (अठावले) ने 15 उम्मीदवारों की सूची जारी की, केजरीवाल के खिलाफ शुभी सक्सेना को उतारा

नई दिल्ली। रामदास अठाले की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 15 उम्मीदवारों की सूची जारी की। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) एनडीए की सहयोगी पार्टी है। रामदास अठावले ने नई दिल्ली से केजरीवाल के खिलाफ शुभी सक्सेना को टिकट दिया है। सुल्तानपुर माजरा (एससी) से लक्ष्मी, कोंडली (एससी) से आशा कांबले, तिमारपुर से दीपक चावला, पालम से वीरेंद्र तिवारी, नई दिल्ली से शुभी सक्सेना, पटपड़गंज से रणजीत, लक्ष्मी नगर से विजय पाल सिंह, नरेला से कन्हैया, संगम विहार से तजिंदर सिंह, सदर बाजार से मनीषा, मालवीय नगर से राम नरेश निशाद, तुगलकाबाद से मंजूर अली, बदरपुर से हर्षित त्यागी, चांदनी चौक से सचिन गुप्ता और मटिया महल से मनोज कश्यप को टिकट मिला है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा, ''अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल में घोटाले हुए हैं। अब जो कैग की रिपोर्ट आई है, उससे भी पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल की सरकार भ्रष्ट थी, इसलिए अरविंद केजरीवाल को हटाएं और भाजपा को सत्ता में लाएं, ये हमारी मांग है। हम 15-20 सीटों पर चुनाव जरूर लड़ रहे हैं लेकिन भाजपा को कोई नुकसान नहीं हो, मेरी पार्टी एनडीए में है, हम भाजपा, एनडीए का समर्थन करते हैं। हमारी भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि यहां भाजपा की सरकार आए।

## मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की: रामनाथ कोविन्द

नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने शनिवार को कहा कि भाषा संस्कृति की वाहक होती है और संस्कृति की विरासत को सुलभता से पहुंचाने के लिए मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद और वैश्विक हिन्दी परिवार के सहयोग से कला केन्द्र के प्रांगण में तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़: बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ का प्रधान आरक्षक घायल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**आईईडी ब्लास्ट**

- ❒ नारायणपुर में 4 आईईडी बरामद

बीजापुर/नारायणपुर /रायपुर । बीजापुर जिले में शनिवार की सुबह माओवादियों की तरफ से लगाए गए आईईडी के ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ का प्रधान आरक्षक घायल हो गया। घायल जवान राकेश कुलूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजापुर पुलिस थाना की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक आज सुबह सीआरपीएफ 196 वाहिनी महादेव घाट से केरिपु बल की टीम सुबह एरिया डॉमिनेशन पर जंगल की ओर निकली हुई थी। एरिया डॉमिनेशन के दौरान माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ का प्रधान आरक्षक राकेश कुलूर को चोट आई है।घायल जवान को जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती किया गया है। वहीं, नारायणपुर पुलिस द्वारा आज जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कच्चापाल-तोके मार्ग पर जंगल में डीआरजी, बीएसएफ एवं बीडीएस टीम की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को 4 आईईडी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार ने आज बताया कि आईईडी विस्फोट की घटना से हो रहे नुकसान को देखते हुए क्षेत्र में आईईडी की तलाश के लिए बीडीएस टीम को अगल-अलग क्षेत्रों में भेजा जा रहा है और नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आईईडी को बरामद कराया जा रहा। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला नारायणपुर क्षेत्रान्तर्गत कैम्प कच्चापाल से डीआरजी, बीएसएफ एवं बीडीएस के संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन पर कच्चापाल-तोके मार्ग एवं आसपास क्षेत्र की ओर ● शेष पेज 11 पर

## भाजपा ने आआपा पर बांग्लादेशी घुपैठियों के फर्जी आईडी कार्ड बनवाने का लगाया आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटर आईडी कार्ड को लेकर राजनीतिक दलों के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने जहां भाजपा पर यूपी-बिहार के लोगों के फर्जी वोटर बना कर बड़े पैमाने पर हेराफ़ेरी का आरोप लगाया है वहीं भाजपा ने आआपा पर बांग्लादेशी घुपैठियों के फर्जी आईडी कार्ड बनवाने का आरोप लगाया है। भाजपा मुख्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि शराब और स्वास्थ्य घोटाले के बाद आम आदमी पार्टी का एक नया और खतरनाक चलन सामने आ रहा है। फर्जी वोटों से जुड़ी जांच में पता चला है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी वोटर आईडी बनाने का अभियान और साजिश चल रही थी। इस संबंध में आआपा के दो विधायकों के हस्ताक्षर और मोहर वाले फॉर्म सामने आए हैं। ये विधायक मोहिंदर गोयल और जय भगवान उपकार हैं। इससे साफ पता चलता है कि वे क्यों अराजकता फैला रहे थे और उनके पीछे क्या छिपा मकसद था। यह स्पष्ट है कि देश विरोधी ताकतें, जो कई आतंकी ● शेष पेज 11 पर

# मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ केंद्र और राज्यों को रुथलेस अप्रोच के साथ कार्रवाई करनी होगी : शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**कार्रवाई**

- ❒ 2024 में 16,914 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त कर एनसीबी और देशभर की पुलिस ने नशे के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई की

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकारों को संयुक्त होकर 'रुथलेस अप्रोच' के साथ कार्रवाई करनी होगी।

गृह मंत्री ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर हम भारत को दुनिया में प्रथम बनाना चाहते हैं, तो यह नशा मुक्त भारत के बिना संभव नहीं है। शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की सात प्रतिशत आबादी नशे की लत में है। अगर हम अभी नहीं चेते तो दस साल में बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केंद्र और राज्य सरकारों को एकजुट मंच पर सामूहिक रूप से लड़नी होगी। उन्होंने कहा, ìकोई भी देश नशे से ग्रसित युवा पीढ़ी के साथ विकास के मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकता। हमारी जिम्मेदारी है कि हम सभी मिलकर इस चुनौती से लड़ें और इस लड़ाई को जीतने के लिए संपूर्ण प्रयास करें।î

नशीले पदार्थों के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए शाह ने

भाजपा का घोषणा पत्र 'आप-दा' के घोषणा पत्र जैसा नहीं, हम जो कहते हैं वो करते हैं: अमित शाह


नई दिल्ली, 11 जनवरी (हि.स.)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को पार्टी के 'झुग्गी बस्तीवासी' सम्मेलन में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर बरसे। शाह ने कहा कि भाजपा ने झुग्गी वासियों के दर्द, असुविधा और वादे तोड़ने के खिलाफ गुस्से को सुना है। इन सभी समस्याओं की एक सूची बनाकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी गई है। हमारा घोषणा पत्र आपको आपकी सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाएगा। भाजपा का घोषणा पत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। भाजपा का घोषणा पत्र 'आप-दा' के घोषणा पत्र जैसा नहीं है, हम जो कहते हैं वो करते हैं। भाजपा एक-एक झुग्गी वालों को पक्का मकान देगी, ये मोदी की गारंटी है।

अमित शाह ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में कहा कि ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी

# अयोध्या का रामलला मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**उपलब्धि**

- ❒ मोदी ने कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और आध्यात्म की महान धरोहर है।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और आध्यात्म की महान धरोहर है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिए अपने भाषण का एक वीडियो साझा किया। इसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि ये (22 जनवरी 2024) कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, ये एक नए कालचक्र का उद्गम है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए। सर्वे भवन्तु सुखिनः ये संकल्प हम सदियों से दोहराते आ रहे हैं। उसी संकल्प को राम मंदिर के रूप में साक्षात आकार मिला है। ये मंदिर ● शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री 13 जनवरी को प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना 'जेड-मोड़' सुरंग का करेंगे उद्घाटन

गांदरबल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और सोनमर्ग के दर्शनीय हिल स्टेशन को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना 'जेड-मोड़' सुरंग का उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी दो लेन वाली सड़क सुरंग 'जेड-मोड़', ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली-एनसीआर में बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठंड

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**मौसम**

- ❒ उत्तर भारत में दो दिनों तक घने कोहरे की चेतावनी

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को हल्की बारिश होने के कारण ठंढ बढ़ गई है। दिल्ली के कई इलाकों में रिमझिम बारिश देखने को मिली है। गुरुग्राम में भी बारिश की हल्की बौछारें देखने को मिली हैं। मौसम विभाग ने रविवार के लिए भी कुछ इसी तरह के मौसम रहने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई इलाकों में बारिश का दौर 12 जनवरी को भी जारी रह सकता है। इसके साथ मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार इन दो दिनों तक सुबह और शाम के वक्त घना कोहरा भी छाया रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, ओडिशा और नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में रात एवं सुबह के समय घना कोहरा छा सकता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि और आसमानी बिजली गिरने की आशंका है। पूर्वी ● शेष पेज 11 पर

# मेजा ऊर्ज़ा निगम द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र के समापन समारोह का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । शनिवार को मेजा ऊर्ज़ा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र 2024-25 के समापन समारोह का आयोजन सेंट जोसफ स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मेजा ऊर्ज़ा निगम के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ और उन्होने इस मौके पर सभी को शुभकामनायें दी और बालिकाओं को पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम में स्वागत सम्बोधन विभागाध्यक्ष मानव संसाधन विवेक चंद्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), मनोज कुमार वर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मेजा ऊर्ज़ा निगम के वरिष्ठ अधिकारिगण, अपराजिता महिला समाज की पदाधिकारी, क्क्ख्र की बालिकाएँ एवं उनके अभिभावकगण मौजूद थे । इस कार्यक्रम में क्क्ख्र की बालिकाओ द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा सभी बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया । इस एक सप्ताह की कार्यशाला का लक्ष्य बालिकाओं के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को उभार कर आत्मविश्वास बढ़ाना एवं सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। मेजा ऊर्ज़ा निगम ने 2019 में बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू किया जो भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल से प्रेरित है। मेजा ऊर्ज़ा निगम द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य लड़कियों को अधिक अवसर प्रदान कर लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। इस अभियान के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूक किया जाता है। मेजा ऊर्ज़ा निगम में बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत हर वर्ष परियोजना प्रभावित ग्रामों के 40 बालिकाओं को ग्रीष्मकालीन आवासीय कार्यशाला के अंतर्गत 01 महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरांत चार लड़कियों का चयन किया जाता है और उन्हे मेजा ऊर्ज़ा निगम के स्कूल में बच्चों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतरीन शिक्षा मुफ्त में दी जाती है। वर्ष 2019, 2022, 2023 एवं 2024 द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के द्वारा चयनित 15 छात्राएँ आज मेजा ऊर्ज़ा निगम के टाउनशिप के सेंट जोसफ स्कूल में पढ़ रही है।

# सुकृत अस्पताल द्वारा निःशुल्क कंबल वितरण एवं मेडिकल कैंप का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव प्रयागराज । सुकृत अस्पताल, कोरांव ने ग्राम राजापुर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में क्षेत्र की प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ. सोनी कुशवाहा ख्रउउट्ट ख्रट्ट ने लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। ठंड से बचाने के लिए शिविर में जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल भी वितरित किया गया सुकृत अस्पताल के संचालक, डॉ. आरके कुशवाहा ने बताया कि इस तरह के मेडिकल कैंप लगाकर लगभग 1000 कंबल वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा, ''जरूरतमंद गरीब लोगों को कंबल वितरण करना बेहद पूण्य का काम है। डॉ. सोनी कुशवाहा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें आत्मिक सुख मिलता है। उन्होंने कहा, ''ठंड के मौसम में लोगों का घर से बाहर निकलना, विशेषकर बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए बेहद मुश्किल होता है। ऐसे समय में हम लोग गांव-गांव जाकर मेडिकल कैंप लगाकर उनके घरों तक सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क है। सुकृत अस्पताल का यह प्रयास सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होता है बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक माहौल का निर्माण होता है।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर: प्रतिष्ठा द्वादशी पर सोने-चांदी के तारों से सजे वस्त्रों में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं श्रीरामलला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अयोध्या । श्रीराम जन्मभूमि के भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आज रामलला को प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन सोने-चांदी के तारों से सजे वस्त्रों को पहनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का आगाज और रामलला का अभिषेक करेंगे। सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन व अभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधिविधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत, सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक-पूजन के बाद ठीक 12:20 बजे रामलला की महाआरती होगी आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने के लिए अंगद टीला स्थल पर आमंत्रित किया गया है। यहां एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी होगी। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा, जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन, अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं। परिसर के अंदर यज्ञ स्थल पर सजावट और उत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मंडप और यज्ञशाला इन उत्सवों के प्रमुख स्थल होंगे। आम लोगों के लिए राम मंदिर समारोह का हिस्सा बनने का यह दुर्लभ अवसर है।

# समाजसेवी ने जरूरत मंद लोगो को वितरण किया कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव प्रयागराज । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत बढ़वारी कला आदिवासी, कुशवाहा बस्ती में लगभग डेढ़ सौ कंबल वितरण कर कंबल वितरण का शुरुआत किया गया कार्यक्रम मे आयोजक मुख्य अतिथि चर्चित समाजसेवी सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी द्वारा ग्रामीणों के साथ वितरण किया गया पयासी ने बताया की हर साल की तरह इस साल भी मेरे द्वारा एक सहयोग की भावना से छोटा सा प्रयास किया जाता है उसी क्रम में किया गया है मुझे गरीबो की इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल वितरण से मुझे खुशी मिलती हैं और इस कार्यक्रम से मुझे बड़े बुजुर्गों का स्नेह आशिर्वाद मिलता है । कंबल वितरण कार्यक्रम को मैं नर सेवा को ही नारायण सेवा के रूप मे मैं देखता हूं मैं मानता हूं की यही सबसे बड़ी पूजा और सबसे बड़ी सेवा है मैंने आज से कंबल वितरण की शुरुआत किया है जिसमे सैकड़ों महिलाओ और पुरुषों को वितरण किया गया ये अब एक हफ्ते लगभग कंबल का वितरण मेरे द्वारा कराया जाएगा मेरा ये कंबल वितरण लोगों के बीच पहुंचने का माध्यम है और लोगों से मुलाकात का माध्यम है मेरा ये प्रयास है आप सभी का सहयोग मिलता रहे तो मैं जीवन पर्यंत इस कंबल वितरण समारोह कार्यक्रम को करता रहूँगा उक्त कार्यक्रम का संचालन विपिन मिश्रा ने किया अध्यक्षता नंद किशोर कुशवाहा ने किया देवी प्रसाद मिश्रा, सुरेश तिवारी, मिथिलेश कुशवाहा,जगतधारी कोल, मनोज कुशवाहा,भूपति कोल, कृष्णा कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे ।

# ठंड, बिना चारा पानी सें हुई मौत आखिर कौन है जिम्मेदार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज )। विकास खंड कोरांव के नीबी मरहला छेदी लाल बिन्द घर के पास एक अच्छा खाशा स्वथ्य बैल की ठंड व बिना चारा पानी भूसा सें मौत हो गया इस मौत सें साथ मे रह रहे अन्य बेजुबान गाय, बैल आसपास घेरे खडे है आसपास के लोगो ने बताया की काफी संख्या मे नीबी मरहला मे गाय,बैल, बछडा काफी संख्या मे सड़को पर खुले आसमान के निचे रहते है इनके लिए कोई ब्यवस्था किसी के द्वारा नहीँ कराया जाता जिसके कारण आयेदिन दुर्घटना सें घायल होने के साथ साथ मौत भी होता रहता है साथ ही राहगीर भी चोटहिल होते है लेकीन किसी सरकारी विभाग द्वारा इन बेजुबानो पर ध्यान देकर कोई समुचित ब्यवस्था नहीँ कराया जाता

# महिलाओं-बालिकाओं को जागरूक किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा । इटावा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ह्लमिशन शक्ति फ़ेज-5ङ्क के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिग करस्पाण्डेण्ट सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित *विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन ऽ मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन 181,साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पम्पलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## इटावा में इंजीनियर का घर के अंदर बंद कमरे में जला मिला शव



इटावा कैनविज टाइम्स संवाददाता। इटावा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रगति विहार कॉलोनी में इंजीनियर राघवेंद्र यादव का उनके घर में जली हुई हालत में शव मिला! दिल्ली में जिंदल लिमिटेड कंपनी में इंजीनियर थे राघवेंद्र यादव चार दिन पहले ही दिल्ली से छुट्टी पर घर आए थे पड़ोसियों ने घर से धुआं उठता देख घर में ही मौजूद पत्नी को दी जानकारी पत्नी ने एक रिश्तेदार युवती पर हत्या का शक जताया पत्नी किरण यादव बोली पति से मिलने एक युवती आई थी मौके पर पहुंचे एसपी सिटी सीओ सिटी फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

## शिविर लगाकर विद्युत बकायदाओं से वसूले पांच लाख



(कानपुर देहात) कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत उपखंड डेरापुर में एसडीओ वैशाली के नेतृत्व में शनिवार को विद्युत कैंप का आयोजन किया गया इस शिविर में विद्युत बकायेदारों की सुबह से ही भीड़ लगी रही बकायदारों से करीब पांच लाख रुपए बकाया बिल जमा कराया गया अन्य विद्युत बकायदाओं को एक मुफ्त समाधान में पंजीकरण कराने की सलाह दी गई इस मौके पर एसडीओ वैशाली, डेरापुर जेई तपस रंजन के साथ अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे ।

## जसवंतनगर थाने मे हुआ थाना दिवस का आयोजन

इटावा /जसवंतनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार दिलीप कुमार और सीओ नागेंद्र चौबे ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण कराया। इस दौरान कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसीलदार दिलीप कुमार ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण करें। सीओ नागेंद्र चौबे ने निर्देश दिए कि गांव में अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर शांतिभंग में पाबंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाए। इस मौके पर नायब तहसीलदार नेहा सचान, थाना प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह मिश्रा, उपनिरीक्षक और कस्बा इंचार्ज राजकुमार सिंह और लेखपाल आदि मौजूद रहे। शेष तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

## केंद्रीय मंत्रीएसपी सिंह बघेल ने इटावा का किया सघन दौरा

इटावा कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार के केंद्रीय मतस्य ,पशुपालन, डेरी ,पंचायती राज्य मंत्री / आगरा सांसद प्रो0 एसपी सिंह बघेल ने आज इटावा जनपद में सघन दौरा किया,। केंद्रीय राज्य मंत्री दोपहर तकरीबन 1 बजे इटावा जनपद की सीमा पहुंचे जहां मौजूद पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा ने रिसीव कर , बुके देकर, उनका भव्य स्वागत किया । केंद्रीय मंत्री सीधे, राजा सुमेर सिंह किला वीवीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचे , जहां मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य एवम अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की । इसके बाद किले पर ही, एसपी बघेल ने इटावा जिले के डीएम अविनाश राय, एडीएम सहित संबधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और जनपद के विकास कार्यों , सरकार की योजनाओं के बारे में बैठक कर उचित निर्देश दिए ।
तत्पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल जी और उनकी धर्मपत्नी मधु बघेल जी ने भी इटावा सफारी पार्क का दौरा किया। उन्होंने यहाँ चल रहे संरक्षण कार्यों और प्रजनन कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की और उनके प्रयासों की सराहना की। यह दौरा बब्बर शेरों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री ने लायन सफारी के अधिकारियों को कई विषयों पर प्रमुखता से निर्देशित किया ।
केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल के जनपद इटावा के इस दौरे के दौरान प्रमुखता से साथ रहे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा के साथ लायन सफारी का विजिट करते हुए , उनसे तमाम मुद्दों को लेकर सीधा जानकारी देने को कहा एवम जिले की कई प्रमुख समस्याओं पर भी चर्चा की ।
इटावा लाइन सफारी विजिट, के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री की पत्नी मधु बघेल के साथ उनकी मित्र टीम की आगरा लोकसभा की समाजसेवी और कई सामाजिक संगठनों से जुड़ी तक़रीबन 25 सूत्रीय महिला दल ने विजिट कर भाजपा सरकार की सराहना की एवम सफारी के अधिकारियों को बधाई दी ।

# डीएम व एसपी ने थाना सिधौली में सुनी जन शिकायतें

## मेडबंदी के बाद मेड तोड़ने वालों के विरुद्ध दर्ज कराई जाए एफआइआर: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शनिवार को थाना सिंधौली में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जनशिकायते सुनी। डीएम ने प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को संवेदनशील होकर निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई के दौरान सभी क्षेत्रीय संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पैमाईश मेड़बंदी की शिकायत किसी भी दशा में मुख्यालय जिलाधिकारी कार्यालय तक नहीं आनी चाहिए। पैमाईश मेड़बंदी की शिकायतों का गंभीरता से समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए है कि मेड़बंदी के बाद यदि कोई मेड़ तोड़ता है तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कुर्रा दाखिल, पैमाईश, मेड़बंदी आदि प्रकरणों में किसी कर्मचारी द्वारा पैसा लेने की शिकायत आती है तो उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्रीकरण को लेकर जिला अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में एक सीएससी को अटैच किया जाए और पंचायत सहायक तथा ग्राम प्रधान लोगों को इकट्ठा कर अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्रीकरण कराएं। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवादों की शिकायतों को पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। पुलिस अधिक्षक ने गत थाना समाधान दिवस की निस्तारित शिकायतों की भी समीक्षा की एवं शिकायत रजिस्टर भी देखा। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर 4-नंबर, मलखाना रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, एनसीआर, आइजीआरएस एवं त्योहार रजिस्टर को देखा। उन्होने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंदर मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुर्नावृत्ति न होने पाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदीगृह, मलखान, कार्यालय सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी संजय पाण्डेय, सीओ निष्ठा उपाध्याय, नायब तहसीलदार सगीर अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संभल दंगे के साथ ही दीनदयाल उपाध्याय की हत्या की भी जाँच करा ले योगी सरकार : शाहनवाज़ आलम

❒ जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष बलराज मधोक ने दीनदयाल हत्याकांड में अटल बिहारी वाजपेयी पर उठाए थे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने योगी सरकार द्वारा 1978 में संभल में हुए दंगे की जाँच कराने के निर्देश पर कहा है कि योगी सरकार को इसी के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 1968 में मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर हुई हत्या की भी जाँच करा लेनी चाहिए। लखनऊ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में शाहनवाज़ आलम ने कहा कि भाजपा दीनदयाल उपाध्याय की 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर संदेहास्पद स्थिति में हुई हत्या की कभी जांच की मांग नहीं करती क्योंकि उसे लगता है कि इसमें भाजपा के पूर्व अवतार जनसंघ के नेताओं की ही भूमिका सामने आ सकती है।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष बलराज मधोक ने अपनी पुस्तक 'जिंदगी का सफर' के तीसरे खंड में दीनदयाल हत्या कांड के संदर्भ में रहस्योद्घाटन किया था कि उन्हें अपने सूत्रों से पता चला था कि हत्या में जनसंघ के ही कुछ वरिष्ठ नेता शामिल थे और ये पार्टी पर नियंत्रण के लिए चल रहे आंतरिक संघर्ष का नतीजा था। पुस्तक में मधोक ने यह भी रहस्योद्घाटन किया था कि तत्कालीन सरकार द्वारा इस हत्या कांड की जारी जांच को अटल बिहारी बाजपेयी और नाना जी देशमुख ने बाधित किया और उसे ठंडे दिमाग से किए गए हत्या के बजाए एक दुखद दुर्घटना के बतौर प्रचारित किया।

मधोक ने अपने दावे के समर्थन में इस तथ्य को भी पुस्तक में दर्ज किया था कि 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी तब सुब्रह्मणयम स्वामी ने तत्कालीन गृहमंत्री चौधरी चरण सिंह से दोबारा जांच की मांग की, लेकिन जनसंघ के मंत्रियों अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ने इस प्रयास को बाधित कर दिया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या द्वारा प्रयागराज में दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा एक साथ लगाने पर शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यह दुनिया की ऐसी पहली घटना होगी जिसमें मारे गए व्यक्ति और उसकी हत्या के संदिग्ध व्यक्ति की मूर्ति एक साथ लगी हो। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अगर भाजपा सरकार सच में दीनदयाल उपाध्याय को श्रधांजलि देना चाहती तो बलराज मधोक की पुस्तक में दर्ज तथ्यों के आधार पर उनकी हत्या की जाँच के लिए आयोग गठित करती।

# एलडीए ने बेची 450 करोड़ रूपये की सम्पत्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने इस बार के ई-ऑक्शन में 450 करोड़ रूपये से अधिक कीमत की सम्पत्ति बेची है। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कराये गये इस ई-ऑक्शन में निवेशकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नतीजा यह रहा कि ई-नीलामी में आरक्षित दर से तीन गुना अधिक कीमत तक बोली लगी और आवासीय/व्यावसायिक भूखण्डों के साथ ही ग्रुप हाउसिंग, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, मिश्रित भू-उपयोग व फाइन डाइन के भूखण्ड भी बिके। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ई-ऑक्शन में लगायी गयी आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया गया, जिससे अधिक संख्या में लोगों को सम्पत्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकी। इसके अलावा सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को अभियंताओं व कर्मचारियों द्वारा साइट विजिट भी करवायी गयी, जिसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र निर्गत कर दिये जाएंगे।

इसके साथ ही आवंटियों द्वारा इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लाये जाएंगे, उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की समस्त कार्यवाही को सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत निष्पादित कराया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचने के लिए 11 नवम्बर, 2024 से 3 जनवरी, 2025 के बीच पंजीकरण खोला गया था। इसमें पंजीकरण कराने वाले लोगों के मध्य 7 जनवरी, 2024 को ई-ऑक्शन कराया गया। ई-नीलामी में कुल 325 सम्पत्तियां लगायी गयी थीं, जिनमें से 59 सम्पत्तियों की बिक्री हुयी। उन्होंने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 के आवासीय भूखण्डों पर जमकर बोली लगी और 1.33 करोड़ रूपये का भूखण्ड 4.48 करोड़ रूपये में बिका। वहीं अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि पिछले बार के ई-ऑक्शन में बसन्तकुंज योजना में स्कूल के लिए आरक्षित भूखण्ड आरक्षित दर से अधिक कीमत में बिका था। इस बार के ई-ऑक्शन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने ग्रुप हाउसिंग का भूखण्ड लगभग 100 करोड़ रूपये में बिका है। ग्रुप हाउसिंग का भूखण्ड बिकने से योजना में बड़ी संख्या में आवासीय यूनिट बनेंगे और लोगों को इसका बड़ा फायदा मिलेगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि सीबीडी योजना में फाइन डाइन का 11 करोड़ रूपये कीमत का भूखण्ड 15 करोड 35 लाख रूपये में बिका। एक को छोड़कर फाइन डाइन के सभी भूखण्ड बिक गये हैं। उन्होंने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 एवं सेक्टर-4 में 6 व्यावसायिक भूखण्ड आरक्षित दर से 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी में बिके हैं।

# श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर राम जानकी मंदिर में किया गया दीपदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का 1 वर्ष पूरा होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम हर्षोल्लास के साथ श्री रामलला की प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ मनाई गई। मोहनलालगंज कस्बा स्थित कालेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर धूमधाम से दीपोत्सव का आयोजन किया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम में मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में चारों तरफ हजारों दीपक जलाकर भक्ति भाव से भजन पूजन कर श्री रामलला की धूमधाम से प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ मनाई गई। मोहनलालगंज कस्बा स्थित पौराणिक काले वीर बाबा मंदिर प्रांगण में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर के पुजारी एवं कमेटी के सदस्यों सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से राम नगरी अयोध्या में हुए श्री रामलला की प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर एकत्रित होकर ठाकुरद्वारा मंदिर में विराजमान श्री राम जानकी मंदिर में हवन पूजन भजन कीर्तन कर हर्षोल्लास के साथ शनिवार की संध्या में हजारों दीपक जलाकर जय श्री राम, बालाजी महाराज की जय, कालेवीर बाबा की जय, शनि देव महाराज की जय का उद्घोष किया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम में ठाकुरद्वारा मंदिर के पुजारी शिवम दीक्षित ने बताया कि श्री राम नगरी अयोध्या में श्री रामलला 22 जनवरी 2024 को विराजमान हुए थे उस वर्ष के मुहूर्त के अनुसार इस वर्ष द्वादशी उत्सव 11 जनवरी को धूमधाम से मनाई जा रही है। दीपोत्सव कार्यक्रम में कालेश्वर बाबा मंदिर के प्रबंधक विमल मिश्रा ठाकुरद्वारा मंदिर के प्रबंधक राजकुमार अवस्थी, राजेश सिंह भंडारी,पुजारी विजय कुमार दीक्षित, शिवम दिक्षित जी महाराज, धीरेंद्र सिंह, विमल मिश्रा, अतुल पांडे, शिशिर मोहन मिश्रा, अमर सिंह, मान सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे ।

# विश्वास हास्पिटल प्रबंधन पर महिला का गलत इलाज करने का लगा आरोप,काटा हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बख्शी का तालाब सीतापुर मार्ग स्थित विश्वास हास्पिटल प्रबंधन पर मृतक महिला आशा देवी के परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाकर हंगामा किया,मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाया व तहरीर देने की बात कही।जानकारी के अनुसार विकासखंड बख्शी का तालाब अंर्तगत नगर चौगवां मजरा खेरिया की रहने वाली महिला आशा देवी उम्र 26 वर्ष रक्त चढवाने के उद्देश्य से आठ जनवरी को विश्वास हास्पिटल पहुंची जहा उसी रात में महिला की हालत बिगड़ने पर अस्पताल संचालक ने एंबुलेंस से महिला को मेडिकल कॉलेज लेकर गए,जहां पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।वही परिजन मृतक महिला का अंतिम संस्कार करने के बाद अस्पताल पहुंचे व ग़लत इलाज करने का आरोप लगाकर अपने रुपए वापस मांगे।अस्पताल संचालक ने पहले परिजनों को समझाया बात नहीं बनने पर पुलिस को मौके पर बुलाया।पुलिस ने परिजनों को जांच हेतु तहरीर देने की बात कही।जिसके बाद मृतक महिला के परिजनों ने बीकेटी थाना प्रभारी को लिखित तहरीर देकर अस्पताल प्रबंधन पर कठोर कार्यवाही की मांग किया।वही थाना प्रभारी बीकेटी ने भी मृतक महिला के परिजनों को मामले की जांचकर नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।




क्या बोले चिकित्सा अधीक्षक:इस विषय पर बात करने पर चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी बीकेटी डॉ जेपी सिंह ने कहा कि अस्पताल का निरीक्षण किया गया है,अस्पताल पंजीकृत है सोमवार को अस्पताल प्रबंधक को समस्त कागजों के साथ कार्यालय बुलाया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

क्या बोले अस्पताल संचालक: इस विषय पर बात करने पर अस्पताल संचालक ने कहा कि मरीज के इलाज में कोई कोताही नहीं बरती गई है।परिजनों के आरोप बेबुनियाद हैं।हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रबंधन अपने खर्चे पर एंबुलेंस लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा व एंबुलेंस का खर्च खुद वहन किया है।

## सिर पर कुल्हाड़ी से वार करने का नशेड़ी पर आरोप, मुकदमा दर्ज

**नगराम,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीते शुक्रवार शाम क्षेत्र के एक गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक ने गांव के युवक से मार–पीट कर दी, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम के अब्बास नगर निवासी सुधीर कुमार ने गांव के ही धर्म पाल पर मामला दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे धर्म पाल शराब के नशे में उसको मारा–पीटा है, बीच–बचाव में आई मेरी मां रामकली को भी मारा है। सुधीर ने विपक्षी धर्मपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो, धर्मपाल ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया , और जान से मारने की धमकी दी है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि सुधीर की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है, जांच की जा रही है।

## जलकल कर्मियों द्वारा खोदे गए गड्ढे से हो रहे हादसे



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुराने लखनऊ में जलकल विभाग की लापरवाही एक बार फिर देखने को मिली है। यहाँ नगर निगम जोन 6 के कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के अंतर्गत आने वाली गली मीर माता में जलकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा पानी की पाइपलाइन रिपेयर करने के लिए बीच सड़क पर गड्ढा खोदा गया था। स्थानीय लोगों का कहना है की कर्मचारियों द्वारा पाईपलाइन की रिपेयरिंग तो की नहीं गयी उल्टा 5 दिन हो चुके हैं कर्मचारी गढ्ढा खुदा हुआ छोड़कर चले गए हैं और आज तक लौट कर नहीं आये। लोगों का कहना है की जलकल कर्मियों की इस लापरवाही के कारण इस संकरी गली में गड्ढे की चपेट में आ कर कई बच्चे और राहगीर गिर कर घायल हो चुके है।

## इटौंजा में कार की टक्कर से घायल चौकीदार की ईलाज के दौरान मौत



**बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थानांतर्गत धरमपुर गांव के सामने सीतापुर हाईवे पर शुक्रवार शाम को एक चार पहिया वाहन ने रोड़ पार कर रहे चौकीदार को टक्कर मार दिया था,जिससे चौकीदार घायल हो गया था वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल ईलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया जहां देर रात उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थानांतर्गत बरगदी कलां पात पुरवा निवासी बृजेंद्र कुमार रावत(74)पुत्र स्व.द्वारिका प्रसाद इटौंजा थाना पर चौकीदार था,वह इटौंजा थाना से ड्यूटी कर वापस अपने घर पात पुरवा बरगदी कलां के लिए निकला था,वह धरमपुर गांव के सामने सीतापुर रोड़ पार कर रहा तभी सीतापुर की तरफ़ से आ रही तेज़ रफ़्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने बृजेंद्र को जोरदार टक्कर मार दिया और मौक़े से कार लेकर कार चालक फरार हो गया,वही घायल युवक दर्द से तड़पता रहा,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल ईलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया था जहां देर रात ईलाज के दौरान वृद्ध युवक की मौत हो गई।वही चौकीदार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## शाहजहांपुर में चाइनीज मांझे का कहर: सिपाही की गर्दन कटी, मौके पर हुई मौत

**शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** में एक दर्दनाक घटना में चाइनीज मांझे से कटकर एक सिपाही की मौत हो गई। घटना चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज में हुई। मृतक सिपाही शाहरुख हसन रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात थे। वह अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी रास्ते में चाइनीज मांझे से उनकी गर्दन कट गई। खून से उनकी बाइक और सड़क लाल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने सिपाही को चंद कदम की दूरी पर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिपाही शाहरुख हसन अमरोहा के रहने वाले थे। हादसे में सिपाही की मौत की सूचना पाकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश एस के साथ तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने बताया कि वे इस मामले में आगे की जांच कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी विवेकानन्द यूथ वेलफ़ेयर सोसाइटी एवं उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मन्दिर में स्वामी विवेकानन्द यूथ वेलफ़ेयर सोसाइटी एवं उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, निदेशक राज बहादुर, सोसाइटी अध्यक्ष अनुराग साहू, कार्यक्रम समन्वयक अरविन्द नारायण मिश्रा, मुख्य वक्ता आध्यात्मिक गुरु प्रोफ़ेसर पवन सिन्हा, वरिष्ठ पंजाबी विद्वान स0 दविंदर पाल सिंह बग्गा, स0 नरेंद्र सिंह मोंगा, पंजाबी विदुषी मेजर डॉ0 मनमीत कौर सोढी व रनदीप कौर ने की।

संगोष्ठी में प्रो पवन सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहिबजादे साहस और देश के प्रित बलिदान का प्रतीक है इससे धर्म के प्रति निष्ठा की सीख मिलती है गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी लेकिन अपने धर्म से हटे नहीं इस दिन से राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का भी संदेश मिलता है। कार्यक्रम समन्वयक अरविन्द नारायण मिश्रा ने विद्वानों का प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

आध्यात्मिक गुरु प्रो पवन सिन्हा ने कहा चार साहबजादों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा कहा कि आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा ले उनके जीवन से सीख कर निर्भीक, निर्भय होना चाहिए। वहीं इस मौके पर विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि साल 2022 से भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की, इस दिन को गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों के बलिदान को याद करते हुए मनाया जाता है अलग-अलग शैक्षिक और धार्मिक संस्थानों में इस दिन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# नूरबाड़ी क्षेत्र में तीन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शनिवार को अपट्रान डिवीज़न के अधिशासी अभियंता कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया की लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल व तालकटोरा सर्किल के अधीक्षण अभियंता के आदेश पर बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य लगातार मॉर्निंग रेड की कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को नूरबाड़ी उपखंड में उपखंड अधिकारी अखिलेश यादव व अवर अभियंता राजेश कुमार ने विभागीय टीम के साथ रुस्तम नगर दरगाह रोड, शीशे वाली गली, पान दरीबा इलाके में चेकिंग अभियान चलाया था।

जिसमे कुल 3 उपभोक्ताओं को लगभग 13 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। उन्होंने बताया बिजली चोरी करने वाले सभी तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया और सभी की लाइट पोल से काट दी गई है।

## ट्रैक्टर से स्टंटबाजी करने पर हिदायत देकर छोड़ा



**खुटार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काकोरी शहीद इंटर कॉलेज के पीछे प्लाटिंग की खाली पड़ी जगह में कई दिनों से ट्रैक्टर से कई लोग स्टंट बाजी करने आ रहे थे। चर्चा है कि रुपयों की शर्त लगाकर स्टंट बाजी की जाती थी। इसी ग्राउंड में कई लोग खेलकूद करने भी आते हैं। स्टंट बाजों से परेशान होने के कारण बच्चों को खेलने में परेशानी होने लगी थी। हादसे की आशंका बनी हुई थी। शुक्रवारं को तीन ट्रैक्टरों से स्टंट बाजी करते हुए वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से किसी ने सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो किया वायरल पुलिस ने तीनों चालकों को थाने बुलाकर कार्रवाई की चेतावनी दी लिया। सूचना पर पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर चालकों को मौके से थाने बुला लिया। थाने बुलाने के बाद उन्हें सख्त हिदायत देते हुए फिर से स्टंट बाजी न करने को कहा। प्रभारी निरीक्षक आरके रावत ने बताया कि ट्रैक्टर से स्टंट कर रहे लोगों हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। अगर दोबारा स्टंट बाजी की तो कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

# पुवायां में बेटी को जन्म देने पर महिला की हत्या



❒ मां ने लगाया पति पर आरोप, बोली– तीन बेटीयों को जन्म देने की वजह से मारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। के पुवायां थाना क्षेत्र के मुकीमपुर गांव में एक महिला की कथित तौर पर हत्या का मामला सामने आया है। मृतका कीर्ति बाजपेई के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि लड़का न होने के कारण पति सोनू मिश्रा उर्फ सौरभ और ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी। मृतका की मां प्रेमवती ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 3 मई 2015 को हुई थी। कीर्ति ने सीजेरियन से दो बेटियों को जन्म दिया, जिसके बाद से ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे।

पति शराब पीकर मारपीट करता था और ननदें पूजा व रोशनी लड़का न होने का ताना देकर दूसरी शादी की धमकी देती थीं। बटी को जन्म देने पर की हत्या प्रेमवती ने बताया कि तीसरी बार भी उनकी बेटी ने बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद ससुराल वाले जबरदस्ती उसे घर ले आए और मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका ने अपनी मां को फोन पर मारपीट की जानकारी भी दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइंस में साइबर कमांडो परीक्षा सकुशल संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारत सरकार गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ में आज साइबर कमांडो परीक्षा सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा में उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न शाखाओ एवं अर्धसैनिक बलों के कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ0 जी0के0 गोस्वामी ने बताया कि देश के विभिन्न प्रांतो में आम जनता के साथ साइबर अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ने के दृष्टिगत उस पर व्यापक स्तर पर रोकथाम लगाए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार गृह मंत्रालय द्बारा द्बारा पाँच हजार साइबर योद्धा तैयार किए जाने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत आज यहाँ साइबर योद्धा परीक्षा कराया गया है।

डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि यह एक स्क्रीनिग टेस्ट था।

उत्तर प्रदेश साइबर अपराध मुख्यालय द्बारा इस परीक्षा हेतु पुलिस कर्मियों का नाम भारत सरकार गृह मंत्रालय से अनुमोदित कराया गया था द्य जिसके उपरांत साइबर अपराध मुख्यालय उ0प्र0 की तरफ से यूपीएसआईएफएस को नामित पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के अराजपत्रित कर्मियों की सूची उपलब्ध कराई गई थी जिनका आज यूपीएस आईएफएस में परीक्षा संपन्न कराया गया।

## पति सहित 04 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**खुटार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के गांव दिलीपपुर निवासी निर्मला देवी पुत्री जगदीश कुशवाहा ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि, उसके पिता जगदीश सिंह कुशवाहा ने उसकी शादी लगभग 4 वर्ष पूर्व जनपद हरदोई के थाना सवायजपुर क्षेत्र के गांव वरसूइया नगला निवासी राधे श्याम के बेटे आशीष कुमार के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी की थी। जिसमें उसके पिता ने तिलक में साढ़े तीन लाख रुपए की नगदी व अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दान दहेज भी दिया था। शादी के कुछ समय बाद कम दहेज को लेकर पति आशीष कुमार, सास भगवती देवी आए दिन उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगी। जिस पर उसने अपने मायके वालों को अतिरिक्त दहेज व बाइक देने के लिए कहा। जिस पर मायके वालों ने कहा कि अब अतिरिक्त दहेज व बाइक देने में मैं असमर्थ हूं। जिस पर पीड़िता के पिता जगदीश कुशवाहा ने रिश्तेदारों के बीच बैठकर कई बार पंचायते भी कराई लेकिन ससुरालीजन बाइक की मांग लगातार करते रहे। विगत अगस्त माह में रक्षाबंधन त्यौहार पर उसे मारपीट कर खाली हाथ घर से निकाल दिया और कहा कि जब तक बाइक नहीं मिलेगी तब तक मैं विदा कराने नहीं आऊंगा ।पुलिस ने निर्मला देवी की तहरीर पर पति आशीष कुमार, सास भगवती देवी, ससुर राधेश्याम, देवर आकाश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## दंपति और चार साल के बच्चें को पीटा, दी तहरीर

**खुटार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गांव टाहखुर्द कलां निवासी तौफीक की पत्नी शाहीन बानो ने पुलिस को बताया कि शनिवार को उसका चार साल का बेटा घर के दरवाजे पर खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोस के एक व्यक्ति ने उसके बेटे के साथ वेबजह किसी बात पर पिटाई कर दी। बेटे की रोने की आवाज सुनकर घर के बाहर वह पहुंची तो गांव के ही चार लोगों ने महिला को दरवाजे से खींच लिया और उसे जमीन पर गिराकर लात–घुसो से पिटाई की। इस बीच शाहीन बानो का कुंडल, पेंडल और बिछिया कही गिर गया।

# सीता ग्रुप आफ एजुकेशन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। सम्मान व्यक्ति, समूह, समुदाय या किसी विशिष्ट कार्य व्यवहार के प्रति शाबाशी या प्रशंसा करने की भावना होती है।

इसके लिये यह महत्वपूर्ण है कि हम दूसरों से सम्मान प्राप्त करने के लिए पहले उन्हें सम्मान दें। हम अपने जीवन में मिलने वाले हर किसी का सम्मान करे उतना ही जरूरी यह भी है कि हम ऐसे कार्यों का पालन करें जो सम्मान प्राप्त करने में हमारी सहायता कर सके।

उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शास्त्री सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि माता पिता अपने बच्चों को जब आस पास रहने वाले लोगों का सम्मान करना सिखाएंगे तभी हम एक सकारात्मक समाज का निर्माण करने में सक्षम जो सकेंगे। कार्याक्रमाध्यक्ष के रूप में पधारे सरदार बल्लभ भाई फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा ने विद्यार्थियों से मेहनत



व लगन से पढ़ाई करते हुये अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में आजाद इंटर कॉलेज फतेहपुर के प्रधानाचार्य दिनेश पांडेय ने कहा शिक्षा को किसी भी धर्म से नहीं जोड़ा जा सकता। विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। आज सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन का नाम देश के कोने कोने में है। कार्यक्रम को विकास खंड पहला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिनाम सिंह, मौलाना इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की विभागाध्यक्षों डॉ. शशि प्रभा, डॉ. प्रदीप वर्मा, जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक के पूर्व प्रवक्ता अवधराम मौर्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण व मां शारदे की वंदना से हुआ। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों, खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षा, चिकित्सा, वकालत, राजनीति, गो सेवा, पत्रकारिता व धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले करीब तीन सौ लोगों का माल्यार्पण, उत्तरीय, स्मृतिचिन्ह व आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मातिन किया गया। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी विरल, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी द्वारा माल्यार्पण, उत्तरीय व स्मृति चिन्ह भेंट कर व एनएसएस के छात्रों द्वारा सलामी देकर किया गया।

वन्दे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन संस्था के चेयरमैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाल अनिल सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर, रेउसा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

### इन्हें मिला सम्मान

शिक्षा, चिकित्सा, वकालत, राजनीति, गो सेवा, पत्रकारिता व धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देवेंद्र सिंह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, चक्र सुदर्शन पांडेय, अवधेश चौहान, रामकुमार गिरी, दिनेश चंद पांडेय, रामप्रवेश प्रजापति, बच्चा सिंह, ओंकारनाथ, हरिनाम सिंह, सुरेश वर्मा, रमेश वर्मा, डॉ. शशिप्रभा, केके सिंह, राज किशोर वर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ल, उपेंद्र वर्मा, पंकज जायसवाल, कमलेश तिवारी, अवधराम मौर्य, सीपी निगम, कमलेश राजपूत, विजय सिंह तोमर, अरविंद यादव, अमरीश वर्मा, डॉ. प्रदीप वर्मा, शिवम वर्मा, डॉ. जयकीरत वर्मा, कैप्टन दीपक प्रजापति, सुरेश चंद्र रावत, शिवदास पुरवार, कुलदीप गुप्त, राहुल सिंह, मनोज शुक्ल, अनुज जैन, डॉ. लोकपति वर्मा, लवकेश गुप्त, भोलानाथ तिवारी, अशोक नाग, ओमप्रकाश गुप्त, लेखा गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, शिवम गुप्त विक्रांत, हिमांशु कश्यप, प्रदीप सिंह, सलमान, राजकुमार यादव, संतोष पांडे एडवोकेट, विनोद पांडेय सहित करीब तीन सौ मेधावियों खिलाड़ियों का सम्मान अतिथियों के द्वारा स्मृतिचिन्ह व पुरस्कार देकर किया गया।

# उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल हमेशा लड़ता है व्यापारियों के हक की लड़ाई: उमेश शुक्ला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल हमेशा व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ता हैं। चाहे मामला पटरी दुकानदारों का हो या फिर किसी भी व्यापारी के उत्पीड़ने का मामला हो या फिर व्यापारियों की कोई अन्य समस्या हो संगठन हमेशा ही व्यापारियों के साथ खड़ा रहता हैं।

यह बात जेलरोड स्थित एक रेस्टोरेण्ट में प्रेस वार्ता के दौरान जिला प्रभारी उमेश शुक्ला ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। उन्होने कहा कि सीतापुर का मै अभी तक जिला प्रभारी था आज से सीतापुर जिले की नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की अनुमति पर प्रदेश के पदाधिकारियों ने पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी को संरक्षक मनोनीत करते हुए विभूतिपुरी को जिलाध्यक्ष, गोविन्द सहांय गुप्ता को जिलामंत्री, वागीश दिनकर बाजपेई को जिला महामंत्री, मनोज अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष, धीरेन्द्र मिश्रा को नगर अध्यक्ष, आशीष गुप्ता को नगर महामंत्री अमित संदीप कश्यप नगर कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया ।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने मृतक रामचंद्र के परिजनों से की मुलाकात

- पुलिस के द्वारा बनाई गई मनगढ़ंत कहानी : स्वामी प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन-खीरी। अवैध शराब बनाने के आरोप में पकड़े गए युवक की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। मृत्यु के बाद से सियासी पारा तेज हो गया है।मृतक के घर नेताओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।अवैध शराब को लेकर की गई पुलिस कार्यवाही में रामचंद्र मौर्य की मौत के मामले में शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिवार से पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी ली।बीते दिनों हुलासी पुरवा गांव निवासी रामचंद्र की मौत पुलिस कस्टडी में हुई थी।निघासन व मझगई पुलिस ने अवैध शराब बनाने के आरोप में पुलिस लालबोझी जंगल में अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस हिरासत में रामचंद्र पुत्र लालता प्रसाद की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान ही मौत हो गई थी।मौत के बाद पुलिस के द्वारा डेड बॉडी को पोस्टमार्टम करने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था।अगले दिन दाह संस्कार के लिए शव मृतक के घर पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश फ़ैल और पुलिस से तीखी नोंकझोंक हुई।मृतक के परिवार के द्वारा अपनी मांगे पूरी न होने तक दाह संस्कार करने से इनकार कर दिया था।जिस पर भाजपा नेता के के द्वारा सभी मांगों को लिखित रूप से मानकर पूरी करने का आश्वासन दिया था।उसके बाद मृतक के परिवार जनों ने मृतक का दाह संस्कार कर दिया था। शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य मृतक के घर पहुंचे और घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी लेने के बाद उन्होंने अपने बयान में कहा है की उत्तर प्रदेश की पुलिस गुंडागर्दी पर उतर आई है यूपी में जंगल राज कायम है पुलिस बेलगाम है यूपी में लगातार पुलिस कार्यवाही में मौतें हो रही है जिस वक्त पुलिस ने रामचंद्र को गिरफ्तार किया था अगर वह शराब बन रहा था तो शराब की बरामदगी क्यों नहीं हुई न तो शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए ऐसे में यह साफ हो गया है की पुलिस के द्वारा या पूरी कहानी मनगढ़ंत तरीके से बनाई गई हैं घटना के बाद मझगई थाना प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी और धौरहरा सीओ के जो वीडियो वायरल हुए हैं इससे साफ जाहिर होता है की पुलिस पूरे तरीके से गुंडागर्दी पर उतारू थी।मृतक के भाई पर भी पुलिस के द्वारा कई झूठे मुकदमे दर्ज किए हुए हैं इसे भी जान का खतरा बना हुआ है इसलिए हमारी योगी सरकार से मांग है दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही हो।

# सीतापुर को भ्रष्टाचार, भूमाफिया मुक्त बनाना है: सांसद राकेश राठौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- अमिताभ ठाकुर व सांसद राकेश राठौर ने भू माफियाओं और अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप
- डी.डी.ओ. हरिश्चन्द्र प्रजापति के भ्रष्टाचार की रिपोर्ट जारी कर मनरेगा में हो रहे बड़े घोटाले में शामिल होने और जांच कराए जाने की कही बात

सीतापुर। में अपनी दमदार छवि और साफ साफ बोलने वाले सीतापुर से सांसद राकेश राठौर ने प्रदेश के पूर्व आई पी एस अधिकारी अमिताभ ठाकुर के साथ प्रेस को साझा करते हुए कहा भूमाफिया भ्रष्ट नौकर शाही राजनीतिक गठजोड़ के आपराधिक कृत्यों के चलते ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में पहले से मौजूद जातीय व वर्गीय असंतुलन अब जन असन्तोष में बदलता जा रहा है. इसी प्रवृत्ति के चलते कई बार जातीय वर्गीय हिंसक घटनाएं घट चुकी है और कानून व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सीतापुर अगेंस्ट करप्शन इसी भूमाफिया भ्रष्ट नौकरशाही राजनितिक मठजोड़ के खिलाफ निर्णायक संघर्ष चलायेगा।

सीतापुर अगेंस्ट करप्शन पहले चरण में भूमाफिया भ्रष्ट नौकरशाही राजनितिक गठजोड के सुन्दर लाल वर्मा जेई, हरिशचन्द्र प्रजापति (डी.डी.ओ. सीत्तापुर) राम नरायण राठौर, संदीप जायसवाल, और मुकेश अग्रवाल के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति की जाँच भूमि कानूनों की रोशनी में कानूनी कार्यवाई दर्ज एफ.आई.आर. और धनराशी वसूली पर कारवाई और अन्य प्रकरणों में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकरण भूमाफियाओं को एंटी भूमाफिया सूची में डालकर निर्धारित कारवाई को अमल तक पहुंचाना विभिन्न जाँच एजेंसियों के जाँच के दायरे में आरोपित भ्रष्टाचारियों और भ्रष्टाचारियों को लाकर कारवाई सुनिश्चित कराना और आवश्यकतानुसार न्याय और जनहित के लिए अदालतों के समक्ष प्रकरणों को लाने जैसे अन्य अभियानों के माध्यम से सीतापुर में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान संचालित किया जायेगा।

आज सीतापुर में सांसद राकेश राठौर के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में सीतापुर के जिला विकास अधिकारी हरिचन्द्र प्रजापति के खिलाफ उनके आरोपित काले कारनामों पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए पूर्व आई.जी. पूर्व आई.पी.एस अमिताभ ठाकुर ने कहा की डी.डी.ओ. के खिलाफ दर्ज मुकदमें में कारवाई धनराशि वसूली तथा उनके संरक्षण में महमूदाबाद, मछरेहटा सहित पूरे जनपद में मनरेगा घोटालों को नये सिरे से विभिन्न जाँच एजेंसियों के माध्यम से जाँच के दायरे में लाकर कारवाई सुनिश्चित करायी जायेगी अन्य आरोपी भूमाफियाओं और भ्रष्टाचारियों को भी विभिन्न जाँच एजेसियों के दायरे में लाकर कारवाई सुनिश्चित करायी जायेगी। सीतापुर के सांसद राकेश राठौर ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा है कि सीतापुर की जनता ने जन धन में भ्रष्टाचार रोकने, भूमाफियाओं से जमीने मुक्त कराकर भूमिहीनों में बाटने को लेकर हमें सांसद बनाया है इसलिए सीतापुर में भ्रष्टाचार और भूमाफियाओं के खिलाफ जारी हर अभियान में मैं शामिल होकर सीतापुर को भ्रष्टाचार मुक्त बनाऊगों । इस अवसर पर सीतापुर अगेंस्ट करप्शन के संयोजक डॉ0 बृजबिहारी ने कहा कि सीतापुर में गूमाफियाओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ आज जो पहली सूची जारी की गयी है इस सूची के आरोपी लोगों के खिलाफ जन आंदोलन और कानूनी प्रयासों को अंजाम तक पंहुचाया।

# रेलवे लाइन के किनारे मिला महिला का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। क्षेत्र के सिधुआ मिश्रौली रेलवे ढाले के पास एक अज्ञात महिला की लाश शनिवार को रेल लाइन के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई।

मौके पर गांव वालों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को पहचान कराने की कोशिश की लेकिन,पता नहीं चला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के सिधुआ मिश्रौली रेलवे ढाले के पास शनिवार की सुबह को गांव वालों ने एक अज्ञात महिला की लाश रेल लाइन किनारे देखी।

महिला का सिर धड़ से अलग होने होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस भी शव की शिनाख्त के लिए मौके पर जुटे गांव की महिलाएं और ग्रामीणों से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन घंटे बाद भी महिला के शव की पहचान नही हो सकी। इसके बाद कोतवाली पडरौना की चौकी सिधुआ बाजार पुलिस ने महिला की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Management and operation of Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-PRG-OH-544-24-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-LKO-SS-78-24-1 (Contract for installation, Operation Misc-Static-Services-Salon Services) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-PFM-OSN-545-25-1 (Advertising on Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 10.01.2025 130/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# चेकिंग के दौरान शख्स ने की भागने की कोशिश तो पुलिस ने धर-दबोचा, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

- पुलिस ने चेकिंग के दौरान अधेड़ को तमंचा व मिस कारतूस सहित किया गिरफ्तार, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



(प्रभारी निरीक्षक, शिवाजी दुबे)

हैदराबाद-खीरी। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपित को अवैध तमंचा व मिस कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया, प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दूबे के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए शख्स को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा से बाद में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा दिया। जानकारी मुताबिक अनुसार प्रातः शनिवार को प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दूबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक हेमंत कटियार थाना क्षेत्र के खरगापुर रोड गंदा नाला देवीपुर पुलिया के पास मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति वाहन की पुलिस कर्मियों के साथ चेकिंग कर रहे थे तभी चेकिंग के दौरान संदिग्ध शख्स को पुलिस कर्मियों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। वह भागने लगा किन्तु पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पुलिस तलाशी में पकड़े गए अभियुक्त से नाजायज असलहा व मिस कारतूस बरामद किया गया।

कड़ाई से पुलिस पूछताछ में शख्स ने अपना नाम वेद प्रकाश पुत्र मैकूलाल निवासी ग्राम रम्मापुर थाना हैदराबाद जिला खीरी बताया। पुलिसकर्मी अभियुक्त को लेकर हैदराबाद थाने पहुंची, जहां युवक के अपराध इतिहास के बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि शराब मामले में दो मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने शख्स के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के कुशल नेतृत्व में अवैध तमंचा व कारतूस समेत आरोपी को हिरासत में लेने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक हेमंत कटियार, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, आरक्षी राकेश वर्मा,महेश कुमार मौजूद रहे।

इस बाबत में जब हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे से उक्त गिरफ्तारी मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि चेकिंग दौरान आरोपी को हिरासत में लिया गया जामातलाशी के दौरान तमंचा व मिस कारतूस बरामद किया गया विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# मजाशाह चौराहे से बड़े पैमाने पर दौड़ रहे हैं ओवरलोड वाहन, परिवहन विभाग बना लापरवाह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर। आपको बताते चलें कि लहरपुर मुख्य मजाशाह चौराहे में पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे से गुजर रहे बड़े-बड़े ओवरलोड भारी वाहन जो की इन पर क्या आरटीओ और पीटोओ की नजर नहीं पड़ रही है।

एवं सड़कों पर ओवर हाइट वाहन और गन्ना भरे ओवर लोड ट्रकों का लगातार संचालन सड़कों पर हो रहा है लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारी छोटे वाहनों जैसे ऑटो ई रिक्शा चालकों को अपना निशाना बना रहे हैं ।और भारी भरकम चालान करते हुए गरीबों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं ।जब कि केसरी गंज ,नवीनगर और मजाशाह लाल गेट से दिन रात ओवरलोड गना भरे ट्रक निकल रहे हैं। लेकिन उन पर किसी की नजर नहीं पड़ रही है और बड़े-बड़े हादसों के बाद भी विभागीय अधिकारी कुंभकर्णी, नींद से नहीं जाग रहे हैं ।लगातार भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे परिवहन विभाग के अधिकारियों पर शासन से कोई कार्यवाही नहीं होना बड़े खतरे की और इंगित करता है ।

कहीं ट्रक पलट जाता है तो कहीं ओवरटेक होने के कारण भारी दुरघटना होती है। , लहरपुर चल रहे ओवरलोड गना भरे ट्रक लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते नजर आ रहें है ओवरलोड वाहनों के अभाव में घंटों जाम के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है अब देखना यह है कि विभागीय कार्रवाई इन लोगों के खिलाफ कोई होती है ।या ऐसे ही पर्दा डाल दिया जाएगा।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम एसपी ने कोतवाली तालगांव में सुनी शिकायतें

- त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कोतवाली तालगांव में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये।

राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाय। उन्होंने कहा कि यदि कहीं चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त हो तो इसकी तत्काल जांच करते हुए कब्जा मुक्त कराया जाय। दो पक्षों में भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनकर न्यायोचित निस्तारण किया जाय तथा यदि आवश्यकता हो निरोधात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तालगांव स्थित झील का किया निरीक्षण, झील के आस पास के अवैध कब्जे तत्काल हटवाए जाने के दिए कड़े निर्देश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विकास खण्ड परसेंडी के तालगांव में कोतवाली तालगांव के निकट स्थित झील का निरीक्षण कर इसके आस-पास के अवैध कब्जों को नियमानुसार तत्काल हटवाते हुए झील की स्वच्छता/सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सम्बंधित लेखपाल एवं अन्य अधिकारी नियमित रूप से पर्यवेक्षण करते रहे जिससे कोई नया अवैध कब्जा न हो। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन कर झील के आस पास के अवैध कब्जे तत्काल हटवाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लहरपुर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को झील की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्थानीय निवासियों से से भी झील के सम्बन्ध में विभिन्न जानकारियां भी ली। इस दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# रंगला पंजाब
# निवेशकों की पहली पसंद



## उद्योग जगत में लिये गये प्रमुख निर्णय

- औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2022 लागू
- व्यापार की सुविधा के लिए इन्वेस्ट पंजाब बिज़नेस फर्स्ट पोर्टल का शुभारंभ
- उद्योगपतियों को ग्रीन स्टाम्प पेपर की सुविधा
- वर्ष 2022 से अब तक कुल 5,300 निवेश प्रस्तावों को मंज़ूरी
- कुल ₹86,541 करोड़ का निवेश 3,92,540 युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर पैदा हो रहे हैं
- सुझाव के लिए संपर्क करें- punjabconsultation@gmail.com व्हाट्सएप नंबर: 8194891948

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# गोंडा से चलेंगी प्रयागराज कुंभ मेले के लिए 109 बसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ को लेकर देशभर से श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने वाला है।इसी कड़ी में गोंडा जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए खास इंतजाम किए हैं।गोंडा लखनऊ मार्ग पीएसी गेट के सामने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के सहयोग से एक अस्थाई प्राइ वेट बस स्टैंड



बनाया गया है,जहां से 109 रोडवेज बसें श्रद्धालुओं को कुम्भ मेला प्रयागराज पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। अस्थाई प्राइवेट बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए मोबाइल,टॉयलेट,पेयजल व्यवस्था,और प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है।इन इंतजामों का निरीक्षण शुक्रवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा और परिवहन विभाग के यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र त्रिपाठी ने किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने और व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए है।

## श्रद्धालुओं के लिए सुगम यात्रा

डीएम नेहा शर्मा ने कहा, ''हमने गोंडा नगर पालिका परिषद और परिवहन विभाग के सहयोग से यहां अस्थाई प्राइवेट बस स्टैंड तैयार किया है। यह क्षेत्र खुला और शहर से बाहर होने के कारण बसों के संचा लन के लिए उपयुक्त है।कुल 109 रोडवेज बसें कुंभ मेले के लिए चलेंगी,जिससे श्रद्धालु बिना किसी परेशा नी के प्रयागराज पहुंच सकेंगे।

## श्रद्धालुओं की समय की बचत होगी

महाकुंभ में आने-जाने की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, गोंडा से संचालित बसें यात्रियों के आराम और समय की बचत को सुनिश्चित करेंगी। श्रद्धालु अब गोंडा से सीधे प्रयागराज तक बिना किसी रुकावट के यात्रा कर सकेंगे। गोंडा जिला प्रशासन की सक्रियता और कुशल प्रबंधन से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। डीएम नेहा शर्मा ने सभी संबंधित विभा गों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि यात्री किसी भी असुविधा का सामना न करें।प्रयागराज महा कुंभ के लिए गोंडा से यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की यात्रा को आसान बनाएगी,बल्कि प्रशासनिक प्रबंध न का भी उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

# गोण्डा जिले में अतिक्रमण की बीमारी से घिरे सरकारी अस्पताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिला मुख्यालय पर जब किसी वीआईपी का आगमन होता है या फिर कहीं सीएम योगी आदित्य नाथ का कार्यक्रम होता है तो गोण्डा पुलिस व जिले के अधिकारी और नगर पालिका महकमा एकजुट होकर वहां की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर देता है लेकि न कार्यक्रम संपन्न होते ही अतिक्र मण फिर गुलजार हो जाता है।सरकारी महकमों की इस कार्यप्रणाली से सा फ है कि अफसरों का उद्देश्य जनता को सहूलियत दे ना नहीं बल्कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजरों में अपने नंबर बढ़ाना है।

तभी तो रोजाना आम जनता को गोण्डा जिले में अतिक्रमण के कारण चौपट यातायात व्यवस्था से जूझना पड़ता है। अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा अस्पताल,

शहर के सरकारी जिला महिला अस्पताल और गोण्डा मेडिकल कालेज इन दिनों




जिलामहिला अस्पताल के बाहर अतिक्रमण व जाम की स्थिति

अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं।जिला महिला अस्पताल के सामने दोनों तरफ बाहर गेट के सामने ठेले-खोमचे और ई-रिक्शा वालों का बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है।यहां पर सड़क किनारे बेतरतीब गाड़ियों का जमावड़ा रहता है। जिस के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। जब कि जिला महिला अस्पताल के दो सौ मीटर कि दूरी पर गुरु नानक चौराहे पर एक पुलिस चौकी बनी हुई है।

लेकिन पुलिस को यह अतिक्रमण नजर नहीं आता है। गोंडा नगर पालिका परिषद ने सिर्फ खानापूर्ति के लिएयहां पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया था।इसी तरह गोण्डा मेडिकल कॉलेज के बाहर गेट पर ठेले खो मचे व ई-रिक्शा चालाकों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां भी दिनभर राहगीरों को जाम से जूझना पड़ता है। यहां से पांच सौ मीटर कि दूरी पर नगर कोतवाली के सामने बैंक ऑफ़ बडौदा और भारतीय स्टेट बैंक स्थित है यहां पर सड़क पर गाड़ियों की पार्किंग होती है और यहां पर अतिक्रमण की समस्या है।यहां भी दिनभर यातायात रंगता रहता है।वही नगर पालिका परिषद और पुलिस की ओर से इस अतिक्रमण को तब हटाया जाता है,जिले में किसी वीआईपी का कार्यक्रम होता है।बाकी कि दिनों में यहां जाम की स्थिति रहती है। लोगों का सड़क से निकलना मुश्किल हो जाता है।

## अतिक्रमण से अस्पताल प्रशासन भी परेशान

सरकारी अस्पतालों के बाहर फैले अतिक्रमण से जि ला महिला अस्पताल प्रशासन भी परेशान रहता हैं। वही सूत्र बता रहे है जिला महिला अस्पताल की ओर से तमाम बार नगर पालिका परिषद को अतिक्रमण हटाने को लेकर कहाँ गया है,लेकिन इस समस्या से जिला महिला अस्पताल का मुख्य गेट अभी तक जाम से मुक्त नहीं हो पाए है।जिला महिला अस्पताल के बाहर अतिक्रमण और जाम के कारण कई बार एम्बु लेंस फंस जाती है।जिससे कि गर्भवती महिलाओं की जान जोखिम में पहुंच जाती है।वही जिला महिला अस्पताल और बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय के बाहर गेट पर अतिक्रमण की भरमार है।

# गोंडा मेडिकल कॉलेज में बड़ी लापरवाही, बिना सूचना के गायब मिले डॉक्टर





कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किए गए निरीक्षण में बड़ी ला परवाही सामने आई है।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम. डब्ल्यू खान ने दो दिवसीय निरीक्षण में जूनियर रेजि डेंट डॉ.अजय मौजूद बिना किसी पूर्व सूचना या अव काश के अनुपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान रात 9 बजे से 11 बजे के बीच जब चिकित्सा अधीक्षक ने वार्ड का दौरा किया, तो डॉ.अजय लगातार दो दिनों से गायब मिले।

इस मामले में जब सुपरवाइजर से जूनियर रेजिडेंट की अनुपस्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्हों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।मामले की गंभी रता को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक ने डॉ.अजय को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।साथ ही, वार्ड में साफ-सफाई की खराब व्यवस्था के लिए सुपर वाइजर को भी फटकार लगाई गई है।

यह कार्रवाई देवी पाटन मंडल के कमिश्नर के निर्देश पर की गई निरीक्षण के दौरान की गई है,जिसमें डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया था।

चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य द्वारा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अस्पता ल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएंगे और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष रेखा पांडे की अध्यक्षता में हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भाजपा नानपारा मंडल ने संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा मंडल अध्यक्ष रेखा पांडेय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आनन्द रस्तोगी ने किया।

इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र में टोलियां बनाई जाएंगी।

ये टोलियां विशेष रूप से अनुसूचित जाति की बस्तियों में जाकर बैठकें करेंगी और अंबेडकर के संदेश को प्रसारित करेंगी। कार्यक्रम के दौरान 12 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले निरंतर अभियानों के लिए रूपरेखा भी तैयार की गई। इन अभियानों के माध्यम से संविधान और अंबेडकर के विचारों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।



अंत में क्विज प्रतियोगिता किसी एक विद्यालय में रखा जाना तय किया गया हैं। मंडल अध्यक्ष रेखा पांडेय ने कहा कि बाबा साहब ने देश के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके विचार समाज में समानता और न्याय की भावना को मजबूत करते हैं।

बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता अशोक जायसवाल ने बाबा साहब के जीवन प्रकाश डाला। बैठक में भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अभियान का उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के योगदान को सम्मानित करना और संविधान के महत्व को जनमानस में जागृत करना है। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल पाण्डेय, ज्योति श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल, नीरज, शत्रुघ्न, संजय, विपिन, मुन, तीरथ, सुशील त्रिपाठी, अशोक जायसवाल सहित तमाम भाजपा कार्यकता शामिल रहें।

# एस.एस.बी. 42वीं वाहिनी ने निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर वितरित की दवाईयां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । एसएसबी 42वीं वाहिनी बहराइच प्रथम की सीमा चौकी रंजीतबोझा के कार्यक्षेत्र में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन एसएसबी के डॉ. राकेश कुमार रंजन, कमान्डेंट (चिकित्सक) के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमे सहायक के तौर पर उप निरीक्षक (चिकित्सक) अनेंद्र सिंह राणा एवं आरक्षी सामान्य शंकर लाल जाखड़, गिरीश चन्द्र कापरी तथा सीमा चौकी रंजीतबोझा के जवान मौजूद रहे।

शिविर के दौरान ग्राम रंजीतबोझा, नवावगंज (बहराइच) गांव के ग्रामीण ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया एवं निःशुल्क दवाईया प्राप्त की ।

दवाईयों का वितरण एसएसबी के कार्मिक शंकर लाल जाखड़ एवं गिरीश चन्द्र कापरी के द्वारा किया गया और खुराक की मात्रा के बारे भी बताया गया । शिविर के दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ बनी रही तथा उपस्थित ग्रामीणों ने जिसमें 56 पुरुषों



47 महिलाओं एवं 11 बच्चों कुल 114 लोगों ने अपना निशुल्क इलाज करा कर लाभ प्राप्त किया । 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच प्रथम के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन ने बताया की एसएसबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ-साथ सीमा क्षेत्र की जनता जो आर्थिक, सामाजिक तौर पर कमजोर हैं उनको मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है तथा समय-समय पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम, मानव चिकित्सा, पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन, तथा विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जागरूक करना और सुविधाओ को जन मानस तक पहुचाने का अथक प्रयास कर रही है एवं भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किये जायेंगे जिसमे आम जनमानस अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके और साथ ही सीमांत क्षेत्र की जनता से ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक प्रतिभागी करने हेतु भी अपील की गयी ।

# सरकारी जमीन पर प्राइवेट टैक्सी वालो का,कब्जा धड़ल्ले से चल रहे हैं टैक्सी स्टैंड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में चारों तरफ जहां अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन आए दिन अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाती हैं,वही दबंगों और प्राइवेट टैक्सी संचालक ने नगर पालिका परिषद और रेलवे की नाक में दम कर के रखा है।

गोण्डा रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो के सामने भी रेल कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का ऐसा जंजाल बना रखा है जिस पर नगर पालिका परिषद और रेलवे ने कई बार करवाई की है लेकिन दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा कर अपना व्यवसाय और रेलवे की सरकारी जमीन को ठेंगा दिखा रहे हैं। सरकारी जमीन पर कई वर्षों से रेलवे की जमीन पर प्राइवेट टैक्सी स्टैंड दबंगों ने बना रखा है।जिससे कि रेलवे के साथ-साथ नगर पालिका परिषद भी उनका कुछ करने में पीछे हट रहा है।वही रेलवे स्टेशन पर ज़ब कोई अधिकारी औचक निरीक्षण के लिए आते है तब वहाँ से प्राइवेट टैक्सी वालों को हटा दिया जाता है और उनके जाते है फिर प्राइवेट टैक्सी स्टैंड वाले आबाद हो जाते हैं।जिससे यहां पर दबंगों के हौसले और बुलंद हो गए यहां तक अतिक्रमण का भी उनको डर नहीं है।यहां के लोगों के अनुसार कई वर्षों पहले रेलवे ने यहां पर अतिक्रमण हटावा था।लेकिन सूत्र के मुताबिक पुलिस कि मिली भगत से दबंगों के द्वारा फिर से अवैध टैक्सी स्टैंड और रोजगार को फैला रखा है।यहां पर अगर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती है।

## एसएसबी 59वी बटालियन ने सीमा क्षेत्र के छात्रों के लिए की बुनियादी कंप्यूटर कोर्स की घोषणा

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी 59वीं बटालियन नानपारा सीमा क्षेत्र के छात्रों के लिए बुनियादी कंप्यूटर कोर्स की घोषणा की है। यह पहल एसएसबी 59वी बटालियन और संस्कार एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसायटी का एक संयुक्त प्रयास है, जो सीमावर्ती क्षेत्र के बलईगांव में 13 जनवरी से 12 फरवरी तक 40 स्थानीय छात्रों को 30 दिनों की अवधि में कुल 120 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। यह कोर्स प्रतिभागियों को बुनियादी कंप्यूटर कौशल से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे उनके भविष्य के करियर की संभावनाएं बढ़ेंगी और डिजिटल दुनिया में नए अवसर खुलेंगे। प्रशिक्षण में बुनियादी कंप्यूटर संचालन, इंटरनेट का उपयोग और आवश्यक सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग शामिल होंगे। ल्हम छात्रों को आज के डिजिटल युग में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं,ङ्क कैलाश चंद रमोला, कमांडेंट 59वी सशस्त्र सीमा बल,नानपारा ने बताया कि एसएसबी और संस्कार एजूकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए ल्यह कोर्स डिजिटल विभाजन को पाटने और सभी पृष्ठभूमि के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है।ङ्क

## रविवार को गाजी मियां के उर्स में शामिल होने के लिए पहुंच रहे जायरीन

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लाखों अक़ीदतमन्दों का मरकज़ मशहूर सूफी बुजुर्ग हज़रत सैय्यद सालार मसूद गाज़ी (रह0) के आस्ताने पर 12 जनवरी रविवार की सुबह से शुरू हो रहे 1022 वें उर्स की तक़रीबात (कार्यक्रमों ) में सम्मलित होने के लिये दूर दराज क्षेत्रों से जायरीन की आमद (आगमन ) का सिलसिला शुरू हो गया है । दरगाह प्रबन्ध समिति द्ववारा 12 से 16 तक चलने वाले उर्स रज़्ज़ब को लेकर चाक चौबन्द व्यवस्था की गई है रोशनी पानी सफाई के साथ ही जायरीन के ठहरने के स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया है जिससे भारी संख्या में आने वाले किसी भी अकीदतमन्द को कोई परेशानी ना हो ठण्ड के मौसम को देखते हुवे परिसर के अन्दर व बाहर अलाव की भी विशेष व्यवस्था की गई है। दरगाह शरीफ के इंचार्ज मैनेजर हाजी सैय्यद अलीमुलहक़द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रबन्ध समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष बक़ा उल्ला के नेतृत्व में उर्स शरीफ का आगाज़ रविवार सुबह अंदरूनी किले में कुरआन खुवानी से होगा जिसमें मदारिस के छात्रों के अलावा दरगाह मसाज़िद के सभी इमाम कुरआन का पाठ कर इसाले शवाब करेंगें । उन्होंने बताया कि कुरआन खुवानी के उपरान्त खुद्दाम व सदस्यों की दस्तार ( पगड़ी ) का कार्यक्रम होगा और महफिले क़व्वाली के समापन के बाद गिरदावर व खुद्दाम एक साथ नाल दरवाजा, जंजीरी गेट और कदम ए रसूल पर लगे परचम (झंडो) को पूरे अदब व एहतिराम के साथ तब्दील कर एक साथ साहिबे आस्ताना की मज़ार पर हाजिरी के लिये पेश हो कर देश की उन्नति शांति और भाई चारे की मजबूती के लिये दुआ करेंगें। हाजी सैय्यद अलीमुलहक़ने बताया कि देर शाम मकसूद अहमद रायनी के संयोजकत्व में नाल दरवाजे के सामने नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया है जिसमें कई प्रसिद्ध शायरों के अलावा स्थानीय शायर सम्मलित हो कर नात व मनकबत का नज़राना पेश करेंगे।

## बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए किया गया जागरूक

**नानपारा,बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील नानपारा अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा सभी विद्यालय में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अंतर्गत श्री कृपा राम जनजागृति हाईस्कूल अगैय्या में एक आयोजन कर बच्चों को जागरूक किया गया और बच्चों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा अपने शरीर के साथ साथ अपने परिवार जनों को भी निगल जाता है नशे के चक्कर में लोग लगत ढंग से वाहन चलाते है और दुघर्टना में अनेकों लोग प्रभावित होते हैं और तंबाकू जैसी घातक पदार्थ खा कर लोगों को कैंसर जैसी बीमारी हो रही है। लोग मदिरा पान करके फ़ेफड़ों को खराब कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय में अध्यापक शिवा सोनी, अभिलाष, राम प्रकाश, प्रमोद यादव, अमित, संदीप व विषमा, उम्मे सालमा, शाहिना परवीन इत्यादि उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राणप्रतिष्ठा पर विशाल भंडारा

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूरे देश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं, इसी क्रम में नानपारा में भी मिहींपुरवा रोड पर राम भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर देश भर में सनातनियों द्वारा धूमधाम से धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे हैं तो वहीं बहराइच जनपद के नानपारा में भी प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, इस दौरान भक्ति भजनों व जय श्री राम के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। रामभक्त अरविन्द गुप्ता ने कहा कि यह सनातनियों के लिए गौरव का क्षण है और इसे दिवाली की तरह धूमधाम से मनाया जाना चाहिए, क्योंकि इसी दिन प्रभु श्रीराम तंबू से अपने भवन में विराजे थे।

## आकर्षक का केंद्र बनी भव्य श्री राम शोभा यात्रा

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिन्दू युवा समिति जरवलरोड के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम मन्दिर के प्रथम पट्टोत्सव के अवसर पर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद और ब्यापार मण्डल अध्यक्ष सतेन्द्र शुक्ला ने भगवान श्रीराम,सीता,लक्ष्मण और हनुमान की आरती उतारकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया,शोभायात्रा शिव मंदिर जरवलरोड से प्रारंभ होकर जरवलरोड बाजार,सब्जी मंडी, तूफानी चौराहा,गल्ला मण्डी,बस अड्डा तिराहा, गोण्डा लखनऊ हाइवे से होते हुए शिव मन्दिर पहुंच कर समाप्त हो गई। हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष नमन गुप्ता ने बताया कि भब्य शोभायात्रा के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी मात्रा में स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। वही जरवल नगर पंचायत मे भी भव्य शोभा यात्रा निकाल कर पुरे नगर मे भर्मण किया यात्रा लखनऊ बहराइच हाइवे होते हुए पुनः नगर को लौट गयी, ग्राम पंचायत खेसुवा मे ग्राम प्रधान व आदर्श वर्मा प्रतिनिधि की अगुवाई मे ग्राम के मंदिर मे अखण्ड रामायण के पाठ का आयोजन किया गया व विशाल भंडारे का आयोजन कर भक्तो को प्रसाद का वितरण किया गया।

## आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती रात अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। घर में रखा,अनाज, गृहस्थी का सामान समेत हजारों का सामान जलकर राख हो गया।ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। जरवलरोड थानाक्षेत्र के अहिरन पुरवा अटवा गांव में शुक्रवार रात रामराज पुत्र नन्हे के घर में अचानक आग लग गई। धू धू कर आशियाना जलने लगा। आग की लपटों से घर में रखा अनाज,गृहस्थी का सामान, कपडा, समेत हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों ने कडी मसक्कत कर आग पर काबू पाया।गृह स्वामी रामराज ने बताया कि आग से करीब 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।समाचार लिखे जाने तक राजस्व कर्मियों नेअग्नि काण्ड पीडित को कोई भी राहत सामग्री नही दी गई है,जिससे पीडित में रोष ब्याप्त है।

## चरागाह की भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

**गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता।**देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।मामला जनपद के तरब गंज तहसील स्थित ग्राम नगवा का है,जहां सरकारी चारा गाह खलिहान और खाद गड्ढे की जमीन पर भू-माफिया ओं द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत की गई है।नगवा निवा सी पराग दत्त मिश्रा ने आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 अगस्त 2018 को उच्च न्यायालय ने उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश जारी किया था, ।

# युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानंद: रामाश्रय प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । स्वामी विवेकानन्द जयंती के पूर्व संध्या पर युवा दिवस के तहत फाजिलनगर के जितेंद्र स्मारक इंटर कालेज नारायनपुर कोठी में युवा दिवस वआज के युवा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि स्वामी जी आज के युवाओं के लिये आदर्श व प्रेणाश्रोत है।

स्वामी जी ने राष्ट्र के निर्माण में युवाओं के सहयोग की भूमिका के लिये जो रास्ता दिखाई वह आज भी प्रासंगिक है।आज जरूरत है कि स्वामीजी के बिचारो को समाज के हर तबकों को पहुचाने के लिये स्कूल के स्तर से ही अभियान शुरू करने की।स्वामीजी के बिचार को अपना करके ही हम राष्ट्र को विश्व स्तर पर पहचान दे सकते है। स्वामी जी ने कहा था कि उठो जागो तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाय। यह आज के युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत है। आज के युवा टेक्नोलॉजी, शिक्षा और रोजगार क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है लेकिन स्वामी जी के विचार उनको ओर आगे ले जाने में सहायक होगा। गोष्ठी को संजय सिंह, दिलीप कुमार, प्रवीण कुमार आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। संचालन राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस दौरान अजय नाथ तिवारी, प्रेम तिवारी, राजेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार, विनोद शर्मा, निलेश शर्मा, पंकज सैनी, संदीप, राहुल, उपेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# एक सौ इकसठ बकाएदारों का कनेक्शन कटा

- जोकवा फीडर के महासोंन गांव का मामला
- एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं उपभोक्ता ,जोड़ा जाएगा कनेक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। जोकवा फीडर अंतर्गत बिजली बकाएदारों के कनेक्शन काटने का सिलसिला लगातार जारी है।अकेले महासोन गांव में बड़ी संख्या में बकाएदारों का कनेक्शन काटा गया। जेई ने बताया कि 31जनवरी के बाद अधिभार छूट का प्रतिशत समाप्त हो जाएगा। ऐसे में शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराकर कनेक्शन चालू करा लें। शनिवार को महासोंन गांव में आयोजित कैम्प में पहुंचे बिजलीकर्मी संजय यादव,राजन चौधरी,असगर अली,अनिल यादव ने लाउडस्पीकर से गांव में प्रचार करते हुए बताया कि बकाएदारों के लिए उत्तर प्रदेश विद्युत कार्पोरेशन एकमुश्त समाधान योजना लेकर आया है। जिसमें ब्याज पर भी साठ प्रतिशत छूट का प्राविधान है। ऐसे में बकाएदारों को इस



योजना का लाभ उठाने हेतु अपने गांव में ही या फाजिलनगर कैंप कार्यालय आकर रजिस्ट्रेशन करा लेंना चाहिए।यह योजना केवल घरेलू उपभोक्ता के लिए ही नहीं बल्कि वाणिज्यिक,निजी संसाधन,निजी नलकूप या किसी कारखाना के बिजली उपभोक्ताओं के लिए भी उपलब्ध है। इस दौरान करीब 161उपभोक्ताओं पर लाखों रुपए बिजली बिल बकाया होने के कारण उनका कनेक्शन काट दिया गया हालांकि करीब 38 उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिल को जमा करने हेतु नामांकन शुल्क भी जमा किया ।इस संबंध में जेई अरुण कुमार ने बताया कि उपभोक्ता शीघ्र अपना बकाया जमा कर छूट का लाभ उठाएं ताकि उनका कनेक्शन जोड़ा जा सके। जिनके बिजली बिल में कोई गड़बड़ी है।वह मिलें उसे तुरंत दुरुस्त कराया जाएगा।

और बिजली का बिल देखकर मूर्क्षित हुई चानमती महासोन गांव निवासी चानमती पत्नी इंदल प्रसाद ने अनुसूचित जाति को योजना अंतर्गत फ्री कनेक्शन योजना के तहत फरवरी 2019 में घरेलू कनेक्शन कराया था। अभी तक उनके द्वारा बिजली बिल जमा नहीं किया गया है। शुक्रवार को जब उनको बिजली बिल जमा करने के लिए दिसंबर2024की पर्ची मिली तो उनका करीब पांच वर्ष का घरेलू कनेक्शन बिल पर्ची दो लाख चौरासी हजार की मिली जिसे देखकर वह मूर्क्षित हो गई।

# डीएम ने ऐमी गौशाला का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज विकास खण्ड ललौरीखेडा क्षेत्र अन्तर्गत अस्थायी ऐमी एवं ढकियानथा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि ऐमी गौशाला में 136 एवं ढकियानथा गौशाला में 156 निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिलाधिकारी ने गौवंशों की नियमित देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों के ईयर टैगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गौशाला में ठंड से बीमार गौवंशो की जानकारी ली और नियमित इलाज व देखरेख करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत



कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान बढ़ती ठंडक के दृष्टिगत उन्होंने ठंडक से बचाव हेतु गौशाला में गौवंशों पर बोरी की झूल एवं अलाव लगाने निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी ललौरीखेड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नेपाल बॉर्डर पर स्थिति गन्ना क्रय केन्द्रों का जिला गन्ना अधिकारी ने किया निरिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा इंडो नेपाल सीमा पर स्थिति गन्ना क्रय केंद्र बंदरबोझ का निरिक्षण किया गया हैं।यह क्रय केंद्र एलएच चीनी मिल के द्वारा संचालित किया जा रहा है।भारत और नेपाल सीमा पर

एलएच चीनी मिल के दो गन्ना क्रय केंद्र संचालित है।यह दोनों गन्ना क्रय केंद्र जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थिति है। यहाँ एक तरफ जहाँ पड़ोसी मित्र देश नेपाल देश की सीमा है।वही दूसरी ओर पड़ोसी राज्य उत्तराखंड राज्य स्थिति है।बंदरबोझ क्रय केंद्र पर दो राजस्व ग्राम बंदरबोझ एवं बूंदीभूड़ सम्बन्ध है। क्रय केंद्र चूका पर पांच राजस्व गाँव सम्बन्ध है।चीनी मिल में गन्ना अपूर्ति हेतु यहाँ के 906 किसानो को सदस्य बनाया गया है। यह सभी किसान सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला एवं पूरनपुर के माध्यम से चीनी मिल को अपने गन्ने की आपूर्ति



करते है। गन्ना क्रय केंद्र बंदरबोझ पर आज तक 23326 कुं गन्ने की खरीद की जा चुकी है।गन्ना क्रय केंद्र प्रभारी सतीश सिंह ने बताया की प्रति दिन 600 कुं गन्ने की उठान हो रही है। जबकि क्रय केंद्र चूका पर 36900 कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है।किसानो द्वारा बताया गया कि गन्ना यहाँ की मुख्य फसल है। यहां पर 80 प्रतिशत ज़मीन पर गन्ना बोया जाता है। बाकी ज़मीन पर धान,गेंहूँ,सब्जी उगाई जाती हैं। गाँव मे क्रय केंद्र लगा होने से काफी सुविधा है।समय से गन्ना उठान हो जाता है। तथा समय से गन्ना मूल्य का भुगतान भी चीनी मिल द्वारा किया जा रहा है। गन्ना किसान रामकिशन द्वारा बताया गया कि 29 दिसम्बर 2024 तक जो गन्ना चीनी मिल मे आपूर्ति किया गया था। उसका भुगतान उनके बैंक खाते मे आ गया है।इस अवसर पर राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत व गन्ना किसान राजेंद्र मौर्य, रामकिशन,संजय मौर्य, हरिश्चन्द्र,धर्मेंद्र, गुड्डू सहित अन्य किसान उपस्थित रहे हैं।

# नहर के पुल की रेलिंग को तोड़कर नहर में पलटा ट्रक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई में अयोध्या की ओर से आकर रायबरेली की ओर जा रहा ट्रक एक बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में शारदा सहायक नहर में जा गिरा। स्थानीय पुलिस के सहयोग चालक और परिचालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।रायबरेली अयोध्या राष्टीय राजमार्ग पर स्थित गांव राजामऊ में निर्माणाधीन पुल पिछले दो वर्षों में भी बन कर तैयार नहीं हो सका है।पुल के पास बाई पास ना बना कर जिम्मेदारों ने तिलोई मार्ग से मोहनगंज मार्ग के बीच शारदा सहायक नहर पटरी को बाईपास बना दिया। सामान्य सी सड़क पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन और स्थानीय लोग निकलने लगे। इसका परिणाम यह निकला कि यह मार्ग



बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसी सड़क के से मोहनगंज कस्बे की ओर पुल से मोड़ है जो काफी संकरा हैं। बड़े वाहनों को मोड़ पर काफी समस्या होती है लेकिन जिम्मेदारों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया। शनिवार की शाम को अयोध्या की ओर से आकर कबरई जा रहा ट्रक मोड पर अचानक बाइक आने से अनियंत्रित हो गया और नहर पुल की रेलिंग को तोड़कर नहर में जा गिरा। इस

## मोहनगंज पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के चालक और परिचालक को नहर से बाहर निकाला

दुर्घटना में ड्राइवर सुरेंद्र सिंह और क्लीनर बाल बाल बचे हैं। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से चालक और क्लीनर को ट्रक से बाहर निकाला गया। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि अयोध्या की ओर से आकर ट्रक रायबरेली को ओर जा रहा था। चालक और क्लीनर सुरक्षित है। शारदा सहायक के अवर अभियंता ने ट्रक द्वारा पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पुलिस को दी गई है।

# थाना जायस के समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

अमेठी,शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जायस थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने



सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष रवि कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने लगाया जनता दरबार, सुनी समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा लगातार क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांव के ग्रामीण व क्षेत्र पंचायत सदस्यो एव प्रधान उनसे मिलने के लिए कार्यालय आए हैं। ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं। ब्लॉक प्रमुख उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनती है। और उन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियो को गंभीरता पूर्वक दूरभाष पर समस्या के समाधान करने की निर्देश देती हैं। साथ ही ब्लॉक से संबंधित समस्याओं के लिए खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत,ग्राम पंचायत अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी से स्वयं समस्या का समाधान करवाती है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाती चली आ रही है। ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका समाधान भी करवाती है।

# सुभासपा का इसौली में जमे पांव, शुरू की कसरत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी इसौली विधानसभा क्षेत्र में पांव जमाने के लिए ''लंगोट'' कस ''कसरत'' शुरू कर दी है। पिछड़ी और अनसूचित की उप जातियों को पार्टी से जोड़ने की तगड़ी कवायद की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष विनीत सिंह पार्टी पदाधिकारियों के साथ मीटिंग करने का दौर शुरू कर दिया है। बैठक में पहुंच रहे व्यक्तियों को बड़े मार्मिक ढंग से समझा कर पार्टी से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सुभासपा जिलाध्यक्ष के कार्यशैली की ''दाद'' अन्य पार्टी के पदाधिकारी दे रहे हैं,जो अपने आप मे एक मिशाल है,जिसकी सराहना क्षेत्र में खूब हो रही है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर जिले के जिलाध्यक्ष विनीत सिंह पार्टी का विस्तार

## सुभासपा पहुंच रही वंचितों के ''द्वार''

और संगठन को और मजबूत बनाने के लिए ठोस रणनीति ही नही तैयार की है, बल्कि उस पर अमलीजामा भी पहनाने की तगड़ी कोशिश कर रहे हैं,जिससे की जिले के हर विधानसभा, तहसील,ब्लाक स्तर पर मजबूत कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी हों,जिससे समूचे जिले में पार्टी ''बरगद'' का पेड़ बनकर मजबूती के साथ खड़ी हो। एक बड़ी लाइन खींचने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। जो धरातल पर दिख भी रहा है। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष विनीत सिंह पूरी टीम के जिम्मेदार साथियों के साथ इसौली विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर मीटिंग किए। जिसमे वंचित,पिछड़े,गरीब समाज के बड़ी संख्या में बैठक में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने सुभासपा की नीतियों को तो बताने का कार्य किया ही,साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सूबे के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के संघर्षों के बारे में भी बताने का कार्य जैसे ही शुरू किया तो उपस्थित वंचित समाज के व्यक्तियों ने जिंदाबाद के खूब उद्घोष किया। राजनैतिक बैठक के माहौल में चारचांद लग गया। जैसे कि उन्हें मुंह मांगी मुराद मिल गई हो। एक बैठक प्रदीप के संयोजन में हुई। दूसरी मीटिंग बृजेश पाल,तीसरी बैठक बाबूलाल धुरिया और एक चौपाल रितेश राणा के अगुवाई में हुई। जिसमे वंचित समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा ही नही लिया बल्कि ढेर सारे व्यक्तियों ने पार्टी की सदस्यता भी ली। सुभासपा के कार्यक्रम को देखकर कई पार्टी के पदाधिकारियों ने दांतों तले उंगली दबाई। काश! मेरी भी पार्टी के जिलाध्यक्ष इसी तरह गरीबों के द्वार पहुंचते तो बात कुछ और ही न होती,बल्कि बात बन जाती।

## न्यूज 6 पेंटून पुल का विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

पूरनपुर।पेंटून पुल के शुरू होने से शारदा पार के लोगो ने ली राहत की सास लोगो को तहसील आदि मुख्यालय पर और भी जरूरी कार्य के 120 किमीमीटर से ज्यादा सफर तय करना पड़ता था। विधायक बाबूराम पासवान ने पूरनपुर के शारदा पुल के पेंटून पुल का विधि विद्यान पूजन कर फीता काटकर शुभारम्भ किया हैं।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामनगर विजय सिंह,प्रधान वासुदेव कुंडू,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा,धुर्व सिंह,योगेश कुमार उर्फ़ टुन्ना,राजकुमार सिंह,बाबा राघव दास, उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह,जेई अनूप कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे हैं।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सदर कोतवाली एवं सुनगढ़ी में की गई जनसुनवाई

पीलीभीत।डीएम संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने आज आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली सदर एवं सुनगढ़ी में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये।थाना समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, संबंधित थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन 375 मरीजो को वितरण की गई निशुल्क दवाई

पूरनपुर। रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स के द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मुस्तफाबाद में किया गया है। जिसमें संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद भदौरिया ने बताया कि प्रभागीय वन अधिकारी मनीष सिंह के सहयोग से मुस्तफाबाद में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया हैं।चिकित्सा शिविर में डॉक्टर सुधाकर पांडे,डॉक्टर शैलेश ने आए हुए मरीजों को देख कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई इस कैंप में लगभग 375 लोगों को निशुल्क दवाई वितरित करी गई हैं।क्लब के द्वारा समय-समय पर चिकित्सा कैंप अलग-अलग जगह और स्कूलों में लगाए जाते रहते हैं। परिषदीय विद्यालयो में कई बार नेत्र परीक्षण शिविर एवं अन्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्रभदौरिया प्रभागीय वन अधिकारी मनीष सिंह, रेंजर सहेंद्र यादव सहित कई वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## एपीओ की तहरीर पर धनपतगंज में दर्ज हुआ मुकदमा

बलदीराय। धनपतगंज विकासखंड के भरसडा गांव में जांच से बौखलाए ग्राम प्रधान ने पहले तो जांच करने से रोका नही मानने पर गाली गलौज के साथ एपीओ से जमकर अभद्रता की।एपीओ ने मामले की शिकायत थाना धनपतगंज पर की है। एपीओ की तहरीर पर धनपतगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना धनपतगंज के भरसड़ा गांव में इंटरलाकिंग सड़क निर्माण की शिकायत ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से की।जिसका संज्ञान लेकर अधिकारियों के निर्देश पर एपीओ धनपतगंज मृत्युंजय श्रीवास्तव जब जांच करने जाने लगे तो रास्ते मे कार्य दिखाने की बात पर एपीओ पर भड़क गए।गाली गलौज पर उतारू हो गए।उसके बाद एपीओ ने कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।और निरीक्षण के बाद जब एपीओ ब्लॉक परिसर पहुंचे तो ग्राम प्रधान शिव गोपाल भी पीछे आ धमके और एपीओ से अभद्रता ही नही शुरू की बल्कि गाली गलौज पर उतर आए।जमकर अभद्रता की।आरोप है कि हाथ मे लिये कागज को भी छीनकर फाड़ दिया।अपने साथ हुई अभद्रता की । इस बाबत थानाध्यक्ष धनपतगंज राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बिबेचना कर कार्रवाई होगी।

# श्रीराम शोभायात्रा में रामभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया आरती पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में शनिवार को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो कि कस्बा के प्रमुख प्राचीनतम मंदिरों के साथ ही आम जनमानस के दरवाजे पर पहुंची तो प्रभु श्रीराम के भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया और नारों जयकारों के साथ ही भक्तिमय गीतों से इलाका गुंजायमान रहा। अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर शनिवार को कस्बा सेमरौता के मेला धनुष यज्ञ मैदान से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के बाबा उजियार नाथ मंदिर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया इसके बाद राम जानकी मंदिर होते हुये गांव के गली गलियारों में भ्रमण किया जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपने अपने दरवाजे पर रंगोली बनाकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया गया। श्यामगंज चौराहे पर प्रसाद वितरित किया गया।भक्तिमय गीतों और नारों जयकारों से माहौल राममय रहा।राम भक्तों ने राम आयेंगे गीत पर खूब धमाल मचाया। कस्बा भ्रमण के बाद देर रात शोभायात्रा मेला धनुष यज्ञ मैदान पर पहुंची जहां पर राम भक्तों द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में हिमांशु अवस्थी, राहुल गुप्ता, राकेश सैनी, रवि सैनी, श्याम किशोर तिवारी सहित अन्य तमाम लोगों का सराहनीय योगदान रहा।इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, पूर्व ग्राम प्रधान विनय कुमार सिंह,आशीष मिश्रा,संतोष जायसवाल,विनीत कुमार मिश्रा, दयानंद अवस्थी, बद्री नारायण मिश्रा, बैजनाथ अग्निहोत्री, प्रमोद कुमार शुक्ला,जगदीश प्रसाद त्रिवेदी, राम प्रकाश प्रजापति, अरुण सोनी, निखिल अवस्थी,प्रशांत मिश्रा,चंदन बाबा, कमलेश बाजपेई सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## भटगवां में निकाली गई शोभायात्रा में विधायक ने आरती पूजन किया

गौरीगंज अमेठी,क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटगवां गौरीगंज में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर प्रतिष्ठा द्वादशी के उपलक्ष्य में हजारों श्रीराम भक्तों के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमें क्षेत्रीय विधायक राकेश प्रताप सिंह के साथ ही सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल हुये।गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला जी की दिव्य,अलौकिक एवं मनोरम शोभायात्रा में सम्मिलित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने शोभा यात्रा को भव्य और अलौकिक बनाने के लिये सभी रामभक्तों और नगर वासियों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के लोग बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जिन्होंने अपने सामने प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में विराजमान होते देखा है अन्यथा कई पीढ़ियां गुजर गई उनको इस क्षण का अवसर नही मिला। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय नागरिकों के साथ अन्य तमाम लोग शामिल रहे।

# ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा

संयुक्त राज्य अमेरिका में निरंकुश व दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। उनकी इस दलील से कतई सहमत नहीं हुआ जा सकता। दरअसल, अमेरिका में दक्षिणपंथी रुझानों वाला ऐसा वर्ग भी है जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है। बहरहाल, आशंका जतायी जा रही है कि तथ्यों की जांच की व्यवस्था समाप्त करने से झूठ और अफवाहों का तंत्र कालांतर कानून व्यवस्था के लिये भी बड़ी चुनौती बन सकता है। जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की सूचनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठेंगे। मेटा के इस कदम के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म भी दबाव में ऐसे कदम उठा सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति का पद संभालने जा रहे ट्रंप से खराब रिश्ते सुधारने हेतु मार्क जुकरबर्ग का कदम व्यावसायिक दृष्टि से तो समझ में आ सकता है, लेकिन सोशल मीडिया पर सूचनाओं की दृष्टि से यह एक गैरजिम्मेदार कदम है। जो दुनिया में विश्वसनीयता व सूचना अखंडता के लिये अच्छा संकेत नहीं है। विडंबना ही है कि सूचना सामग्री को मॉडरेट करने के लिये पेशेवर तथ्य-जांचकर्ताओं पर भरोसा करने के बजाय मेटा एक्स के रास्ते पर जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण ही है। पहले जांच-पड़ताल करके दी जाने वाली पोस्ट पाठकों व दर्शकों का भरोसा जगाती थी कि सूचना सामग्री विश्वसनीय है। लेकिन अब इस नियमन में ढील के निहितार्थों को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। आशंका है कि अब फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम व थ्रेड्स पर गलत सूचनाओं को नियंत्रित करना संभव नहीं हो पाएगा। जिससे ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा मिल सकता है। खासकर भारत के संदर्भ में देखें तो नफरत फैलाने वाले भाषण न केवल लोगों तक विश्वसनीय जानकारी की पहुंच को कमजोर कर सकते हैं बल्कि लोगों की राजनीतिक नेताओं का सामना करने की क्षमता को भी कमजोर कर सकते हैं। हम विगत में देखते रहे हैं कि 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' की धारणा लगातार गलत तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करती रही है। इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को खुली छूट देने के नुकसान को ही दर्शाती है। यदि झूठ की जहरीली बाढ़ को कम नहीं किया गया तो इसका समाज पर घातक असर पड़ सकता है। ऐसे में सामाजिक समरसता व शांति के लिये अधिक तथ्य जांचकर्ताओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। निश्चय ही जांच की व्यवस्था न होने का मतलब है शून्य जवाबदेही और झूठ व गलत सूचना फैलाने का खुला निमंत्रण।

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं स्वामी विवेकानन्द

**डॉ. सौरभ मालवीय**

स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय दर्शन से विश्व को परिचित करवाया। वह ज्ञान का अथाह भंडार थे। उनकी शिक्षाएं अनमोल हैं, तभी तो वह आज भी विश्व में करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। उनका आदर्श वाक्य है- ''उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।'' यह केवल एक वाक्य नहीं है, अपितु यह सफलता का मंत्र है। यदि हम इसे अपने जीवन में धारण कर लें, तो किसी भी कार्य में सफलता निश्चित है।

**शिक्षा प्रणाली**: स्वामी विवेकानन्द भारतीय शिक्षा के संबंध में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को महत्व देते थे। वह वैदिक एवं संस्कारों युक्त शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। वह कहते थे कि शिक्षा वही है, जो बालक के शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं चारित्रिक गुणों का विकास कर सके। शिक्षा गुरुगृह में ही प्राप्त की जा सकती है। शिक्षा मनुष्य को उसके आदर्श और असीम विकास की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। शिक्षा बालक का शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक विकास करता है। पढ़ने के लिए आवश्यक है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए आवश्यक है ध्यान, ध्यान से ही हम इंद्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते है। जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें, चरित्र गठन कर सकें और विचारों का सामंजस्य कर सकें वहीं वास्तव में शिक्षा कहलाने योग्य है। उनका मानना था कि मनुष्य अंतिम श्वास तक सीखता है। इसलिए वह कहते थे कि जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। स्वयं को कभी कमजोर मत समझो, क्योंकि ये सबसे बड़ा पाप है। दिन में एक बार स्वयं से अवश्य बात करो, अन्यथा आप विश्व के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति से बात करने का अवसर खो देंगे। इसका तात्पर्य है कि मनुष्य स्वयं से भी प्रेम करे, स्वयं को भी मान दे। यदि वह स्वयं को मान देगा, तो इससे उसके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। वास्तव में प्राचीन काल में बालक गुरुकुल में ही निवास करते थे। सदैव गुरु की निगरानी में रहने के कारण बाल्यकाल से ही उनका चरित्र निर्माण आरंभ हो जाता था। यह वह समय होता है जब बालक गीली मिट्टी के समान होते हैं। इस आयु में उन्हें जैसा आकार दिया जाए, वह उसी में ढल जाते हैं। उस समय शिक्षा महादान की भांति थी। विद्यार्थियों को शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती थी। इसका संपूर्ण व्यय राजा अथवा शासन वहन करता था। उनके आवास, भोजन, वस्त्र, चिकित्सा आदि की व्यवस्था शासन द्वारा की जाती थी। शिक्षा की यह एक उत्तम व्यवस्था थी। इसे आज भी आदर्श माना जाता है।

**आध्यात्मिक शिक्षा**: स्वामी विवेकानन्द केवल अक्षर ज्ञान को शिक्षा नहीं मानते थे। उनका कहना था कि शिक्षा आध्यात्मिक जागरूकता प्रदान करने वाली होनी चाहिए, जिससे अधिक शक्ति एवं आत्मविश्वास पैदा हो। वह युवाओं को आध्यात्म और योग के प्रति जागरूक करते थे। उनका मानना था कि आध्यात्म हमारी आत्मा को पवित्र करता है। यह मन को शांति प्रदान करता है। आध्यात्मिक व्यक्ति समाज को आदर्श समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी प्रकार योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। शरीर के स्वस्थ रहने से मन भी स्वस्थ रहता है। स्वामीजी आत्मनिर्भरता को महत्व देते थे। उनके अनुसार दूसरों पर निर्भर रहना मूर्खता है। उनका यह कथन सही है। मनुष्य को अपने परिश्रम से सबकुछ अर्जित करना चाहिए। दूसरों पर निर्भर रहने वाले लोग जहां अपना आत्मविश्वास खो देते हैं, वहीं वे समाज में अपने लिए विशेष सम्मान भी अर्जित नहीं कर पाते। उद्यम से सबकुछ प्राप्त किया जा सकता है। स्वामीजी कहते थे कि पवित्रता, धैर्य और उद्यम ये तीनों गुण एक साथ समायोजित होते हैं। बुराई एवं अपवाद की चिंता किए बिना कार्य करो, सफलता अवश्य प्राप्त होगी। शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने और कुछ जीविका प्राप्त करने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। ऐसी शिक्षा जो केवल आजीविका कमाने में सहायता प्रदान करती है, वह महान मूल्य नहीं रखती है।

**महिला शिक्षा**: स्वामी विवेकानन्द ने महिलाओं के साथ भेदभाव करने का जमकर विरोध किया। उन्होंने कहा था कि समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए, तभी हमारा समाज इस संकीर्ण सोच से बाहर आएगा। जिस दिन महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार से भेदभाव नहीं किया जाएगा, उस दिन हमारा राष्ट्र एवं समाज विश्व में सर्वोपरि होगा। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने पर विशेष बल दिया। वे कहते थे कि सभी प्राणियों में वही एक आत्मा विद्यमान है, इसलिए महिलाओं पर अनुचित नियंत्रण सर्वथा अवांछनीय है। वैदिक कालीन मैत्रेयी, गार्गी आदि पुण्य स्मृति महिलाओं ने ऋषियों का स्थान प्राप्त कर लिया था। सभी उन्नत राष्ट्रों ने महिलाओं को समुचित स्थान देकर महानता प्राप्त की है। जो देश, राष्ट्र महिलाओं का आदर नहीं करते, वे कभी बड़े नहीं हो पाए और न भविष्य में बड़े होंगे। उल्लेखनीय है कि 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता के कायस्थ परिवार में जन्मे स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व कर उसे सार्वभौमिक पहचान दिलाई। उनके बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। उनके पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक प्रसिद्ध अधिवक्ता थे। उनकी माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक विचारों की गृहिणी थीं। वह बाल्यावस्था से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। उनके घर में नियमपूर्वक प्रतिदिन पूजा-पाठ होता था। साथ ही नियमित रूप से भजन-कीर्तन भी होता रहता था। परिवार के धार्मिक वातावरण का उन पर भी प्रभाव गहरा पड़ा। वह अपने गुरु रामकृष्ण देव से अत्यधिक प्रभावित थे। उन्होंने अपने गुरु से ही यह ज्ञान प्राप्त किया कि समस्त जीव स्वयं परमात्मा का ही अंश हैं, इसलिए मानव जाति की सेवा द्वारा परमात्मा की भी सेवा की जा सकती है।

**ऐतिहासिक भाषण**: स्वामी विवेकानन्द ने 11 सितंबर 1893 को अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में ऐसा भाषण दिया था, जिसने समस्त विश्व के समक्ष भारत की गौरान्वित करने वाली छवि प्रस्तुत की थी। अपने भाषण में उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा था- ल्लअमरीकी भाइयों और बहनों, आपने जिस सौहार्द और स्नेह के साथ हम लोगों का स्वागत किया है, उसके प्रति आभार प्रकट करने के निमित्त खड़े होते समय मेरा हृदय अवर्णनीय हर्ष से पूर्ण हो रहा है। संसार में संन्यासियों की सबसे प्राचीन परम्परा की ओर से मैं आपको धन्यवाद देता हूं, धर्मों की माता की ओर से धन्यवाद देता हूं और सभी सम्प्रदायों एवं मतों के कोटि कोटि हिन्दुओं की ओर से भी धन्यवाद देता हूं। मैं इस मंच पर से बोलने वाले उन कतिपय वक्ताओं के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं, जिन्होंने प्राची के प्रतिनिधियों का उल्लेख करते समय आपको यह बताया है कि सुदूर देशों के ये लोग सहिष्णुता का भाव विविध देशों में प्रचारित करने के गौरव का दावा कर सकते हैं। मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूं, जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौम स्वीकृत- दोनों की ही शिक्षा दी हैं। हम लोग सब धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते वरन समस्त धर्मों को सच्चा मान कर स्वीकार करते हैं। मुझे ऐसे देश का व्यक्ति होने का अभिमान है, जिसने इस पृथ्वी के समस्त धर्मों और देशों के उत्पीड़ितों और शरणार्थियों को आश्रय दिया है। मुझे आपको यह बतलाते हुए गर्व होता हैं कि हमने अपने वक्ष में उन यहूदियों के विशुद्धतम अवशिष्ट को स्थान दिया था, जिन्होंने दक्षिण भारत आकर उसी वर्ष शरण ली थी जिस वर्ष उनका पवित्र मन्दिर रोमन जाति के अत्याचार से धूल में मिला दिया गया था। ऐसे धर्म का अनुयायी होने में मैं गर्व का अनुभव करता हूं, जिसने महान जरथुष्ट जाति के अवशिष्ट अंश को शरण दी और जिसका पालन वह अब तक कर रहा है। भाइयो मैं आप लोगों को एक स्रोत की कुछ पंक्तियां सुनाता हूं, जिसकी आवृति मैं बचपन से कर रहा हूं और जिसकी आवृति प्रतिदिन लाखों मनुष्य किया करते हैं -

रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिलनानापथजुषाम्। नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव?

अर्थात जैसे विभिन्न नदियां भिन्न भिन्न स्रोतों से निकलकर समुद्र में मिल जाती हैं उसी प्रकार हे प्रभो! भिन्न भिन्न रुचि के अनुसार विभिन्न टेढ़े-मेढ़े अथवा सीधे रास्ते से जानेवाले लोग अन्त में तुझमें ही आकर मिल जाते हैं।

**राष्ट्रीय युवा दिवस**: स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि विश्व के अधिकांश देशों में कोई न कोई दिन युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार वर्ष 1985 को अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया। प्रथम बार वर्ष 2000 में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरंभ किया गया था। संयुक्त राष्ट्र ने 17 दिसंबर 1999 को प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का अर्थ है कि सरकार युवा के मुद्दों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। भारत में इसका प्रारंभ वर्ष 1985 से हुआ, जब सरकार ने स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस पर अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिवस चुनने के बारे में सरकार का विचार था कि स्वामी विवेकानन्द का दर्शन एवं उनका जीवन भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत हो सकता है।

**लेखक – एसोसिएट प्रोफ़ेसर ,पत्रकारिता विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय**

**शिक्षा गुरुगृह में ही प्राप्त की जा सकती है। शिक्षा मनुष्य को उसके आदर्श और असीम विकास की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। शिक्षा बालक का शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक विकास करता है। पढ़ने के लिए आवश्यक है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए आवश्यक है ध्यान, ध्यान से ही हम इंद्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते है। जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें, चरित्र गठन कर सकें और विचारों का सामंजस्य कर सकें वहीं वास्तव में शिक्षा कहलाने योग्य है। उनका मानना था कि मनुष्य अंतिम श्वास तक सीखता है। इसलिए वह कहते थे कि जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। स्वयं को कभी कमजोर मत समझो, क्योंकि ये सबसे बड़ा पाप है। दिन में एक बार स्वयं से अवश्य बात करो, अन्यथा आप विश्व के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति से बात करने का अवसर खो देंगे। इसका तात्पर्य है कि मनुष्य स्वयं से भी प्रेम करे, स्वयं को भी मान दे।**

# युवावस्थाः शक्ति, जिम्मेदारी और भविष्य की ओर एक दृष्टि

**सुरेश सिंह बैंस 'शाश्वत'**

युवावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इस अवस्था में व्यक्ति, सामर्थ्यवान, शक्तिशाली, चैतन्यवान, स्फूर्तिवान इत्यादि अनेक गुणों से लबालब होता है, इसके बाद इन गुणों में क्रमशः कमी आती जाती है प्रायः वैसे देखा जाये तो भारतीय युवक दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा अधिक संयत और समझदार पाये जाते हैं। पश्चिमी दुनिया के युवक नशों के शिकंजे में अपने आपको जकड़ चुके हैं। वे मानव सभ्यता के विकास और सामाजिक जीवन की मर्यादाओं पर जरा भी विश्वास नहीं करते। उनका कहना है कि मानव समाज का संगठन प्रारंभ से ही कुछ ग़लत धारणाओं के आधार पर किया गया है। ऐसे समाज की जड खोदकर उसे समाप्त कर देना उनकी दृष्टि में एक पुण्य कार्य है। वही वे मर्यादाहीन उच्छृंखलता की सारी हदें पारकर चुके हैं।- जबकि भारतीय युवा जगत में अभी ऐसी मर्यादाहीन उच्छृंखलता देखने को नहीं मिलती हैं। अब से पचास साठ वर्ष पूर्व तक यहाँ का युवा वर्ग परिवार और समाज द्वारा अनुशासित था। अंग्रेजी शासन. सरकारी नौकरी में चुनाव के समय युवकों की शिक्षा और व्यक्तिगत योग्यताओं के साथ- उनके पारिवारिक परम्पराओं को भी महत्व देता था। इसलिये वाह्य व्यावहारिक जीवन में से आधुनिक होते हुये भी प्रायः जीवन के उन मूल्यों और अंधविश्वासों तक के प्रति आस्थावान बने रहते थे, जो उनके कुल में प्राचीनकाल से चले आ रहे थे। महात्मा गाँधी ने सन 1920 में युवा वर्ग को असहयोग आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। उक्त आंदोलन में सम्मिलित होने का अर्थ ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना ही नही था वरन अप्रत्यक्ष रूप से परम्परागत रीति, रस्म रिवाज़ों के प्रति विद्रोह करके बहुत सी पारिवारिक और सामाजिक मर्यादाओं को छिन्न भिन्न करना भी उसके अंतर्गत था। फिर पुनः सन 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश में युवा आंदोलन का दूसरा दौर शुरू हुआ। युवा वर्ग में इस समय यह भावना थी कि वे एक स्वतंत्र देश के स्वतंत्र नागरिक है और उनकी भावना की कदर होना चाहिये। दूसरी ओर नया शासक वर्ग ब्रिटिश शासनकाल से चली आई शिक्षा पद्धति को बिना बदले उन्हें अपनी मान्यताओं के अनुसार मर्यादाओं के नये सांचों में ढालना चाहता था। सन् 1965 के बाद से भारतीय युवा आंदोलन में एक नया मोड़ आया, समझदार युवकों ने देखा कि रोज़गार के दफ्तर खुले होने के बाद भी बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है। वंही दी जाने वाली शिक्षा का वास्तविक और व्यावहारिक जीवन में उपयोगी नहीं हो पा रहा हैं फिर भ्रष्टाचार और महँगाई निरंतर बढती जा रही है नैतिकता नाम की चीज़ समाज में नहीं रह गई है। गरीब और गरीब और अमीर पे अमीर होते जा रहे हैं, तब युवा वर्ग की अपनी निरुददेश्य उच्छृंखलता का परिज्याग कर निर्माण को किसी दिशा की ओर ले जाने वाले आंदोलन की आवश्यकता का एहसास हुआ। वे गम्भीर होकर विचार करने और अपने आंदोलन को सोद्देश्य पूर्ण बनाने की चेष्टा भी करने लगे। तभी गुजरात राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध हुआ आंदोलन एवं विधानसभा भंग करो आंदोलन का श्रीगणेश हुआ था। हमारे देश में युवा वर्ग की कुल जनसंख्या लगभग चालीस करोड़ के आसपास है, पर यह इतनी बड़ी शक्ति संगठन के अभाव में बिखरी पड़ी हैं। युवावर्ग की ऐसी कोई संस्था नहीं हैं जो इस शक्ति का प्रतिनिधित्व कर सकें। देश के विभिन्न राजनैतिक दल अपनी अपनी 'विचारधारा के अनुसार इसे संगठित करने का प्रयत्न करते हैं फिर उनका उपयोग अपने ही उद्देश्यों की पूर्ति के लिये करने लग जाते हैं। भारतीय युवक के सामने आज सबसे बड़ी समस्या अपने दिमाग की दृढ़ता और नैतिकता को कायम रखने की आवश्यकता है। हमारा देश आज राजकीय पुंजीवाद एकाधिकार तथा निजी पूँजीवाद एकाधिकार के कठिन संघर्ष के बीच से गुजर रहा है। दोनों ही अपने अपने तरीके से युवा वर्ग को आकर्षित करने का प्रयत्न कर रह है। बाहर से युवा वर्ग को नीति न्याय और सिद्धांत की बहुत सी बातें बताई जाती हैं। समाजवाद जनतंत्र और धर्म निरपेक्षता के ऊंचे आदर्श उनके सामने रखे जाते हैं -- किंतु युवक के सामने जब उन आदर्शो का हनन होता है तभी युवा आक्रोश जाग उठता है। अध्यापक अभिभावक और सामाजिक नेता छात्रो को प्रत्यक्ष रूप में कुछ सिखाते हैं और ठीक उसके विपरीत आचरण करने के लिये अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करते हैं। युवक अपने स्वभाव से सच्चा ईमानदार और नैतिकता पूर्ण आचरण पसंद करने वाला होता है।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए फायदेमंद है चांदी के बर्तन में खाना

जब चांदी के बर्तनों की बात आती है, तो वह हमारे दिमाग में रॉयल्टी की निशानी जैसा लगता है। हम सबको अक्सर अमीर और शाही लोगों को ही चांदी की थाली में खाना खाने की कल्पना करते देखते हैं। लेकिन आमतौर पर लोग चांदी की प्लेटों का उपयोग सिर्फ अपने धन और वर्ग को दिखाने के लिए करते हैं। लेकिन सच्चाई कुछ और है, प्राचीन काल में लोग किसी अन्य कारण से चांदी की प्लेटों में खाना खाते थे। चांदी की प्लेट न केवल धन और शौहरत के लिए, बल्कि आपकी सेहत के लिए अच्छी होती है। यदि आप चांदी के बर्तन में खाना खाते हैं, तो यह लंबे समय के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आइए यहां हम आपको चांदी की थाली में खाना खाने के फायदे बताते हैं। खाना परोसने के बाद खाना खाने में थोड़ा समय लगता है। ऐसे में विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी के बर्तन में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो खाने को हवा में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया से बचाए रखते हैं। इसलिए, चांदी के बर्तनों में खाना आपके लिए सेहतमंद माना जाता है। चांदी के बर्तनों में खाना खाने से आपके पाचन स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है। क्योंकि चांदी का आपके शरीर पर शीतलमय प्रभाव पड़ता है। जिससे आपका पाचन सुचारू रहता है और शरीर में मेटाबॉल्जिम को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इस तरह चांदी आपको दस्त, कब्ज और पेट दर्द जैसी बीमारियों के लिए अतिसंवेदनशील नहीं बनाती है। चांदी के बर्तन बैक्टीरिया के खिलाफ हमारी रक्षा करने में मदद करने के साथ-साथ आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली के कमजोर होने से भी बचाते हैं। यह आपको बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। चांझी के बर्तन में खाना खाने से आपके शरीर को कई पोषक तत्व भी मिलते हैं, जो आपके शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि चांदी के बर्तनों में खाना रखने से वह लंबे समय तक सही रखता है। इसके एंटी बैक्टीरियल गुण रोगाणुओं को मारते हैं, जिसके परिणामस्वरूप खाना लंबे समय तक सुरक्षित और सही रहता है।

## धर्म मंत्र

# भारत ही नहीं चीन और मिस्र में भी होती है सूर्य उपासना

इस क्रम में सबसे पहले जानें कोणार्क के सूर्य मंदिर के बारे में जिसे अंग्रेज़ी में ब्लैक पगोडा भी कहा जाता है। ये मंदिर भारत के उड़ीसा राज्य के पुरी में है। इसे लाल बलुआ पत्थर एवं काले ग्रेनाइट पत्थर से 1236-1264 ई.पू. में गंग वंश के राजा नृसिंहदेव ने बनवाया था। इसे यूनेस्को ने 1984 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था। कलिंग शैली में निर्मित यह मंदिर एक बारह जोड़ी चक्रों वाले, सात घोड़ों से खींचे जाते सूर्य देव के रथ के रूप में बना है। सूर्य को यहां बिरंचि नारायण कहा जाता था। चीन के बीजिंग में 1500 ई. में मियांग राजवंश के जियाजिंग सम्राट के बनवाये हुए सूर्य के मंदिर हैं। इस सूर्य मंदिर का प्रयोग इंपीरियल अदालत द्वारा पूजा के विस्तृत कृत्यों के लिए किया जाता था जिसमें उपवास, प्रार्थना, नाच और जानवरों की बलि भी होती थी। इस मंदिर की सबसे खास बात है लाल रंग का प्रयोग जो सूर्य के साथ जोड़ कर देखा जाता है। इसमें भोजन और शराब परोसने के लिए लाल बर्तन, रेड वाइन और सम्राट के लिए लाल कपड़े शामिल थे। मंदिर अब एक सार्वजनिक पार्क का हिस्सा है। प्राचीन मिस्र में, कई सूर्य मंदिर थे इन पुरानी स्मारकों में से अबू सिंबेल में रमसे के महान मंदिर, और पांचवें राजवंश द्वारा निर्मित परिसर शामिल थे। इनमें से केवल दो ही शेष बचे हैं,यूजरकैफ़ और न्यसेर। पांचवीं राजवंश के इन मंदिरों में आम तौर पर तीन खास चीजें होती थीं।

## पर्यटन



# मंदिरों के महागढ़ नाम से मशहूर जूनागढ़

गिरनार पहाड़ियों की गोद में बसा हुआ जूनागढ़ गुजरात का सबसे ऊंचा स्थल है। इस क्षेत्र में आठ सौ से ज्यादा हिंदू और जैन मंदिर हैं, इसलिए इसे मंदिरों का महागढ़ भी कहा जा सकता है। जानेंगे यहां आएं तो किन जगहों की सैर को बिल्कुल न करें मिस। गिरनार की तलहटी में स्थित और नागा साधुओं का संसार माना जाने वाला यह शिव मंदिर महाशिवरात्रि के दिन एक मिनी कुंभ मेले में परिवर्तित हो जाता है। विभिन्न जगहों से आए नागा साधु मंदिर में शिवजी की पूजा करते हैं और उनके हर-हर महादेव की नाद से गिरनार घाटी गूंज उठती है। इसे अघोरियों का मंदिर माना जाता है। लाल आंखों, बंधी हुई जटाओं और शरीर पर मली हुई भस्म के साथ अघोरी साधुओं की टोली स्वयं शिवजी के भूतों की टोली जैसी प्रतीत होती है। महाकाली और शिवजी के भक्त भवनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद यहां जरूर आते हैं। गिरनार के सबसे ऊंचे शिखर पर विराजमान श्री दत्तात्रेय का छोटा सा मंदिर बादलों भरी घाटी में खिले फूल सा प्रतीत होता है। गुजरात और राजस्थान तो अपनी वाव और बावलियों के लिए मशहूर है, किंतु सोरठ में ज्यादातर कुओं यानि वाव की कहानियां मजेदार हैं। नौ परतों वाले इस गहरे कुएं में पत्थरों की सीढ़ियां उतर कर जाना पड़ता है। इसके निर्माण से जुड़ी कहानी है कि महीनों की खुदाई के बाद भी जब कुएं में पानी नहीं निकला, तब एक ज्योतिषी की सलाह पर दो बहनों अड़ी औक कड़ी ने कुएं में कूदकर बलिदान देने का फैसला किया था। बलिदान के साथ ही कुंआ पानी से भर गया और आज तक यह सूखा नहीं है। दोनों बहनों की याद में कोई पास के पेड़ पर चूड़ियां और चुनरी बांधता है तो कोई प्रार्थना करता है। उपरकोट जूनागढ़ शहर का स्थापना से पहले गुजरात में रजवाड़े हुआ करते थे और सौराष्ट्र प्रदेश की यह नगर सोरठ राज्य का एक अहम हिस्सा थी। मौर्य राजाओं द्वारा बनवाए गए इस किले को हर राजवंश ने अपने वास्तुशिल्पों से तराशा और इस किले को अभेध गढ़ का खिताब दिलाया। जिन दुश्मनों ने किले की दीवार भेदने की कोशिश की, वे नीचे बनई खाई में गिरकर मगमच्छों का भोजन बन गए।

# महात्माओं की सेवा कर शूद्र से मुनि बने नारद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। कस्बा मसौली स्तिथ मां शक्ति काली पीठ मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचिका साध्वी पूनम ने कहा आपका स्वभाव है प्रेम करना प्रेम करना सिखाया नहीं जाता।हर व्यक्ति के अंदर स्वाभाविक रूप से प्रेम विद्यमान है अंतर यही है कोई धन से प्रेम कर रहा है, कोई तन से प्रेम कर रहा है, कोई संसार से प्रेम कर रहा है। लेकिन वही प्रेम हम भगवान से करने लग जाएं तो वहीं प्रेम भक्ति है। साध्वी पूनम ने नारद मुनि के तीन जन्मों की कथा का उल्लेख किया। उन्होंने ने कहा पहले जन्म में देवर्षि नारद उपबर्हन नाम के गंधर्व थे जिनका विवाह भी हुआ था।एक बार ब्रम्हा जी की सभा में सभी देवता ओर गंधर्व भगवान का संकीर्तन करने आए,तो वह भी अपनी स्त्रियों सहित वहां गए।पर कीर्तन की बीच में ही वह हंसी - मज़ाक करने लगे। जिन्हें देख ब्रम्हा जी को गुस्सा आ गया। उन्होंने नारद मुनि को सूद्र होने का श्राप दे दिया। इस श्राप से दूसरे जन्म में वह सूद्र हुए,इस जन्म में पैदा होने के बाद ही इनके पिता की मृत्यु हो गई। इनकी माता दासी का कार्य कर इनका भरण-पोषण करने लगी।एक दिन उनके गांव में कुछ महात्मा चतुर्मास बिताने आए तो नारद जी ने उनकी खूब सेवा की जिससे उनके सारे पाप धुल गए।जाते समय महात्माओं ने प्रसन्न होकर उन्हें भगवान नारायण के नाम जप व उनके स्वरूप का ध्यान करने का उपदेश दिया। एक दिन सांप के काटने से उनकी मां भी चल बसी तो यह अनाथों के नाथ दीनानाथ का भजन करने के लिए वन में चले गए।एक दिन जब नारदजी पीपल वृक्ष के नीचे बैठकर भगवान का ध्यान कर रहे थे,तब अचानक भगवान उनके हृदय में प्रकट हो गए।पर अपना दिव्य स्वरूप दिखाकर वह जल्द ही अन्तर्ध्यान हो गये। इसके बाद तो भगवान का दुबारा दर्शन करने के लिए नारदजी व्याकुल हो गए। इस मौके पर कथा आयोजक अमरीष वर्मा, गुड्डू यादव, राजू यादव, दिलीप कुमार, अशोक कुमार,बाबा शिव शरण दास, आदि के तमाम भक्त मौजूद रहे।

# एक दिवसीय कॅरियर मेला ‘उड़ान' का बतौर मुख्य अतिथि जिला जज ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कॅरियर मेला उड़ान का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलो एवं संस्थाओ द्वारा स्टॉल लगाये गये जिसमें 21 राजकीय हाईस्कूल एवं 17 राजकीय इण्टर कालेज और लगभग 20 स्वयंसेवी संस्था, बैंक, सरकारी एवं प्राइवेट कोचिंग संस्थानो द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसमें करीब 10 हजार छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अलग-अलग सेवा क्षेत्रों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। कॅरियर मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि, जिला एवं सत्र न्यायधीश श्री पंकज सिंह जी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात सम्मानित अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं बैज अलंकरण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक, श्री ओ0पी0 त्रिपाठी द्वारा स्वागत उदबोधन किया गया। जिसमें अतिथियों के स्वागत के साथ-साथ विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा अनुशासन, एकाग्रता और लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिज्ञासा का होना आवश्यक बत्ताया। कॅरियर मेले का प्रथम सत्र मोटीवेशनल स्पीच का रहा।



जिसमें मुख्य अतिथि जिला न्यायधीश द्वारा छात्राओ को मार्गदशन देते हुए, जीवन का महत्व, बड़ों का सम्मान, जीवन में खुश रहना, नयी टेक्नोलॉली का प्रयोग, पॉजिटिव थिंकिंग, दूसरो के कार्यों की प्रशंसा के लिये कहा गया। छात्रों से संवाद के दौरान जनपद न्यायधीश ने उनके प्रश्नों का उत्तर दिया और महात्मा गांधी एवं धीरू भाई अम्बानी के प्रेरक प्रसंगों से प्रेरणा लिये जाने की बात कही। जमीलुर्रहमान किदवई इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा कॅरियर गीत प्रस्तुत किया गया। इसी सत्र में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री डी0 के0 श्रीवास्तव जी द्वारा जीवन में अच्छे मित्रों के महत्व, आध्यात्म की शिक्षा, दैनिक अभ्यास, लक्ष्य का निर्धारण, जीवन में एकाग्रता और भगवान राम के चरित्र को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। डी0 आई0 जी0 लखनऊ सी0 बी0 सी0 आई0डी0 डॉ0 अखिलेश कुमार निगम जी द्वारा विद्यार्थियों को सम्वाद के माध्यम से मार्गदर्शित करते हुए आत्मविश्वास, सोशल मीडिया से दूरी, योगा और अपनी जिज्ञासा को बढ़ाते हुए प्रतिदिन का टास्क निर्धारण की सलाह दी गयी, साथ ही उन्होने बच्चों से उनके जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने की अपील की और सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलायी। कॅरियर मेले का द्वितीय सत्र प्रशासनिक एवं न्यायिक सत्र के नाम रहा जिसमें प्रमुख वक्ता सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक श्री देवव्रत जी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद के माध्यम से बताया गया कि कम समय में कैसे प्रोफ़ेशनल तैयारी करें साथ ही साथ उन्होने कौशल विकास की बात एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व को बताया। इसी सत्र में महिन्द्रा कोचिंग इन्सिटीट्यूट के अवनीश कुमार दीक्षित और प्रशान्त कुमार शर्मा द्वारा एस0एस0सी0, बैंक तथा सिविल सेवा की तैयारी आदि के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया और प्रारम्भ से ही विषयों के सही चयन तथा कॅरियर का पूर्व निर्धारण के बारे में मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में इंजीनियरिंग एवं प्रबन्धन के क्षेत्र में मशहूर एच0सी0 एल0 कम्पनी लखनऊ से आये हुये प्रतिनिधि ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए स्किल डेवलेपमेंट सोशल मिडिया के नियोजित प्रयोग, समय प्रबन्धन पर बल दिया। कॅरियर मेले के पंचम सत्र में विविध स्किल विकास, इनोवेशन डिजाइन, संगीत खेल कला, आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ उपस्थित रहें उनमें आई0टी0आई0 से आये हुए श्री अखिलेश द्वारा कक्षा 08 से ही आई0टी0आई0 में प्रवेश प्रक्रिया, आई0टी0आई0 के विभिन्न कोर्सेस के बारे में विद्यार्थियों को बताते हुए उनमें स्किल डेवलेपमेंट, अपने रूचि के कॅरियर के साथ-साथ विद्यार्थी जीवन से ही अपने कॅरियर इन्ट्रेस्ट को पहचानने के लिये कहा गया। इसी सत्र में निदेशक शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड उत्तरी क्षेत्र कानपुर के श्री विवेक कुमार जी द्वारा छात्रों से संवाद के माध्यम से समाज में सामन्जस्य की भावना, सकारात्मक सोच, दूसरों को प्रेरित करने की क्षमता, सही सोच और सही दिशा के साथ-साथ जीवन के चरणों में अनुशासित रहने के लिये कहा गया। बस्ती मण्डल से आये हुए विशेष न्यायधीश श्री सुनील कुमार निगम जी द्वारा जीवन में अनुशासन, स्वस्थ जीवन शैली, विषयों के सही चुनाव, चरित्र की दृढ़ता आदि के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में समापन सत्र में अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा (मा0), लखनऊ से आये हुए श्री विष्णु कुमार पाण्डेय जी छात्रो को अपने उद्बोधन के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने, एकाग्रता, लक्ष्य निर्धारण, कौशल विकास, और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकीय हाईस्कूल नित्तई द्वारा एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कॅरियर मेले में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों पर पंख पोर्टल की गतिविधियों जिसमें कॅरियर कार्ड, कैरियर विकल्पों को प्रदर्शित करने वाले बैनर, पोस्टर के साथ फीडबैक डायरी भी रखी गयी। जिसमें आगन्तुकों ने अपने अनुभव साझा किये। मुख्य अतिथि जिला न्यायधीश जी द्वारा सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की गयी।

# डीएम एसपी ने सुनी जहांगीराबाद में जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना जहांगीराबाद में आयोजित थाना समाधान दिवस दिवस में पूर्ण मनु योग से जन समस्याएं सुनी और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही थाना जहांगीराबाद में आरक्षियों के रहने के लिए निर्माणाधीन बैरक का भी निरीक्षण किया गया। निंदूरा प्रतिनिधित्व अमित गुप्ता की रिपोर्ट मुताबिक विकास खण्ड निंदूरा क्षेत्र के थाना कुर्सी व घुंघटेर तथा बड्डूपुर में माह के दूसरे शनिवार को थाना कुर्सी में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी फतेहपुर राजेश कुमार विश्वकर्मा ने की। कुल पांच शिकायतें ग्राम निन्दूरा, लिखना,खरिहानी पड़री और बिसई से आयी।सभी शिकायतें राजस्व से संबंधित थी। जिसमे से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य मामलों में थाना कुर्सी प्रभारी निरीक्षण गजेंद्र प्रताप सिंह ने समाधान हेतु हल्का लेखपाल व बीट दरोगा एवं सिपाहियों की टीम गठित करके रवाना किया। समाधान दिवस में एसडीएम ने सभी लेखपालों को सख्त दिशा निर्देश दिया कि पीड़ितों की हर संभव मदद समय से गुणवत्ता पूर्ण की जाए। उन्हें बार बार संबंधित मामलो में दौड़ाया न जाए,वहीं अवैध कब्जेदारों एवं सरकारी जमीन चारागाह, तालाब एवं बंजर भूमि पर अवैध कब्जेदारों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए। थाना घुंघटेर में राजस्व निरीक्षक कैलाश बहादुर और थाना अध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने जन समस्याएं सुनी। यहां पर राजस्व से संबंधित कुल छः प्रार्थना पत्र आए।जिसमें से एक का मौकेपर निस्तारण हो गया।बाकी मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम भेजी गई। थाना बड्ड पुर में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार और कानूनगो ने जन समस्याएं सुनी।यहां पर राजस्व से सम्बन्धित छः शिकायतें और पुलिस विभाग से संबंधित एक शिकायत आई। जिसमें से एक राजस्व और एक पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।इस मौके पर लेखपाल सर्वेश , प्रिंस शर्मा, अरविन्द कुमार, मोहित यादव, श्यामू सिंह,कपिलदेव एवं चकबंदी लेखपाल संजय सैनी मौजूद रहे । सिरौलीगौसपुर : कोतवाली बदोसराय में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने की।थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार के संयोजन में कुल 3 शिकायती प्रार्थना पत्र आये । एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया ।जबकि दो अन्य मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर भेजी गई।

# प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर भव्य भंडारा आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बनीकोडर बाराबंकी। अयोध्याधाम में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर अयोध्या प्रवेश द्वार कहे जाने वाले रामसनेहीघाट इलाके में भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है शानिवार को दरियाबाद ओवरब्रिज के निकट राम भक्तों ने भगवान राम की पूजा अर्चना की साथ ही प्रसाद का वितरण किया।कार्यक्रम के आयोजन पिंटू शुक्ला व शिवम तिवारी ने बताया कि गत 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की गई थी । क्षेत्र में राम भक्तों भारी उत्साह है।इस दौरान आनंद अवस्थी, सोनू यादव, राम मुनेश्वर यादव, पुष्पेंद्र सिंह, रामधन, राहुल यादव, केदार साहू, अनुज तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पिंटू शुक्ला व शिवम तिवारी द्वारा सहित तमाम राम भक्त मौजूद रहे।

## नये मंडल अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हाल ही में बाराबंकी जिले में 21 मंडल अध्यक्षों को नियुक्त किया गया है। बेलहरा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष करुणा शंकर शुक्ला का शनिवार को कस्बे के मौर्य मार्केट स्थित सिंह मोबाइल सेंटर पर भाजपा के सक्रिय सदस्य राहुल सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।राहुल सिंह ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष करुणा शंकर शुक्ला को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हम सब पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता है,हम सभी का लक्ष्य संगठन को मजबूत करना है। करुणा शंकर शुक्ला ने इस जिम्मेदारी के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और जिले के सभी नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं को जोड़कर चलने की बात कही गई। इस अवसर जिला कार्य समिति सदस्य सुनील सोनी,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामचंद्र वर्मा,अरुण सिंह,कमलेश मौर्य,रमेश मौर्य,वीरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## चार बजे तक ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर टाउन की विद्युत सप्लाई रविवार को सुबह 11 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक बंद रहेगी। विद्युत विभाग के जेई दयाल चंद ने बताया कि विद्युत तार बदले जाने की वजह से उक्त समयावधि में विद्युत सप्लाई ठप रहेगी

## ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम प्रतापगंज के निकट गन्ने की खोई लाद कर जा रहा ट्रैक्टर ट्राली मे अज्ञात डम्फर ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर चालक की दबकर मौत हो गयी।सतरिख थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर निवासी शिवदत्त पुत्र रामनरेश मौथरी स्थित आरबीएफ भट्टे पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता है शनिवार की भोर करीब 4 बजे ट्रैक्टर चालक शिवदत्त अपने साथी रामू पुत्र शिवलाल के साथ रुदौली स्थित गन्ना मिल से खोई लाद कर भट्टे पर जा रहा था हाइवे पर स्थित प्रतापगंज गांव के निकट पीछे से आ रहे अज्ञात डम्फर ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर हाइवे के किनारे करीब 20 फिट गहरे नाले मे जा गिरा जिसके नीचे ट्रैक्टर चालक शिवदत्त की दबकर मौत हो गयी। टक्कर के दौरान ट्रैक्टर के बोनट पर बैठा रामू दूर जाकर गिरा जो बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## निर्माणाधीन चौकी का एसपी ने लिया जायजा

**बेलहरा-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा में नये स्थान पर जनसहयोग से बनाई जा रही पुलिस चौकी का शनिवार दोपहर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण से संबंधित जानकारी इंस्पेक्टर अनिल सिंह से ली। एसपी ने बताया कि इस चौकी के निर्माण से न सिर्फ यहां तैनात पुलिस कर्मियों को सुविधाएँ मिलेगी बल्कि आने वाले फरियादियों के लिए भी अच्छी सुविधा होगी। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल के नेतृत्व में चल रहे निर्माण कार्य की सराहना की।

## समाधान दिवस में आई चार शिकायतें

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस मे चार शिकायते आई । जिसके निस्तारण के लिए सम्बन्धित कर्मचारियों को दी है।थाना समाधान दिवस मे सहादतगंज के मजरे जालिम पुरवा निवासी सावित्री पत्नी गुरु प्रसाद ने मायाराम पुत्र महावीर के खिलाफ पुश्तैनी मकान कब्जा करने के सम्बन्ध में शिकायत पत्र दिया।ढेडवा निवासी सलिल पुत्र प्यारेलाल ने चन्द्रकान्ता सिंह के खिलाफ मेड़बंधी सम्बन्ध की शिकायत पत्र दिया, ज्यौली निवासी मनोज कुमार पुत्र सम्पत्तलाल ने मुकुंदीलाल पुत्र श्रीपाल के खिलाफ नाली के विवाद की शिकायत पत्र दिया, आदमपुर निवासी संग्राम सिंह पुत्र राजाराम ने पवन कुमार पुत्र जगदीश के खिलाफ जमीन पर अवैध कब्जा के सम्बन्ध में शिक़ायत पत्र दिया। उक्त चारों शिकायतो पर प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह ने राजस्व एवं पुलिस की गठित टीम को निस्तारित करने का निर्देश दिया है।इस मौके पर कस्बा मसौली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल शर्मा, अभिनन्दन पांडे, रमेशचन्द्र, राज्स्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी ,लेखपाल अजय चौहान, धर्मानन्द,आदि लोग मौजूद रहे।

## फैक्ट्री में नकब जनी

**मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ागांव मोड पर स्थित इंटरलॉकिंग फैक्ट्री में बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने नकब लगाकर जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर ले गये। फैक्ट्री संचालक ने मसौली पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। बताते चले कि थाना मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित बड़ागांव मोड पर अमदहा के पूर्व प्रधान गुड्डू मौर्या की इंटरलाकिंग सीमेंट ईंट की फैक्ट्री स्थित है बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने नकब लगाकर जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी हो गया जिसकी शिकायत थाने पर दी गयी है।

# हडियाकोल आश्रम, परिदृश्य देख भाव विभोर हुए मंत्री सतीश, आयोजन की सीएम को देंगे जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। श्री रामवन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में चल रहे सेवा के महायज्ञ में आज खाद्य एवं रसद नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा व धर्मेन्द्र यादव ब्लाक प्रमुख देवां अपनी आहुति डालने आश्रम पहुँचे।मंत्री जी ने स्वामी रामज्ञान दास जी महाराज निःशुल्क ओपीडी सेन्टर में पहुंच कर स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर रोगहरण श्रीहनुमान जी के मन्दिर में दर्शन कर मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की तथा मन्दिर के महन्त भगवान दास जी से आर्शिवाद प्राप्त किया। दरिद्र नारायण की सेवा का परिदृश्य देख भावविभोर हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री जी को बताता हूँ कि प्रयागराज में तो 10 वर्षों में एक बार महाकुम्भ लगता है लेकिन मेरे जनपद में प्रति वर्ष हजारों लोगों को रोशनी बाँटने का महाकुम्भ लगता है। इस महाकुम्भ मे अब तक लाखों लोगों को जीवनदान मिल चुका है। ब्लाक प्रमुख देवां धर्मेन्द्र यादव जी ने निःशुल्क ओपीडी सेन्टर के बाहर शीघ्र इण्टरलाकिंग लगवाने का आश्वासन श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति को दिया।

# इटावा सफारी पार्क में 6 शेरनियों का नमूना लेकर प्रोटोकॉल के लिए विकसित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा। एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने, इटावा सफारी पार्क के बब्बर शेरों-शेरनियों में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) से लड़ने के लिए सफारी पार्क के विषेषज्ञों द्वारा प्रोटोकॉल विकसित किया गया है। सफारी पार्क के निदेशक डा0 अनिल कुमार पटेल ने बताया कि 6 शेरनियों और 3 शेरों के नमूनों की रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि कई प्रचलित एंटीबायटिक दवाओं के प्रति इनके शरीर में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) है, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ एंटी बायटिक दवाएं अब भी काम कर रही हैं। अब इस पर प्रोटोकॉल विकसित किया गया है, जिससे इन दवाओं के विवेकपूर्ण इस्तेमाल से शेरों में रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता आ जाए। हाल ही में तमिलनाडू वेटरिनरी एण्ड एनिमल सांइस यूनीवर्सिटी के मद्रास वेटरिनरी कॉलेज, चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में विशेषकर बब्बर शेरों में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किया गया है।

नये प्रोटोकॉल के तहत एंटीबायोटिक प्रयोग करने पर बब्बर शेरों एवं तेन्दुओं में अत्यन्त उत्साहजनक परिणाम प्राप्त होना इस बात का संकेत है कि दी जाने वाली एंटीबायोटिक का उन पर समुचित असर हो रहा है।उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व रेस्क्यू किये गये एक तेन्दुएं को लाने के तुरन्त बाद जांच में भी ज्यादातर एंटीबायोटिक के प्रति रेजिस्टेंस पाया गया था जो इस बात का द्योतक है कि कहीं न कहीं से उसके शिकार के द्वारा भी एंटीबायोटिक तेन्दुए के शरीर में प्रवेश कर रही थी। लेकिन नये प्रोटोकॉल के तहत उक्त तेन्दुआ का उपचार किये जाने से तेन्दुआ अब लगभग पूर्णतया स्वस्थ हो चुका है। इस सम्बन्ध में भी सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, मेरठ में आयोजित सेमिनार में विशेषकर तेन्दुआ पर एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) शोध पत्र भी प्रस्तुत किया गया है।

डॉ रॉबिन और डॉ आरके सिंह ने बताया कि हम यहां वास कर रहे बब्बर शेरों एवं तेन्दुओं के स्वास्थ्य और संरक्षण के लिए पूरी तरह सजग हैं। इसके साथ ही साथ यहां वास कर रहे भालुओं एवं हिरणों के स्वास्थ्य पर भी नजर रखी जाती है तथा एंटीबॉयोटिक आदि दवाओं का प्रोटोकॉल के तहत जरूरत पड़ने पर इस प्रकार प्रयोग किया जाता है कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस की सम्भावना नगण्य रहे एवं वन्यजीवों के स्वास्थ्य पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

# धरातल पर दिख रहा विकास , एसडीएम पूजा की पहल से बदलता सिद्धौर



प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान अभिलेख देखती एसडीएम सुश्री पूजा : फाइल फोटो

❑ और जिम्मेदारियों को आराधना बना कर काम कर रही है एसडीएम पूजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जब जिम्मेदार कार्य के प्रति गंभीर हो तो परिवर्तन होना तय है जो कि अब देखा भी जा रहा है विकास खंड सिद्धौर में जहां ईमानदारी की बुनियाद पर विकास की पटकथा लिखी जा रही है वहीं फील्ड पर इसका बारीकी से निरीक्षण भी हो रहा है ।

न खाऊंगी न खाने दूंगी कि नीति पर निकली एसडीएम पूजा के चलते विकास खंड सिद्धौर में बेपटरी रहने वाली शासकीय व्यवस्था पटरी पर है । जी हां हम बात कर रहे है विकास खंड सिद्धौर की जहां

## मेरा प्रयास है कि धरातल पर दिखे सरकारी योजनाएं : सुश्री पूजा

एसडीएम , प्रभारी बीडीओ सुश्री पूजा गुप्ता कहती है मेरा प्रयास है कि सरकारी योजनाएं सिर्फ कागज पर संचालित न हो धरा पर भी दिखे । सरकार द्वारा आमजन कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे है सचिवों को रोस्टर के हिसाब से पंचायत भवनों में बैठने ग्रामीणों की शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए है इसके अलावा आवास सत्यापन में हर पात्र व्यक्ति को ध्यान में रखने के साथ साथ उसे हर उस योजना का लाभ दिलाने का प्रयास है जिसके लिए वह व्यक्ति पात्र है । सुश्री पूजा यह भी बताती है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्थित में बर्दास्त नहीं किया जाएगा अगर शिकायत मिली व सत्यापन में सत्यता मिली तो ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी ।



एसडीएम सुश्री पूजा जी द्वारा जब से खंड विकास अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया गया है तब से विकास खंड में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिला है ऐसा देखा गया है कि मनरेगा हो या ग्राम विकास निधि हर कार्य में गुणवत्ता देखी जा रही है बीडीओ मैम स्वयं कार्यों का निरीक्षण करती है फील्ड पर दिखती है जिससे विकास कार्य धरातल पर दिखने लगे है ।
**रंजीत वर्मा ग्रामीणबिबियापुरघाट, सिद्धौर, बाराबंकी**

जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार ने खंड विकास अधिकारी की बागडोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही एसडीएम सुश्री पूजा गुप्ता को सौंपी है जिन्होंने जिलाधिकारी के विश्वास पर काम कर बेहतर परिणाम दिए है । विकास कार्यों में गुणवत्ता दिखने लगी तो वहीं मनरेगा में फैले भ्रष्टाचार की निगरानी के लिए उन्होंने एक गोपनीय कमेटी का गठन भी कर दिया जो मनरेगा के भीतर फैले मकड़जाल पर अपनी रिपोर्ट दे ताकि इस पर लगाम लग सके ।

इससे जहां बड़ा परिवर्तन देखा जा रहा है वहीं भ्रष्टाचार रूपी दीमक पर एसडीएम का चलने वाला चाबुक बंदरबांटी अफसरों के लिए सरदर्द बना हुआ है ।

बताते है कि विकास खंड का चार्ज संभालते ही पूजा ने अपने काम से मातहतो को संदेश दिया कि अब काम करने होंगे । ग्रामीणों को सरकारी कागज , जन्म प्रमाण पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर जैसे दस्तावेजों के लिए ब्लाक के चक्कर नहीं लगाने होंगे ? पंचायत भवन पर ही ये सभी कागज उपलब्ध होंगे इसके लिए भी रूपरेखा तैयार की गई यह कार्य अब धीरे धीरे दिखने भी लगा है ।

इसके अलावा एसडीएम द्वारा शुक्रवार को लगने वाली ग्राम चौपाल एवं उनमें आने वाली शिकायतों के निस्तारण संदर्भ में भी काफी एक्टिव दिखाई देती है । मीडिया द्वारा ग्रामीणों से बात की गई तो सिद्धौर ब्लाक के लोग बताते है कि जब से एसडीएम सुश्री पूजा ने विकास खंड में बतौर बीडीओ का चार्ज संभाला है।

तब से आमजन को उनसे सुलभता से मिलने अपनी बात रखने की पूरी छूट है साथ ही एसडीएम मैम को समस्याओं के निस्तारण क्रम में गंभीर देखा गया है इनके अनुसार ही एसडीएम साहिबा जनता दर्शन के समय आमजन से मुखातिब होती है तो उसके बाद फील्ड पर निकल कर मनरेगा , विकास निधि से कराए जाने वाले कार्यों का निरीक्षण करती है इसके अलावा बच्चों के भविष्य से जुड़े स्कूलों में शिक्षा की व्यवस्था , एमडीएम में भोजन की गुणवत्ता के साथ शिक्षकों की आमद रवानगी पर भी इनकी पैनी नजर रही है परिणाम यह है कि अब स्कूलों में शिक्षक समय से दिखाई देते है ।

एसडीएम पूजा के दो माह के कार्यकाल में जो बदलाव दिखा है वह इस बात का प्रमाण है कि जिम्मेदार काम करने पर आमादा हो जाए तो तस्वीर बदलने से कोई रोक नहीं सकता ।



नवागत बीडीओ द्वारा बेहतर कार्य किए जा रहे है पहले स्कूलों की स्थित बहुत खराब थी शिक्षक नियमित नहीं आते थे कभी एक आए तो एक गायब अब शिक्षकों में अनचाहा भय बना रहता है निरीक्षण कभी भी हो सकता कार्रवाई भी तय है । इसके अलावा जो विकास खंड कार्यालय पंचायत का अड्डा हुआ करता था वहां अनुशासन देखने को मिलता है एसडीएम ने अपने कार्य क्षमता से दिखा दिया कि विकास खंड कैसे चलता है ।
**शिव नारायण वर्मा ग्रामीण ग्राम जौवा सिद्धौर**



बीडीओ मैम को मैने चौपाल में सुना था , बेटियों के लिए प्रेरणा है मिशन शक्ति पर इनके विचार प्रभावित करते है । मैने इनका काम भी देखा शिकायतों को सुनने के साथ बिना टाल मटोल के निस्तारण क्रम में ध्यान देती है इनके समय से पंचायत सचिव लगातार गांव में आते है , सफाई कर्मी भी लगातार काम कर रहे है पंचायत भवन खुलता है हम लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी चौपाल या पंचायत भवन से मिल जाती है । **रजनी विश्वकर्मा उस्मानपुर सिद्धौर**

## आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी




राजकोट। युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पहले मैच में आसान जीत दर्ज करने वाली भारतीय महिला टीम आयरलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने दूसरे महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा खेल जारी रखकर श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। अपेक्षाकृत कम अनुभवी टीम उतारने के बावजूद भारत ने पहले वनडे में छह विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। कप्तान स्मृति मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखकर 41 रन बनाकर भारत को ठोस शुरुआत दिलाई जबकि प्रतिका रावल और तेजल हसब्निस ने शतकीय साझेदारी निभाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत के लिए यह जीत इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाजी की अगुआ रेणुका सिंह को विश्राम दिया गया है और वे इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाली रेणुका की अनुपस्थिति में टिटास साधु ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि सयाली सतघरे और साइमा ठाकोर ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की। स्पिन विभाग में प्रिया मिश्रा और उप कप्तान दीप्ति शर्मा ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। भारत का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा। उसने लीह पॉल को दो बार जीवनदान दिया जिससे आयरलैंड चार विकेट पर 56 रन से उबरकर 200 से अधिक रन बनाने में सफल रहा। आयरलैंड के लिए कप्तान गैबी लुईस ने 92 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन उन्हें मध्यक्रम से सहयोग नहीं मिला। पॉल ने भी जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा। आयरलैंड को अगर भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड के लिए सबसे बड़ी निराशा उसका गेंदबाजी आक्रमण रहा। तीन विकेट लेने वाली एमी मैगुइरे को छोड़कर उसके बाकी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ पाए जिससे भारत ने 15 ओवर शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर दिया।

टीम इस प्रकार हैंः

भारतः स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे।

आयरलैंडः गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्ज़ेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मैगुइरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे की समीक्षा करेंगे गंभीर और बीसीसीआई अधिकारी

एजेंसी

मुंबई। मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे की समीक्षा के लिए शनिवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे जिसमें प्रमुख बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य पर गहन चर्चा की जाएगी। न्यूजीलैंड (घरेलू) और ऑस्ट्रेलिया (विदेश) के खिलाफ लगातार श्रृंखलाओं में हार तथा लचर बल्लेबाजी के कारण कोहली और रोहित पर सवाल उठने लग गए हैं। बीसीसीआई की बैठक में भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से बदलाव का दौर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले या उसके बाद शुरू करने पर चर्चा होगी। हालांकि पूरी संभावना है कि इन दोनों सीनियर बल्लेबाजों को वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा। यह एक ऐसा प्रारूप जिसमें उन्होंने हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वे इस तथ्य पर भी गौर कर सकते हैं कि कोहली और रोहित दोनों ने 2023 में भारत में खेले गए विश्व कप के बाद 2024 में सिर्फ तीन एकदिवसीय मैच खेले हैं। इन दोनों ने यह तीनों मैच श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले थे। कोहली ने इन मैच में 24, 14 और 20 रन जबकि रोहित ने 58, 64 और 35 रन बनाए थे। लेकिन कुल मिलाकर, कोहली 50 ओवरों में चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन से यह दोनों खिलाड़ी अच्छी मानसिक स्थिति में लौट सकते हैं। जहां तक टेस्ट क्रिकेट की बात है तो स्थिति पूरी तरह से भिन्न है। भारत को अपनी अगली टेस्ट श्रृंखला इंग्लैंड के खिलाफ खेलनी है और इससे पहले कोहली और रोहित के खराब प्रदर्शन की समीक्षा जरूर की जाएगी ऑस्ट्रेलिया के दौरे में पर्थ में शतक लगाने के बावजूद कोहली 23.75 की औसत से केवल 190 रन ही बना सके। दूसरी तरफ पहले और पांचवें टेस्ट में नहीं खेलने वाले रोहित ने पांच पारियों में 6.2 की औसत से 31 रन बनाए। इसी तरह संभव है कि गंभीर के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ के प्रदर्शन की भी समीक्षा की जाए। उनसे बदलाव के इस दौर में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा जा सकता है। समीक्षा बैठक के अलावा अगरकर के नेतृत्व में चयनकर्ता शनिवार शाम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए भी बैठक करेंगे। भारत अपने सभी मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा और 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मैच के साथ अभियान की शुरुआत करेगा। टीम की घोषणा 12 जनवरी तक करनी है। चयनकर्ता बैठक के दौरान पीठ की ऐंठन से उबर रहे स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के फिटनेस स्तर का आकलन करेंगे। टखने की सर्जरी के कारण वनडे विश्व कप 2023 के बाद से नहीं खेलने वाले शमी को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से हरी झंडी मिलने की संभावना है। शमी ने हाल ही में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में खेले हैं। चयनकर्ता इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए भी टीम का चयन कर सकते हैं।

## मलेशिया ओपन 2025: सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

एजेंसी



नई दिल्ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी शुक्रवार को मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इस जोड़ी ने मलेशिया की येव सिन ओंग और ई यी टेओ की जोड़ी को 49 मिनट तक चले मुकाबले में 26-24, 21-15 से हराया। पिछले संस्करण के उपविजेता सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के वोन हो किम और सेउंग जे सियो से मुकाबला होगा। पहले गेम में सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 28 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में शुरुआती बढ़त बना ली। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने संघर्ष किया और मध्यांतर तक अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी। हालांकि, भारतीय जोड़ी ने स्कोर 11-11 से बराबर कर लिया। इसके बाद सात्विक और चिराग ने अविश्वसनीय वापसी की और अगले 17 में से 13 अंक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह पक्की की। जीत के बाद चिराग ने कहा, ल्लनिश्चित रूप से, साल की एक अच्छी शुरुआत। हम 2025 की इससे बेहतर शुरुआत नहीं कर सकते थे। हम अभी भी टूर्नामेंट में जितना संभव हो उतना आगे जाना चाहते हैं और आशा करते हैं कि हम ऐसा करेंगे। आयोजन स्थल को सर्वश्रेष्ठ में से एक बताते हुए उन्होंने कहाः एथलीटों के रूप में, ये वे स्टेडियम हैं जिनमें आप खेलना चाहते हैं, आप खचाखच भरे मैदानों में खेलना चाहते हैं। हम इससे बेहतर भीड़ की उम्मीद नहीं कर सकते थे। जाहिर है, वे मलेशियाई लोगों का समर्थन कर रहे थे क्योंकि वे स्थानीय जोड़ी थे। एक पेशेवर के तौर पर, यह खेलने के लिए सबसे अच्छे स्टेडियमों में से एक है।

## महिला हॉकी इंडिया लीग आईपीएल जैसा ही प्रभाव डालेगी : रानी रामपाल

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को उम्मीद है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) युवा लड़कियों के लिए ब्रिस्बेन और उसके बाहर 2032 ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का मंच तैयार करेगी। हाल ही में रोहतक में साई मीडिया से बात करते हुए, रानी को लगता है कि महिला एचआईएल का पहला संस्करण महिला हॉकी को उसी तरह बढ़ाएगा जैसे महिला प्रीमियर लीग ने महिला क्रिकेट के लिए किया था। रांची में 12 से 26 जनवरी के बीच होने वाली पहली महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं। रानी रामपाल पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। सहायक स्टाफ के रूप में यह उनका पहला कार्यकाल होगा। हरियाणा की 30 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, को लगता है कि एचआईएल सही समय पर आई है जब महिला हॉकी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद बदलाव की कोशिश कर रही है। रानी ने साई मीडिया से कहा, इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीते क्योंकि इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग द्वारा रखी गई थी। अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद, हमें 2032 और 2036 ओलंपिक में कई प्रतिभाशाली युवा महिलाओं को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते देखने को मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा। एचआईएल की शुरुआत 2013 में छह पुरुष टीमों के साथ हुई थी। बड़े पैमाने पर व्यावसायिक कारणों से बंद होने से पहले इसे पांच साल तक खेला गया था। इसे सात साल बाद एक अतिरिक्त महिला लीग के साथ पुनर्जीवित किया गया। महिला क्रिकेट की प्रमुखता के संदर्भ में महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की सफलता को याद करते हुए रानी ने आगे कहा, ल्लमहिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) के माध्यम से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इस खेल का अनुसरण करना शुरू कर दिया। रानी ने 'वॉल' श्रीजेश को भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कोच के रूप में सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा, श्रीजेश के पास लगभग 20 वर्षों का अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। जूनियर टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी क्योंकि उन्हें पता चल जाएगा कि उच्च स्तरीय दबाव की स्थिति में कैसे प्रदर्शन करना है। कोचिंग मानसिकता के बारे में बात करते हुए रानी ने कहा कि उनमें और श्रीजेश में कुछ चीजें समान हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये सईम के खेलने पर फैसला जल्द, पीसीबी को भारत के खिलाफ उसके खेलने की उम्मीद

**लाहौर।** पाकिस्तान के बल्लेबाज सईम अयूब ने अपने टखने की चोट के लिये लंदन के आर्थोपीडिक सर्जन से चेकअप करा दिया है लेकिन एक सप्ताह बाद ही पता चलेगा कि वह अगले महीने चैम्पियंस ट्रॉफी खेल सकेंगे या नहीं। सईम को लंदन के दो मशहूर आर्थो सर्जन डॉक्टर डेविड रेडफर्न और डॉक्टर लकी जेयासीलान ने देखा है। सईम के करीबी सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि वह 23 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ होने वाले मैच तक फिट हो जायें। उन्होंने कहा कि अगर डॉक्टर कहते भी है कि वह चैम्पियंस ट्रॉफी में 19 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के पहले मैच तक फिट नहीं होते लेकिन भारत के खिलाफ मैच तक फिट हो जायेंगे तो चयनकर्ता और पीसीबी जोखिम उठाने को तैयार हैं। पीसीबी को विशेषज्ञों की रिपोर्ट अगले सप्ताह तक मिलेगी लेकिन प्रारंभिक चेकअप में किसी सर्जरी की जरूरत से इनकार किया गया है।

### श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को तीसरे वनडे में 140 रन से हराया

**आकलैंड।** असिथ फर्नांडो और महीष तीक्षणा के छह विकेट की मदद से श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 29.4 ओवर में 150 रन पर आउट करके तीसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच 140 रन से जीत लिया । फर्नांडो ने 26 रन देकर और तीक्षणा ने 35 रन देकर तीन तीन विकेट लिये । न्यूजीलैंड की टीम जीत के लिये 291 रन के लक्ष्य के जवाब में 150 रन पर आउट हो गई । एशान फर्नांडो ने भी 35 रन देकर तीन विकेट चटकाये । न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की । पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले यह उसका आखिरी मैच था । इससे पहले पाथुम निसांका के 66 रन की मदद से श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 290 रन बनाये । न्यूजीलैंड के लिये मैट हेनरी ने 55 रन देकर चार विकेट लिये । न्यूजीलैंड की पारी में मार्क चैपमैन ने 81 गेंद में 81 रन का योगदान दिया ।

### जस्ट डायल का दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 131 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** स्थानीय सर्च इंजन जस्ट डायल लिमिटेड का दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 42.7 प्रतिशत बढ़कर 131.31 करोड़ रुपये हो गया है। जस्ट डायल ने शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही के नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान अवधि में उसका शुद्ध लाभ 92.01 करोड़ रुपये था। अब इसका नियंत्रण रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के पास है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 8.4 प्रतिशत बढ़कर 287.33 करोड़ रुपये हो गया। जस्ट डायल ने अपने तिमाही नतीजों में कहा, 'कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व हासिल किया। इससे डिजिटल सेवाओं में अग्रणी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। इसका आलोच्य तिमाही में कुल व्यय 215.57 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही से 1.55 प्रतिशत कम है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कुल आय 7.3 प्रतिशत बढ़कर 364.74 करोड़ रुपये रही। जस्ट डायल के मुख्य वृद्धि अधिकारी श्वेतांक दीक्षित ने कहा कि जस्ट डायल का ध्यान परिचालन दक्षता बनाए रखते हुए राजस्व वृद्धि को तेज करने पर बना हुआ है।

### बीआर आदित्यन आईटीएफ पुरुष एम25 फ्यूचर्स टेनिस 13 जनवरी से

**चेन्नई।** चेन्नई में 13 से 19 जनवरी के बीच खेली जाने वाली बीआर आदित्यन आईटीएफ मेन्स एम25 फ्यूचर्स टेनिस में भारत समेत 14 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एसडीएटी-टेनिस स्टेडियम में आयोजित 30 हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा फ्रांस, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, ग्रीस, जापान, यूक्रेन, चेक गणराज्य, उज़्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका,मोरक्को, स्विट्ज़रलैंड, कजाकिस्तान, कोरिया और इंडोनेशिया के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। विजेता टीम को 25 एटीपी अंक और उपविजेता 16 एटीपी अंक प्राप्त होंगे। भारतीय चुनौती का नेतृत्व डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन करेंगे। ड्रा में शामिल अन्य भारतीयों में पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मनीष सुरेश,कुमार, करण सिंह और वर्तमान राष्ट्रीय उपविजेता नितिन कुमार सिन्हा शामिल हैं। मुख्य ड्रा के लिए चार वाइल्ड कार्ड मनीष सुरेश कुमार, प्रणव कार्तिक,नितिन कुमार सिन्हा और सिद्धांत बांठिया उपलब्ध रहेंगे।

## भारत-इंग्लैंड मैच के लिए टिकट की बिक्री रविवार से होगी शुरू

एजेंसी




चेन्नई। भारत और इंग्लैंड के बीच 25 जनवरी को यहां खेले जाने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए टिकटों की बिक्री रविवार से शुरू होगी। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि टिकटों की कीमत 1500 रुपये से शुरु होंगी जिसकी अधिकतम कीमत 12 हजार रुपये रखी गयी है। क्रिकेट प्रेमी अपने टिकट ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म 'डिस्ट्रिक्ट बाय ज़ोमैटो' मोबाइल ऐप या आधिकारिक वेबसाइट से बुक कर सकते हैं। एमए चिंदबरम मैदान में खेले जाने वाले मैच के लिये कार पार्क और दोपहिया पार्किंग कलैवनार अरंगम (वल्लाजाह रोड) पर उपलब्ध रहेगी जबकि कार पार्किंग चेपक रेलवे कार पार्किंग, विक्टोरिया हॉस्टल (विक्टोरिया हॉस्टल रोड), ओमनडुरार मेडिकल महाविद्यालय परिसर में रखी गयी है। स्टेडियम को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है और कोई प्लास्टिक बैग या कोई अन्य प्लास्टिक ले जाने की इजाजत नहीं होगी। सभी स्टैंडों में जनता और ऑनलाइन खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए मुफ्त पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। गेट पर बारकोड/क्यूआर कोड के साथ ई-टिकट स्कैन करके प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रवेश द्वार मैच से दो घंटे पहले खोले जाएंगे।

## श्रीलंका दौरे के लिए 100 प्रतिशत फिट हो जाऊंगा : नाथन लियोन

एजेंसी

मेलबर्न। अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने पुष्टि की है कि वह ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे के दौरान दो टेस्ट खेलने के लिए 100 प्रतिशत फिट होंगे। श्रीलंका दौरा 29 जनवरी से शुरू होगा। श्रीलंका दौरे के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का अंतरिम कप्तान नियुक्त किया गया है। स्मिथ पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करेंगे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं और हाल ही में घरेलू गर्मी के दौरान टखने की हल्की समस्या से उबर रहे हैं। युवा स्पिनर टॉड मर्फी और मैथ्यू कुह्नमैन के साथ नाथन लियोन भी टीम का हिस्सा हैं। उम्मीद है कि यह तिकड़ी श्रीलंका की टर्निंग पिचों पर अहम भूमिका निभाएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान लियोन को कूल्हे में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ा और उन्होंने 36.88 की औसत से नौ विकेट लिए। लियोन ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के हवाले से कहा, ''यह समझाना कठिन है; मैं चिकित्सीय दृष्टि से बहुत अच्छा नहीं हूं। यह मेरे कूल्हे में एक छोटे बर्सा [द्रव की थैली] की तरह है। मैंने इसे बढ़ा दिया और यह दर्दनाक रहा है। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद मेरा स्कैन हुआ। सभी चीजें ठीक चल रही हैं, यह ठीक हो रहा है। मैंने शुक्रवार को दौड़ और जिम सत्र किया। मैं संपर्क से बचने की कोशिश कर रहा हूं। मैं 100 प्रतिशत फिट हो जाऊंगा। लियोन, जिन्होंने 2016 में कोलंबो टेस्ट के दौरान 87 ओवर फेंके थे, उन्हें टर्निंग ट्रैक की नहीं, बल्कि कुछ अच्छे क्रिकेट विकेट की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मैंने मूल रूप से सोचा था कि यह स्पिन के अनुकूल होगा, लेकिन मुझे लगता है कि यह 2022 में दूसरे टेस्ट के समान होगा जब दिनेश चंडीमल ने 206 रन बनाए थे। यह कठिन काम होगा, लेकिन मुझे संदेह है कि हम पांच स्पिनर के साथ खेलेंगे।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025 में 'थोड़ा कमजोर' रहने की आशंका: आईएमएफ एमडी

एजेंसी

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा है कि स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 'थोड़ा कमजोर' रहने की आशंका है। जॉर्जीवा ने कहा कि उन्हें इस साल दुनिया में मुख्य रूप से अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर काफी अनिश्चितता नजर आने की संभावना दिख रही है। उन्होंने शुक्रवार को अपनी वार्षिक मीडिया गोलमेज बैठक में कहा कि वर्ष 2025 में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहने की संभावना है लेकिन इसमें क्षेत्रीय भिन्नताएं देखने को मिलेंगी। जॉर्जीवा ने पिछले कुछ वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025 में थोड़ा कमजोर होने की आशंका भी जताई। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कुछ अधिक नहीं बताया। विश्व अर्थव्यवस्था परिदृश्य पर आने वाली रिपोर्ट में इस बारे में अधिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारी अपेक्षा से काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, यूरोपीय संघ (ईयू) कुछ हद तक रुका हुआ है, (और) भारत थोड़ा कमजोर है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्राजील कुछ हद तक उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है। जॉर्जीवा ने कहा कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में मुद्रास्फीति कम होने से पैदा होने वाले दबाव और घरेलू मांग को लेकर जारी चुनौतियों की स्थिति नजर आ रही है। जॉर्जीवा ने कहा, निम्न आय वाले देश अपने सभी प्रयासों के बावजूद ऐसी स्थिति में हैं, जहां कोई भी नया झटका उन पर काफी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा, आशंका है कि 2025 में आर्थिक नीतियों के मामले में काफी अनिश्चितता रहेगी।

## सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 250 रुपये से लेकर 270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है।

# कैग की रिपोर्ट पर भाजपा ने आआपा पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- शराब नीति से हुआ 2026 करोड़ रुपये का राजस्व का घाटा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर शराब नीति के कारण 2,026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान होने का आरोप लगाया है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कहा था कि वे दिल्ली में पाठशाला बनाएंगे लेकिन इन्होंने मधुशाला बना दी। शराब नीति के कारण दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान हुआ। इसके कारण जांच हुई और आम आदमी पार्टी के आठ मंत्री, 15 विधायक जेल गए। इसलिए आप-दा को दिल्ली से जाना बेहद जरूरी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के शराब घोटाले पर सीएजी द्वारा



10 मुख्य मुद्दों की जांच रिपोर्ट से साफ़ है कि इनकी सरकार भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबी हुई है। केजरीवाल को बताना चाहिए कि दिल्ली प्रदेश को 2026 करोड़ रुपये की राजस्व हानि हुई तो उस हानि का मुनाफा किसे हुआ दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने पाठशाला बनाने की बात कहकर जगह-जगह मधुशाला खुलवा दी।

सीएजी के 10 मुख्य मुद्दों की जांच रिपोर्ट के अनुसार आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली शराब घोटाले की वजह से 2,026 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है। सीएजी रिपोर्ट के निष्कर्षों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि शराब घोटाले के किंगपिन अरविंद केजरीवाल ही हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट के निष्कर्षों में शराब नीति के उद्देश्यों से विचलन के साथ विशेषज्ञ पैनल द्वारा दिए गए सुझावों को नजरअंदाज करना शामिल है। इसके साथ शिकायतों के बाद भी बोली लगाई गई, लाइसेंस जारी करने में नियमों का उल्लंघन किया गया, नियमों के उल्लंघन करने वालों को सजा नहीं दी गई। मूल्यनिर्धारण में पारदर्शिता नहीं बरती गई और एक्सपर्ट कमेटी और कैबिनेट की अनुमति नहीं ली गई। इसलिए शराब घोटाले का किंगपिन केजरीवाल है।

उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल की रिपोर्ट नहीं है बल्कि कैग की रिपोर्ट है। आम आदमी पार्टी ने तथ्यों को छुपाने के लिए सीएजी की रिपोर्ट को विधानसभा के पटल नहीं रखा। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील कि जो 11 साल पहले जो कहता था कि वो बड़ी गाड़ी नहीं लेंगे उन्हें दिल्ली की सत्ता से बाहर करने का वक्त आ गया है।

# प्रधानमंत्री के जम्मू-कश्मीर के दौरे से पहले गगनगीर और सोनमर्ग इलाकों में अभेद्य की गई सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 'जेड-मोड़' सुरंग का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे से दो दिन पहले शनिवार को गगनगीर और सोनमर्ग इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बना दिया गया है। इस सुरंग का निर्माण 2400 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। एक बार चालू होने के बाद सुरंग रोजगार, व्यापार, अमरनाथ यात्रा, लद्दाख क्षेत्र की यात्रा और सोनमर्ग हिल स्टेशन में साल भर पर्यटन में मदद करेगी।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिन स्थानों पर प्रधानमंत्री मोदी साइट का उद्घाटन करेंगे और जनसभाएं करेंगे। उन्हें विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। प्रधानमंत्री मोदी नीलग्राद हेलीपैड पर उतरेंगे और फिर 'जेड-मोड़' सुरंग के उद्घाटन के लिए गगनगीर जाएंगे जो सोनमर्ग को हर मौसम में खुला रहने वाला गंतव्य बना देगा।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा की बाहरी परतों का प्रबंधन जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबल कर रहे हैं जबकि पहाड़ों की चोटियों और दूरदराज के इलाकों सहित सुरक्षा की सबसे बाहरी परत की देखभाल सेना कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी पर ध्यान दिया जा रहा है। वीवीआईपी सुरक्षा को दोषरहित बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, एक्सेस कंट्रोल और ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कोई जोखिम नहीं लिया जा रहा है और प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नीलग्राद, सोनमर्ग, गगनगीर, गुंड, हकनार, सरफ्रा और अन्य इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। गगनगीर और सोनमर्ग से गुजरने वाले श्रीनगर-लेह मार्ग पर दो दिनों के लिए यातायात रोक दिया गया है।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात, आईजीपी कश्मीर वी.के. बिरदी, आईजीपी सुरक्षा सुजीत कुमार और अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के समाप्त होने तक सोनमर्ग में रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था का कई बार ड्राई रन किया जा चुका है और प्रधानमंत्री मोदी के आने तक यह लगातार जारी रहेगा। 'जेड-मोड़' सुरंग के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला मौजूद रहेंगे। सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक सड़क के उस हिस्से को बाइपास करेगी जो सर्दियों के महीनों में भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण परेशानी भरा हिस्सा और बंद रहता है। जेड-मोड़ सुरंग गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी 2-लेन वाली सड़क सुरंग है। इसका नाम सड़क के उस-आकार वाले हिस्से के नाम पर रखा गया है जिसे सुरंग में बदल दिया है।

गौरतलब है कि पहले इस्तेमाल की जाने वाली सड़क हिमस्खलन से बंद हो जाती थी और कई महीनों तक बंद रहती थी लेकिन 'जेड मोड़' सुरंग सोनमर्ग पर्यटन शहर को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

# पेज एक का शेष

## सत्य...

वह किसी से छिपी नहीं है। वर्ष 2014-2017 के पहले अयोध्या को बमुश्किल तीन-चार घंटे बिजली मिलती थी। राम की पैड़ी में सरयू जी का जल सड़ता रहता था। हजारों वर्ष पहले लंका पर विजय प्राप्त करने के उपरांत भगवान पुष्पक विमान से अयोध्या पधारे थे। हजारों वर्ष बाद भी अयोध्या में एयरपोर्ट नहीं था, लेकिन आज अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। अयोध्या की सड़कें त्रेतायुग का स्मरण करा रही हैं। सरयू मैया के घाट अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। राम की पैड़ी में अब सरयू जी का जल सड़ता नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 जनवरी से प्रयागराज की धरती पर महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है। अयोध्या जैसी भव्य सुविधा प्रयागराज में प्राप्त होने वाली है। प्रयागराज महाकुम्भ भव्यता-दिव्यता, आस्था व आधुनिकता के संगम के रूप में देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी से अनुरोध किया कि एक बार जाकर त्रिवेणी में स्नान कीजिए और सनातन धर्म के बढ़े गौरव का मूर्त रूप देखकर आइए।

समारोह में हनुमान गढ़ी मंदिर महंत धर्मदास महाराज, ज्ञानी गुरजीत सिंह, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय, विहिप के संरक्षक दिनेश चंद्र, कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक अभय सिंह, विधायक अमित सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या...

मुख्यमंत्री ने विधिवत दर्शन-पूजन के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से आशीर्वाद लिया। योगी ने साधु-संतों के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया। इसके पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या पहुंचने पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने रामकथा पार्क में मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर अयोध्या में सुबह 6 बजे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे से गर्भगृह में रामलला का महाभिषेक शुरू हुआ था। उत्सव में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र सहित डेढ़ सौ से अधिक गणमान्य मंदिर में उपस्थित रहे।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन का एक वर्ष आज 11 जनवरी (पौष शुक्ल-12) को पूरा हो गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय उत्सव शुरू हुआ है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया कि तीनों दिन कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

## उत्तर प्रदेश...

गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस सप्ताहव्यापी महोत्सव में देशभर से आए खादी और हथकरघा उत्पादों के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीएम योगी ने प्रत्येक स्टॉल का दौरा किया और उत्पादों की जानकारी ली। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी खादी को भारत का स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। सीएम योगी ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि भारत का स्वाभिमान है। महात्मा गांधी ने इसे एक आंदोलन बनाया, जिसने आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। चरखे ने देशवासियों को न केवल रोजगार का साधन प्रदान किया, बल्कि यह राष्ट्रीय आंदोलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बना। आज, आधुनिक युग में यह मैनुअल, सोलर और इलेक्ट्रिक चरखों के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि खादी न केवल एक कला है, बल्कि समाज की आवश्यकता भी है।

पर्यावरण संरक्षण और रोजगार का जरिया बनी माटी कला बोर्ड- योगी

महोत्सव में माटी कला बोर्ड द्वारा प्रस्तुत उत्पादों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी से बने बर्तनों ने थर्माकोल और प्लास्टिक का पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि माटी कला उद्योग से जुड़े प्रजापति समुदाय को तालाबों से मुफ्त मिट्टी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे वर्षभर बर्तन बना सकें। माटी कला न केवल रोजगार का साधन बनी है, बल्कि दीपोत्सव जैसे आयोजनों ने इसे हर घर की परंपरा में शामिल कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने शहद उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल एक लाभदायक व्यवसाय है, बल्कि तिलहनी फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाता है। उन्होंने इसे ''आम के आम, गुठली के दाम'' की संज्ञा दी और कहा कि मधुमक्खियां फसल उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार करती हैं।

स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का किया जा रहा प्रयास

मुख्यमंत्री योगी ने जोर देते हुए कहा कि सरकार ने खादी, माटी कला और अन्य उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए तंत्र विकसित किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन लाभार्थियों को सोलर या इलेक्ट्रिक चाक, चरखा आदि प्रदान किए गए हैं, वे अपनी आय का एक हिस्सा बचत के रूप में सुरक्षित रखें और अन्य लोगों को स्वावलंबन के मार्ग पर प्रेरित करें। उन्होंने का कि यह ''स्वावलंबन की चेन'' है। योगी ने कहा कि पिछले 7 वर्ष में 3.5 लाख से अधिक लोगों को अकेले इस विभाग ने खादी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाने में अपना योगदान दिया है।

आज त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को मिल रही प्राथमिकता- सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब लोग त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने चीन निर्मित उत्पादों के स्थान पर स्थानीय हस्तशिल्प और ओडीओपी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले त्योहार हमारा होता था सामान चीन से बिकने के लिए यहां पर आता था। वे लोग शरारत भी करते थे, उत्पादों में ऐसा जहर मिलते थे कि बच्चे छूते थे तो बीमार हो जाते थे, बहुत सारे लोगों की आंखों की रोशनी जाने का खतरा बना रहता था। स्थानीय उत्पाद न केवल हमारे कलाकारों को रोजगार देते हैं, बल्कि भारत के विकास में भी योगदान करते हैं।

कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को एक व्यापक मंच प्रदान करता है खादी महोत्सव

खादी महोत्सव को एक व्यापक मंच बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को अपनी कला प्रदर्शित करने और नई तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि देशभर के कलाकारों और उद्यमियों को एक मंच पर ला रहा है। मुख्यमंत्री ने खादी के अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग का उल्लेख करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि खादी और हथकरघा के उत्पाद पर्यावरण अनुकूल हैं और आधुनिक फैशन में भी लोकप्रिय हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि महाकुम्भ में 240 से अधिक स्टॉल खादी और ग्राम उद्योग के द्वारा वहां पर स्थापित किए गए हैं, जिसके माध्यम से खादी का प्रचार-प्रसार होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि खादी के वस्त्र ठंड के मौसम में गर्म होगा लेकिन गर्मियों में वही कपड़ा बॉडी को ठंडा रखता है। यही हमारे उत्पाद की पहचान है जो समय के अनुरूप हमें हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होता है। सीएम योगी ने कहा कि इस महोत्सव की तर्ज पर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी खादी और हस्तशिल्प की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने माटी कला के 5 लाभार्थियों को टूलकिट और प्रमाणपत्र वितरित किए। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर सहित कई गणमान्य अधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे।

## अपनी...

उन्होंने कहा कि भारत ने तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट.अप हब के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है और 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ यह नवाचार और उद्यमिता के भविष्य को आकार दे रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता है। श्री सिंह ने कहा कि युवा दिमागों को सरकार के प्रयासों के कारण देश में बनाए गए अवसरों के माहौल का सर्वोत्तम उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों से जीवन में किसी भी चुनौती से निपटने के लिए हमेशा तीन बातें याद रखने का आग्रह किया ईश्वर में विश्वास अपनी क्षमताओं पर भरोसा और सर्वोत्तम परिणामों की आशा।

उन्होंने कहा आज भारत खुद को सबसे मजबूत देशों में से एक के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे युवा नए आत्मविश्वास और ऊर्ज़ा के साथ देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। यदि आपके पास कोई विचार और कौशल है और आप कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हैंए तो आपके पास अवसरों या संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। आज भारत परिवर्तन नवाचार और गतिशीलता का गवाह बन रहा है। यह नवाचार और गतिशीलता और परिवर्तन की क्षमता है जो एक नेता और अनुयायी के बीच अंतर करती है।

श्री सिंह ने युवाओं से देश के इतिहास संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहने का आग्रह कियाए क्योंकि ये चुनौतियों और संदेह के समय में मूल्यवान सबक प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा जब आप व्यक्तिगत उपलब्धियों से आगे बढ़ते हैं और सामाजिक बेहतरी के बारे में सोचते हैं तो आप कुछ ऐसा हासिल करते हैं जो सुनिश्चित करता है कि आपको जीवन भर याद रखा जाए।

रक्षा मंत्री ने स्वामी विवेकानंद को भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की क्योंकि 12 जनवरी को उनकी जयंती मनायी जाती है और इसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और दृष्टि से प्रेरणा लेने का आग्रह कियाए उन्हें भारत का पहला श्वैश्विक युवा बताया।

संस्थाओं...

कोई भी एक संस्था अगर कमजोर होती है तो इसका नुकसान पूरे देश को होता है। संस्थाओं को मजबूत करना चाहिए। राज्यों और केंद्र को मिलकर काम करना चाहिए। उन्हें तालमेल के साथ काम करना चाहिए। जब राष्ट्रीय हित की बात आती है तो उन्हें एक.दूसरे के साथ तालमेल बिठाना चाहिए।

राष्ट्र के सामने आने वाले मुद्दों को नजर अंदाज करने के बजाय बातचीत और चर्चा के जरिए हल करने की जरूरत पर जोर देते हुए श्री धनखड़ ने कहा हम एक ऐसे देश में रह रहे हैं जहां विभिन्न विचारधाराओं का शासन होना निश्चित है। यह समाज में समावेशिता की अभिव्यक्ति है।

उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर बैठे सभी लोगों को संवाद बढ़ाना चाहिए और आम सहमति पर विश्वास करना चाहिए। उन्हें हमेशा विचार-विमर्श के लिए तैयार रहना चाहिए। देश के सामने मौजूद समस्याओं को पृष्ठभूमि में नहीं धकेला जाना चाहिए।

श्री धनखड़ ने कहा मैं सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेतृत्व से एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र और माहौल बनाने का आग्रह करता हूं जो औपचारिक अनौपचारिक संवाद चर्चा उत्पन्न कर सके। आम सहमति वाला दृष्टिकोण चर्चा हमारे सभ्यतागत लोकाचार में गहराई से निहित है।

उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवियों से मार्गदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। जब सामाजिक वैमनस्य और कोई समस्या हो तो बुद्धिजीवियों से सामंजस्य की अपेक्षा की जाती है। लेकिन बुद्धिजीवियों के गुट बन जाते हैं। वे ऐसे ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करते हैं जिन्हें उन्होंने पढ़ा नहीं होता। उन्हें लगता है कि अगर कोई खास व्यवस्था सत्ता में आती हैए तो ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना पद पाने का पासवर्ड है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की भर्ती एक समस्या है। कुछ कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। यह अच्छा नहीं है। देश में हर किसी को हक मिलना चाहिए और वह हक कानून में किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई भी उदारता संविधान निर्माताओं की कल्पना के विपरीत है।

श्री धनखड़ ने कहा कि लोक सेवा आयोगों में नियुक्ति संरक्षण या पक्षपात से प्रेरित नहीं हो सकती। कुछ प्रवृत्तियाँ दिखाई दे रही हैं। ऐसा कोई लोक सेवा आयोग अध्यक्ष या सदस्य नहीं रखा सकता है जो किसी खास विचारधारा या व्यक्ति से बंधा हो। ऐसा करना संविधान के ढांचे के सार और भावना को नष्ट करना होगा।

पेपर लीक पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री धनखड़ ने कहा यह एक खतरा है। आपको इसे रोकना होगा। अगर पेपर लीक होते रहेंगे तो चयन की निष्पक्षता का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। पेपर लीक होना एक उद्योग एक व्यापार बन गया है।

## केरल...

और मनोवैज्ञानिक देखभाल सहित आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। 3 दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। पथानामथिट्टा जिले में एक दलित लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पथानामथिट्टा बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लड़की ने आरोप लगाया है कि जब वह नाबालिग थी, तब पिछले 4 साल में 64 से ज़्यादा लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया। जानकारी के मुताबिक मामले की गंभरीता को देखते हुए पुलिस तुरंत हरकत में आई और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में जमकर एक्शन लेने लगी। लड़की के बयान के आधार पर हर केस में अलग ऽअलग एफआईआर दर्ज की जा रही है।

युवती ने खुद को एक खिलाड़ी बताया है। उसका कहना है कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। लड़की दो महीने पहले ही 18 साल की हो गई है। शुक्रवार को पथानामथिट्टा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव एन ने बताया कि किशोरी ने पहली बार स्कूल के काउंसलिंग सेशन के दौरान अपने साथ हुए यौन शोषण के बारे में बताया था। कोच-क्लासमेट पर आरोप के बाद बाल कल्याण समिति से संपर्क किया गया। फिर मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। अपने बयान में लड़की ने कहा कि पथानामथिट्टा में कई जगहों पर खेल कॉम्प्लेक्स सहित अन्य स्थानों पर उसके साथ रेप किया गया। अधिकांश आरोपित कोच, क्लासमेट और लड़की के घर के पास रहने वाले स्थानीय लोग हैं। जिले के विभिन्न पुलिस थानों में पोक्सो अधिनियम सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए। पथानामथिट्टा जिला पुलिस प्रमुख जांच की निगरानी कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़...

रवाना हुए थे। कच्चापाल-कुतुल मुख्य मार्ग जंगल पर 5 किलो से अधिक वजन वाले 4 आईईडी को खोजकर सुरक्षा बलों एवं बीडीएस टीम द्वारा उसे निष्क्रिय किया गया। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से माओवादियों ने आईईडी लगाया गया था।

उल्लेखनीय है कि इसी जगह पर 10 जनवरी की सुबह विस्फोट से एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हुआ और दो ग्रामीण बाल बाल बचे।

## भाजपा...

घटनाओं में बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ शामिल रही हैं, अब आआपा के साथ मिल गई हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में फर्जी वोटों की जांच में पता चला है कि फर्जी आधार कार्ड बनाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोटर बनाए जा रहे हैं। आआपा देश विरोधी ताकतों का समर्थन ले रही है। अरविंद केजरीवाल के देश विरोधी ताकतों से प्रेम का राज क्या है उन्हें पूर्वांचली लोगों से नफरत है।उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को आआपा के संयोजक केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर हेराफ़ेरी करवा रही है और स्थानीय चुनाव अधिकारी भाजपा के सामने घुटने टेक दिए हैं।

## मादक ...

5 फरवरी वह दिन है जब दिल्लीवालों को 'आप-दा' से मुक्ति मिलेगी। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया, उन्होंने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आम आदमी पार्टी दिल्ली के लिए 'आप-दा' बन गई है लेकिन केजरीवाल आम आदमी पार्टी के लिए 'आप-दा' बन गए हैं। दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले लोगों को गंदा पानी मिल रहा है। झुग्गियों में रहने वाले लोग हमसे पूछ रहे हैं कि दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर क्यों है। केजरीवाल को आड़े हाथों लेते हुए शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में क्या किया है केजरीवाल अगर आप कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो आपको सरकार छोड़ देनी चाहिए, सारा फायदा भाजपा देगी। केजरीवाल अकेले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने जेल जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं दिया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं। हमने वादा किया कि अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे, हमने प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनवाया। हमने कहा था कि अनुच्छेद 370 हटाएंगे, जिसे समाप्त भी कर दिया। एक-एक झुग्गी वालों को पक्का मकान देने का काम भाजपा करेगी। ये मोदी की गारंटी है। हमने 10 साल में गरीब कल्याण के सारे काम जमीन पर उतारे। 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो मुफ्त अनाज देने का काम किया। साढ़े 3 करोड़ गरीबों को घर दिया। 10 करोड़ से ज्यादा गरीबों को गैस का सिलेंडर दिया। इसी तरह बिजली और शौचालय भी हर गरीब के घर देने का काम किया और आम आदमी पार्टी ने तो गरीबों के घर की जगह अपना शीश महल बनवाने का काम किया। उन्होंने दिल्ली वालों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद एक भी गरीब कल्याण की योजनाएं बंद नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के झूठे झांसे में नहीं आना है। झूठ, फरेब, धोखा और वादा-खिलाफी... ये चारों केजरीवाल के गुण हैं और आप-दा इन्होंने दिल्ली की जनता को भेजी है। अमित शाह ने दिल्ली प्रदेश भाजपा को हृदय से बधाई देते हुए कहा कि 'झुग्गी बस्ती संवाद अभियान' के माध्यम से पूरे देश में पार्टी ने एक अनोखा इतिहास रचा है। 26 सप्ताह तक दिल्ली की हर झुग्गी बस्ती में जाकर लोगों के दर्द, पीड़ा, असुविधाओं और वादाखिलाफी से उपजे गुस्से और हताशा को सुनने का काम किया है।

## अयोध्या...

मात्र एक देव मंदिर नहीं है ये भारत की दृष्टि, दर्शन और दिग्दर्शन का मंदिर है। ये राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। ये भव्य राम मंदिर भारत के उत्कर्ष, उदय, अभ्युदय, विकसित भारत का साक्षी बनेगा। ये मंदिर सिखाता है कि अगर लक्ष्य सत्य प्रमाणिक हो, सामूहिकता, संगठित शक्ति से जन्मा हो तब उस लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव नहीं है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा हो राष्ट्र अतीत के हर दंश से हौसला लेता हुआ राष्ट्र ऐसे ही नव इतिहास का सृजन करता है।

## प्रधानमंत्री...

हिमस्खलन-प्रवण गगनगीर-सोनमर्ग सड़क को बाइपास करेगी। सुरंग का नाम सड़क के 'जेड-आकार' वाले हिस्से के नाम पर रखा गया है जो पिछले मार्ग पर घंटों की तुलना में यात्रा के समय को घटाकर सिर्फ 15 मिनट कर देती है। स्थानीय निवासियों सलीम कादरी, मीर आफताब और मोहम्मद असगर ने इसके लिए अपना आभार व्यक्त किया और कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इसके निर्माण के बाद सोनमर्ग-लद्दाख सड़क अब पूरे साल खुली रहेगी। उन्होंने कहा कि सर्दियों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए ऐसे मार्ग पहाड़ी राज्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि लोग खुश हैं और हम केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हैं। लद्दाख एक सीमावर्ती क्षेत्र है, इसलिए रक्षा के लिए सामान्य सामान जो हवाई मार्ग से ले जाया जाता था। अब इस सुरंग के निर्माण और उद्घाटन के बाद इसे सड़क मार्ग से ले जाया जा सकता है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री 13 जनवरी को इसका उद्घाटन करने जा रहे हैं। केंद्र सरकार विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसके साथ कई पहल की हैं। यह सुरंग, आसन्न ज़ोजी-ला सुरंग के साथ, बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख जैसे क्षेत्रों को मौसम-प्रूफ कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। बुनियादी ढांचा न केवल सैन्य रसद को बढ़ाएगा बल्कि पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

वर्ष 2018 में शुरू हुई ज़ेड-मोड़ सुरंग इस क्षेत्र में विकसित की जा रही 31 सड़क सुरंगों में से एक है जो 20 जम्मू और कश्मीर में और 11 लद्दाख में। ज़ेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन क्षेत्र में संपर्क सुधारने और विकास को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है जो इसके भू-रणनीतिक और आर्थिक महत्व को और मजबूत करता है।---

## दिल्ली...

उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की आशंका है। हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में ठंडे दिन की स्थिति बने रहने की संभावना है। पंजाब के कुछ स्थानों में 12 और 13 जनवरी को रात एवं सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

हरियाणा-चंडीगढ़ के कुछ स्थानों में 12 और 13 जनवरी को रात एवं सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

घने कोहरे की चेतावनी

मौसम विभाग ने 12 और 13 जनवरी को पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में रात और सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना जताई है। 12 जनवरी तक राजस्थान और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में, 14-16 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों में रात एवं सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। 12-16 जनवरी के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश को घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 12 तारीख तक पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाके, 12-14 जनवरी के दौरान बिहार, 12-16 तारीख के दौरान असम और मेघालय, 13-15 तारीख के दौरान छत्तीसगढ़, 14 तारीख तक उप पश्चिम बंगाल और सिक्किम में घना कोहरा छाने की संभावना है।

तापमान का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना नहीं है और उसके बाद 2 दिनों के दौरान लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट, उसके बाद लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। अगले 2 दिनों के दौरान मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा। अगले 3 दिनों के दौरान पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि और उसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है। अगले 5 दिनों के दौरान पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

मछुआरों के लिए चेतावनी

श्रीलंका तट के उत्तर में बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम, मन्नार की खाड़ी और आसपास के कोमोरिन क्षेत्र में 35 किमी प्रति घंटे से 45 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है। मछुआरों को इन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है।

# प्रयाग के पंडों के पास है गांधी, नेहरू और पटेल की वंशावलियों का लेखा जोखा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक महाकुंभ मेला 13 जनवरी से प्रयाग में शुरू हो जाएगा। देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में तीर्थयात्री संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाएंगे। कुंभ मेले में 3 नदियों का संगम, नागा संन्यासी, लाखों की संख्या में कल्पवासी और संगम की रेती में बने टेंट की भव्यता देखने लायक होती है। इसके अलावा कुंभ मेले में कई सदियों पहले आने वाले देश-विदेश से तीर्थ यात्रियों का पूरा लेखा जोखा रखने वाले पंडा समाज भी सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचता है। सदियों पुरानी वंशावली को खोजने के मामले में तो प्रयाग के पंडों के सामने आधुनिक तकनीक और सर्च इंजन भी फ़ेल हो जाता है। इन पंडा समाज के पास उन सभी का लेखा-जोखा मिल जाता है तो कभी न कभी सदियों सालों पहले प्रयाग आए हुए होंगे। प्रयाग के पंडों के पास देश के प्रसिद्ध नेताओं गांधीजी, नेहरू, पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद आदि की वंशावलियां का रिकार्ड है। इन पंडों के पास कई पीढ़ियों के हस्तलिखित दस्तावेज आज भी मौजूद हैं, जो इसकी प्रामाणिकता और मौलिकता को अधिक बल देते हैं। प्रयागराज के कीडगंज में रहने वाले पीली कोठी वाले पंडा जी ने बताया कि हम बहुत ही वैज्ञानिक तरीके से अपने यजमानों का साक्ष्य (सबूत) रखते हैं। हमारी पांचवी पीढ़ी अब यह कार्य कर रही है। यानी पांच पीढ़ियों से लगातार हम इस कार्य में अग्रसर हैं। पेटी हमारा अनमोल खजानापण्डा गगन भारद्वाज ने बताया कि, झण्डे पर बना निशान हमारी पहचान है, इसके साथ ही इस पेटी पर लिखा शब्द हमारा ट्रेडमार्क है यह पेटी




हमारा अनमोल गहना है, क्योंकि इसमें हम अपने जजमानों का लेखा-जोखा रखते हैं। हमारा यजमान कौन है यह हम उनके क्षेत्रीय भाषा और पहनावे के हिसाब पहचान लेते हैं। उसके बाद हम उनके दादा, परदादा तक के हस्ताक्षार अपने पोथी में दिखा कर बता देते हैं कि हम ही आपके यहां के कुल पुरोहित हैं। रजिस्टर में रखते हैं यजमान का पूरा लेखा जोखाइन पण्डों का क्षेत्र भी बहुत बड़ा है और यजमान ज्यादा होने के कारण ये एक रजिस्टर में अपने यजमानों के पूरे खानदान को लेखा-जोखा रखते हैं। यजमानों का स्थान और जाति का नाम सुनते ही वो उनके पिता, दादा, परदादा का नाम तुरंत बता देते हैं। इस रजिस्टर में कम से कम 150 वर्षों का रिकार्ड दर्ज है। मुनीम तैयार करता है पोथीयही नहीं अपने पोथी को तैयार रखने के लिए एक मुनीम रखते हैं, जिसका प्रमुख कार्य आने वाले यजमानों की सूची तैयार करना होता है। खास बात तो यह कि आज भी ये पण्डे हिन्दू कैलेंडर का उपयोग करते हैं। पण्डों के पास आने वाले यजमानों को दिक्कत न हो इसके लिए वे स्टेशनों पर सेवक रखते हैं, जो यजमानो को पुरोहित के पास सकुशल पहुंचा देते हैं। पंडों के पास 500 वर्षों की वंशावलियों है सुरक्षितप्रयाग के पंडों के पास 500 वर्षों की वंशावलियों के ब्योरे बही खातों में पूरी तरह सुरक्षित हैं, जिसे हम कभी भी देख सकते हैं। इस पंडों के पास आज भी महात्मा गांधी, सरदार पटेल, पंडित जवाहर लाल नेहरू, डाक्टर राजेंद्र प्रसाद, आचार्य नरेंद्र देव, सुचेता कृपलानी के वंशावली की दस्तावेज मौजूद है। पलभर भी ही ये पंडे अपने बही खाते से अपने यजमान की सारी जानकारी बता देते हैं। यजमानों के तीन दस्तावेज करते हैं तैयारपंडा मातादीन ने बताया कि, पंडा समाज यजमानों के लेखे जोखे के विवरण के लिए तीन दस्तावेज तैयार करते हैं। पहली दस्तावेज घर में सुरक्षित रखते हैं। दूसरे दस्तावेज यजमानों को दिखाई जाती है। तीसरी तीर्थ स्थल पर लोहे के संदूक में रखी जाती है। भगवान राम के पंडों के हैं यहां वंशजपंडा अजय कुमार के अनुसार, प्रयाग में ऐसे पंडों का वंशज आज भी यहां पर मौजूद है जिन्होंने भगवान राम के पिता का पिंडदान किया था और उन्हें रघुकुल का पुरोहित माना गया।

## नागा और अघोरी साधुओं की जीवनशैली और साधना में होता है अंतर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। अखाड़ों के छावनी प्रवेश से लेकर, कल्प?वासियों और श्रद्धालुओं का संगम की पवित्र भूमि पर आना लगातार जारी है। 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में पुण्य का भागी बनने के लिए देश और दुनिया के कोने-कोने नागा और अघोरी साधु भी पहुंच रहे हैं। अक्सर नागा और अघोरी साधु को एक ही मान लिया जाता है। सनातन धर्म की अखाड़ा व्यवस्था में नागा साधुओं को धर्म का रक्षक माना जाता है, जबकि अघोरी साधु अपनी अद्भुत और रहस्यमयी प्रथाओं के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, इन दोनों के तप करने के तरीके, जीवनशैली, ध्यान और आहार में भिन्नता होती है, लेकिन यह सत्य है कि दोनों ही शिव की आराधना में संलग्न रहते हैं। 12 वर्षों की कठोर तपस्यानागा साधुओं और अघोरी बाबाओं को अत्यंत कठिन परीक्षाओं का सामना करना पड़ता है। साधु बनने के लिए इन्हें लगभग 12 वर्षों की कठोर तपस्या करनी होती है। अघोरी बाबा श्मशान में साधना करते हैं और उन्हें वर्षों तक वहीं समय बिताना पड़ता है। धर्म के रक्षक नागा साधु'नागा' शब्द की उत्पत्ति के संबंध में कुछ विद्वानों का मानना है कि यह संस्कृत के 'नागा' से आया है, जिसका अर्थ 'पहाड़' होता है। नागा साधुओं का मुख्य उद्देश्य धर्म की रक्षा करना और शास्त्रों के ज्ञान में निपुण होना है। वे अखाड़ों से जुड़े हुए होते हैं और समाज की सेवा करते हैं साथ ही धर्म का प्रचार करते हैं। ये साधू अपनी कठोर तपस्या और शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। नागा साधु अपने शरीर पर भस्म लगाते हैं। नागा साधु धर्म और समाज के लिए काम करते हैं। मानव खोपड़ी अघोरी साधुओं की खास निशानीअघोरी शब्द का अर्थ संस्कृत में 'उजाले की ओर' होता है। अघोरी साधुओं को भगवान शिव का अनन्य भक्त माना जाता है। वह हमेशा अपने साथ एक मानव खोपड़ी रखते हैं, जो उनकी भक्ति का प्रतीक है।

## महाकुम्भ में वन नेशन वन इलेक्शन पर 18 जनवरी को आयोजित होगा व्याख्यान

**पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ प्रयागराज के मेला परिसर में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के साथ ही समसामयिक विषयों पर भी विमर्श और व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाकुम्भ में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा आयोजित व्याख्यान की श्रृंखला में 'वन नेशन वन इलेक्शन-आर्थिक राजनीतिक सुधार एवं विकसित भारत के संदर्भ में' विषय पर 18 जनवरी को व्याख्यान आयोजित होगा, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी शनिवार को मिशन के शिविर प्रभारी डॉ सनी सिंह ने दी। मिशन के शिविर स्थल पर व्याख्यान की श्रृंखला में सात विषयों पर व्याख्यान आयोजित होने हैं। प्रथम व्याख्यान 12 जनवरी को 'स्वामी विवेकानंद सनातन धर्म की वैश्विक दृष्टि', द्वितीय व्याख्यान 17 जनवरी को 'भारत की गौरव गाथा बनाम आत्महीनता की भावना', तृतीय व्याख्यान 18 जनवरी को 'वन नेशन वन इलेक्शन - आर्थिक राजनीतिक सुधार एवं विकसित भारत के संदर्भ में', चतुर्थ व्याख्यान 20 जनवरी को 'वैश्विक आतंकवाद समाधान - भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में', पंचम व्याख्यान 25 जनवरी को 'भारत की अखंडता भौगोलिक और राजनैतिक चुनौतियां', छठवां व्याख्यान 31 जनवरी को 'लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में' और सातवां व्याख्यान 6 फरवरी को 'सोशल मीडिया पर निजता और सुरक्षा युवाओं के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर आयोजित होगा। व्याख्यान की श्रृंखला में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान आयोजित होंगे। इनमें ख्यातिलब्ध और विषय विशेषज्ञ विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपनी राय रखेंगे।

## नागा साधु : रहस्यमयी जीवन और कठोर तपस्या का अद्भुत संगम

**महाकुंभ में श्रद्धालुओं के बीच मुख्य आकर्षण बने नागा साधु**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुंभनगर। महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज में पूरे भव्य स्वरूप में होने जा रहा है। इस आयोजन में जहां सनातन धर्म और आध्यात्म का ज्वार देखने को मिलेगा, वहीं नागा साधु श्रद्धालुओं के बीच मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। कुंभ मेले में नागा साधुओं की मौजूदगी इस आयोजन को अद्वितीय और विशेष बनाती है। इनका रहस्यमयी जीवन, कठोर तपस्या और अद्वितीय परंपराएं हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। नागा साधु न केवल भारतीय बल्कि विदेशी श्रद्धालुओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र होते हैं। इनका जीवन और परंपराएं एक रहस्य की तरह लगती हैं। कुंभ मेले में नागा साधु पहली बार इतने करीब से देखने का अवसर मिलता है। उनकी साधना, वेशभूषा और तपस्या को लेकर श्रद्धालु गहरे कौतूहल में रहते हैं। विदेशी पर्यटक नागा साधुओं के साथ



सेल्फी लेने और वीडियोग्राफी करने के लिए उत्सुक नजर आते हैं। नागा साधुओं की परंपरा का इतिहास प्राचीन सिंधुघाटी सभ्यता से जुड़ा माना जाता है। यह परंपरा आठवीं शताब्दी में आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित की गई थी। शंकराचार्य ने नागा साधुओं को शस्त्र और शास्त्र दोनों में प्रशिक्षित किया ताकि धर्म और संस्कृति की रक्षा की जा सके। मुगलों और अहमद शाह अब्दाली के खिलाफ उनके योगदान को भी इतिहास में विशेष स्थान दिया गया है। 'नागा' शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ पर्वत या नग्नता से जुड़ा है। यह साधु भगवान शिव के अनुयायी हैं और इनकी परंपरा दसनामी संप्रदाय और नाथ परंपरा से जुड़ी हुई है। नागा साधु पूरी तरह से सांसारिक मोह-माया का त्याग करके कठोर तपस्या में लीन रहते हैं। ब्रह्मचर्य पालनः नागा साधु बनने की पहली शर्त ब्रह्मचर्य का पालन है। इच्छुक व्यक्ति को अपने परिवार और सांसारिक जीवन का पूर्ण त्याग करना होता है। पिंडदान और दीक्षाः नागा साधु बनने की प्रक्रिया में पिंडदान किया जाता है, जो सांसारिक जीवन से मुक्ति का प्रतीक है। इसके बाद दीक्षा और यज्ञोपवीत संस्कार होते हैं। कठोर तपस्याः नागा साधु बनने के लिए 12 वर्षों तक कठोर तपस्या करनी पड़ती है। इस दौरान साधु को तप, संयम और अखाड़े की परंपराओं का पालन करना होता है। वेशभूषा और भस्म का लेपः नागा साधु कपड़े नहीं पहनते और अपने शरीर पर भस्म का लेप लगाते हैं। यह भस्म उन्हें भगवान शिव का प्रतीक मानती है। कठोर आहार नियम : नागा साधु दिन में केवल एक बार भोजन करते हैं और सात घरों से भिक्षा मांग सकते हैं। यदि उन्हें भिक्षा नहीं मिलती, तो वे भूखे रह जाते हैं। आत्मनियंत्रण और संयम : उनका जीवन संयम और आत्मनियंत्रण का प्रतीक है। वे कठोर तपस्या के माध्यम से अपने मन और शरीर को साधते हैं। नागा साधु न केवल आध्यात्मिक बल्कि शारीरिक रूप से भी मजबूत होते हैं। वे युद्ध कला में निपुण होते हैं और धर्म की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। उनके पास तलवार, भाला और अन्य शस्त्रों का ज्ञान होता है।

## श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा से महंत कौशल किशोर 7 वर्ष के लिए निष्कासित

महाकुम्भ नगर। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा की महासभा ने सर्वसम्मति से महंत कौशल किशोर को जूना अखाड़ा से 7 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। नाबालिग रेखा को शिष्या बनाने पर महंत कौशल किशोर के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। यह जानकारी शनिवार को श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि जूना अखाड़ा की यह परम्परा व नियम है कि किसी भी नाबालिग को शिष्य नहीं बनाया जा सकता है। बालिग होने पर ही किसी को शिष्य बनाया जा सकता है। आगरा निवासी रेखा जो पिछले दिनों ही साध्वी बनी, उसकी अभी उम्र 13 वर्ष ही है। वह अभी नाबालिग है फिर भी महंत कौशल किशोर ने उसे शिष्या बना लिया। ऐसा करके महंत कौशल किशोर ने जूना अखाड़ा की परम्परा व नियम को भंग किया। इसी कारण श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा की महासभा ने सर्वसम्मति से महंत कौशल किशोर को जूना अखाड़ा से सात वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया।

# दिल्ली/बिहार

## राजद राजनीतिक पार्टी नहीं, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है: गिरिराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज यहां लालू यादव द्वारा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार प्रोजेक्ट करने पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि राजद राजनीतिक पार्टी नहीं, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक पार्टी राजद है, उसके वे चेयरमैन हैं, जिसे कंपनी में सीएमडी कहते हैं। इस तरह लालू यादव की पार्टी राजद पार्टी नहीं, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीएमडी लालू यादव हैं। जैसे रतन टाटा ने किसी को नियुक्त किया था, उसी तरह इन्होंने भी नियुक्त किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जंगल राज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने नए एमडी का अपॉइंटमेंट किया है तेजस्वी यादव के रूप में। यह कोई बड़ी बात नहीं है। बिहार में सब यादव बेकार हैं। एकमात्र लालू प्रसाद यादव के परिवार में ही योग्यता है। इसलिए उन्होंने ऐसा किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है परिवारवाद, पराकाष्ठा है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद के महाकुंभ में पापी लोगों के आने की बात कहने पर भी गिरिराज सिंह ने जोरदार तंज कसा। गिरिराज ने कहा कि देश का



दुर्भाग्य है कि वोट के ठेकेदार मुसलमानों का वोट पाने के लिए बयान दे रहे हैं। चाहे अखिलेश यादव की पार्टी हो, चाहे लालू यादव की पार्टी हो या राहुल गांधी की पार्टी हो, कुंभ के माध्यम से मुसलमानों को खुश करना चाहते हैं। गिरिराज ने कहा कि कुंभ में हिंदुओं को गाली देकर मुसलमानों का वोट बटोरना चाहते हैं और ऐसे ही लोगों के कारण देश अंजाम भुगत चुका है। पहले भी इतिहास लोगों को मालूम है कि नादिर शाह कैसे आया था लेकिन हिंदुओं और सनातनियों की संस्कृति इतनी मजबूत है कि जितना इस पर अटैक करेंगे, उतना ही मजबूत होगा। जिसको जितना गाली देना है हिंदुओं को गाली दे, मैं तो कहूंगा भारत के सनातनियों से कि अब समय आ गया है भारत के सनातनी और हिंदू अब एक हो, नहीं तो यह वोट के सौदागर..बंटोगे तो कटोगे करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा भाजपा को गाली देने वालों को सीएम प्रोजेक्ट करने की बात कहे जाने पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इसकी चिंता क्यों करती है। आआपा में सारे भ्रष्टाचारियों की जमात खड़ी है। अरविंद केजरीवाल पत्नी को प्रोजेक्ट करना चाहते हैं और बिहारी को, पूर्वांचलों को गाली दे रहे हैं, इस बार पता चल जाएगा। बांग्लादेशी और रोहिंग्या को यह वोट बैंक बनाकर जीतना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को सत्ता में आने के बाद इसके खिलाफ जिस काम को शुरू किया है, उसे पूरा करेगी।

## युवा जदयू के प्रदेश महासचिव दोबारा बने गणेश गौरव पान

सहरसा। प्रदेश जनता दल (यू) युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के मार्गदर्शन में युवा प्रदेश संगठन के नव मनोनीत पदाधिकारी की घोषणा की गई। नीतीश यानी मिशन 2025 और लक्ष्य 225 को साकार करने हेतु युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए युवा जदयू द्वारा कहरा निवासी मुखिया प्रतिनिधि सदस्य जिला 20 सूत्री सहरसा युवा नेता गणेश गौरव पान को दोबारा प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पूर्व वे जदयू कहरा प्रखंड अध्यक्ष व सहरसा जिला युवा अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं और दोबारा युवा नेता गणेश गोरब पान को युवा प्रदेश महासचिव का महत्वपूर्ण संगठनीतिक दायित्व दिया गया है। इस मनोनयन पर गणेश गौरव पान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है । उन्होंने कहां की मुझे प्रदेश संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे बखुबी निभाउंगा पार्टी को पूरी मुस्तैदी एवं इमानदारी से मजबूत करूंगा। मैं ह्रदय तल से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री संजय कुमार झा बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सांसद दिनेश चंद्र यादव, मंत्री रत्नेश सादा युवा प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल, विधायक गुंजेश्वर साह, जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा ने 'शीशमहल' पर गीत किया लॉन्च और 'आप-दा ए आजम' नाम से पोस्टर भी जारी किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में ''शीशमहल आपदा फैलाने का अड्डा'' टाइटल से एक गीत जारी किया। उन्होंने कहा कि यह गीत अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार और दिल्ली के टैक्स पेयर्स के पैसों को लूट कर बनाए गए शीशमहल की कहानी बयां करता है। उन्होंने इसके साथ ही पार्टी का तुरंत ही ''आप-दा ए आजम'' पोस्टर भी जारी किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली को नज़र लग गई है और जो शख्स दिल्ली को संभालने, दिल्ली में परिवर्तन करने की बात करते थे, उन्होंने खुद का परिवर्तन किया। सचदेवा ने कहा कि मुगलों का राज जब दिल्ली में था तो लोग महल देखने आते थे लेकिन दिल्ली के आप-दा वाले आजम ने जो महल बनाया, वह दिल्ली के खून पसीने को लूटकर एक शीशमहल बनाया, जो आज दिल्ली के माथे पर कलंक है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली वाले के सामने शीशमहल है





लेकिन उसके बावजूद रोज उसे छुपाने की कोशिश हो रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल को आप-दा-ए- आजम की संज्ञा देते हुए कहा कि दिल्ली को लूटने और उन्हें बर्बाद करने का काम अरविंद केजरीवाल ने किया है। आज दिल्ली की जनता विकास ढूंढ रही है लेकिन अरविंद केजरीवाल विकास कार्य बताने की जगह उन्हें गाली देने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, प्रदेश प्रवक्ता विक्रम मित्तल एवं सोशल मीडिया प्रमुख डॉ रोहित उपाध्याय भी उपस्थित थे।

## श्रम विभाग का छह सदस्यीय जांच दल ने की श्रम चोरी मामले की जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अररिया। ऑल इंडिया फूड एंड एम्पलाइज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) स्थित बिहार राज्य भंडार निगम के दर्जनों मजदूर मानदेय बढ़ाए जाने की मांग को लेकर एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।हड़ताली मजदूर एक सप्ताह से अधिक समय से एफसीआई गोदाम के मुख्य दरवाजे को जामकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को श्रम संसाधन विभाग के श्रम अधीक्षक की ओर से गठित छह सदस्यीय जांच दल धरना स्थल पर पहुंचकर मजदूरों से श्रम चोरी के मामले को लेकर जांच की और मजदूरों से बातचीत की। सीपीएम के सचिव प्रमोद सिंह के द्वारा श्रम संसाधन विभाग में श्रम चोरी के मामले को लेकर आवेदन दिया था।जिसके आलोक में श्रम अधीक्षक की ओर से छह सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया। जांच दल में अररिया के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमर ज्योति,फारबिसगंज के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमर कुमार राय,कुर्साकांटा के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सौरभ प्रभाकर,रानीगंज के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, राजेश कुमार,नरपतगंज के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ममता कुमारी और जोकीहाट के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमित कुमार कश्यप शामिल हैं,जिन्होंने आकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे मजदूरों से बातचीत की और पूरे प्रकरण की जांच की।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063